CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

नई दिल्ली, मंगलवार 19 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 137 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नकली खाद व बीज की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी पेज 2



डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज खेल टाइम्स



बिहारी जी कॉरिडोर का विवाद सम्पादकीय



यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगा: ट्रम्प पेज 12

### गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे कई जगहों से टूटने की वजह से बंद

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश जारी है। हिमाचल में 3 दिन से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन समेत तीन राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रदेश की 400 सड़कें बंद हैं। उत्तराखंड में गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे कई जगहों से बहने और टूटने की वजह से बंद है। मप्र के इंदौर में सोमवार दोपहर भारी बारिश से निर्माणाधीन पानी की टंकी की दीवार गिर गई। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं और जांच की बात कही है। मुंबई और आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह से तेज बारिश जारी है। कई इलाकों में पानी भर गया है। इसके चलते सड़कों पर लंबा जाम लगा हुआ है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने मुंबई के सभी स्कूल और कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी है। लोगों से अपील की है कि बहुत जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें। मुंबई में मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटे बहुत ज्यादा बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### दिल्ली के 3 स्कूलों व एक कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के तीन स्कूलों दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) द्वारका, मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल द्वारका और ग्रेटर कैलाश स्थित ब्लू बेल्स स्कूल तथा एक कॉलेज को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी भरी कॉल और ईमेल मिली है। इसके अलावा सागरपुर स्थित दीप मॉडल स्कूल को भी धमकी भरा मेल मिला है। धमकी के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने बताया कि सोमवार सुबह सात बजकर 24 मिनट पर कंट्रोल रूम को बम धमकी की सूचना मिली थी। स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद स्कूल परिसर खाली करा लिए गए थे। बम की सूचना मिलते ही पुलिस, बम स्क्वाड और दमकल विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंच कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

### भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने से कोई ताकत नहीं रोक सकती: गोयल

**लंदन/मुंबई।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन के मद्देनजर 100 दिन के परिवर्तनकारी एजेंडा पर काम करेगी और देश को विकसित राष्ट्र के लक्ष्य से कोई ताकत नहीं रोक सकती। श्री गोयल ने यह भी कहा कि भारत दुनिया के सबसे अधिक मांग वाले उपभोक्ता बाजार और शीर्ष निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। लोकमत वैश्विक आर्थिक सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार भारत को तेजी से विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अगले 100 दिनों के परिवर्तनकारी एजेंडे पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने देश को तीव्र गति से विकसित बनाने का एक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में विपक्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने की खड़गे के कक्ष में बैठक के दौरान चर्चा

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार करने के लिए बैठक की।

सूत्रों के मुताबिक, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में कई विपक्षी नेताओं ने बैठक की और इस बात पर चर्चा की कि कैसे मुख्य चुनाव आयुक्त ने रविवार को उनकी ओर से उठाए गए किसी भी सवाल का जवाब दिए बिना एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। कुछ विपक्षी सांसदों का मानना है कि इस लड़ाई को आगे बढ़ाया जाना चाहिए और उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने का सुझाव दिया। हालांकि, यह कदम चर्चा के चरण में है। विपक्षी दल फिर से मिलेंगे और इस पर आगे चर्चा करेंगे। दरअसल, एक दिन पहले यानी रविवार को ही चुनाव आयोग ने एक बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि कुछ लोगों की तरफ से पीपीटी प्रेजेंटेशन में दिखाए आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं। उन्होंने साफ और स्पष्ट शब्दों में कहा था कि वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगें। तीसरा कोई विकल्प नहीं है। अगर सात दिन में हलफनामा नहीं मिला, तो आरोपों को निराधार समझा जाएगा। वोट चोरी के आरोपों के बीच विपक्षी दल संसद के मानसून सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ -**शेष पृष्ठ दो पर**

### महाराष्ट्र- हरियाणा का चुनाव भाजपा ने चोरी से जीता: राहुल गांधी

**औरंगाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकारी यात्रा का सोमवार को दूसरा दिन था। औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि अभी केवल मैंने इनकी चोरी पकड़ी है आने वाले समय में पूरी देश की जनता इनसे इनकी चोरी पर सवाल करेगी। बिहार में यह एसआईआर करके वोटों की चोरी करना चाहते हैं। एसआईआर का मतलब है नए तरीके से चोरी करना। नरेंद्र मोदी चोरी करके चुनाव जीते हैं, लेकिन बिहार की जनता यहां इनकी चोरी नहीं चलने देगी।

### कोच्चि में टेकऑफ से पहले एयर इंडिया प्लेन में खराबी

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर रविवार रात एयर इंडिया के प्लेन में टेकऑफ से पहले खराबी आ गई। फ्लाइट कोच्चि से दिल्ली जाने वाली थी। कोच्चि इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी। एयर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि फ्लाइट संख्या एआई504 में उड़ान भरने के दौरान तकनीकी खराबी का पता चला।

# ट्रैफिक जाम 12 घंटे तक रहे तो टोल क्यों दें: सुप्रीम कोर्ट

## टोल वसूली पर NHAI की याचिका को लेकर शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें केरल हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी।

हाईकोर्ट ने त्रिशूर जिले के पालएक्कारा टोल प्लाजा पर टोल वसूली को रोक दिया था। यह फैसला इसलिए लिया गया था, क्योंकि एनएच 544 (एडप्पल्ली- मान्नुथी हाईवे) की हालत खराब थी और यहां लंबे समय से भारी ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान पूछा कि जब लोगों को 12-12 घंटे तक जाम में फंसना पड़ रहा है, तो उनसे टोल वसूलने का क्या -**शेष पृष्ठ दो पर**

### डेलकर की कथित आत्महत्या से संबंधित याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सात बार के सांसद मोहन डेलकर की 2021 में कथित आत्महत्या के मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने मृतक के बेटे अभिनव मोहन डेलकर द्वारा उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज की।



### प्रशिक्षु सैन्य कैडेटों के सेवामुक्त होने पर बीमा लाभ देने पर विचार करे केंद्र

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों में कमीशन अधिकारी बनने के लिए कठोर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैडेटों को दिव्यांगता या गंभीर चोट लगने से संबंधित किसी भी आपातस्थिति से निपटने के लिए उन्हें बीमा दायरे में लाने की संभावना तलाशने के मामले में स्वत: संज्ञान सुनवाई करते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने एक अंग्रेजी दैनिक अखबार के एक लेख पर स्वत: संज्ञान कार्यवाही करते हुए केंद्र सरकार को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया।

### पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शिक्षा विभाग की नौकरी में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित मामले में तीन साल से जेल में बंद पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और अन्य दो लोगों को सोमवार को राहत दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने कहा कि सीबीआई की ओर से दर्ज इस मामले में निचली अदालत द्वारा दो माह के भीतर महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। पीठ ने इस मामले में पश्चिम बंगाल के शिक्षा विभाग के अधिकारी सुबीरेश भट्टाचार्य और शांति प्रसाद सिन्हा की भी जमानत मंजूर कर उन्हें राहत दी। शीर्ष अदालत ने राहत देते हुए इस तथ्य पर गौर किया कि चटर्जी लगभग तीन साल से जेल में बंद हैं।


# पुतिन ने मोदी से की फोन पर बात

शाह टाइम्स ब्यूरो

## रूसी राष्ट्रपति ने ट्रम्प से मुलाकात की जानकारी साझा की, पीएम मोदी ने कहा: यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का समर्थन करता है भारत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान करता रहा है और वह इस दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है। श्री मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद यह बात कही।

उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे मित्र, राष्ट्रपति पुतिन को उनके फोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी हालिया मुलाकात के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद। भारत ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोन पर बात की है और उन्हें अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी मुलाकात के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया और इस संबंध में सभी प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर भी चर्चा की।



### शुभांशु शुक्ला ने मोदी से की मुलाकात लोकसभा में विशेष चर्चा का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में जाकर इतिहास रचने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार शाम को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने गले लगाकर शुभांशु शुक्ला का हौसला बढ़ाया। साथ ही उनकी उपलब्धि की सराहना की। इस दौरान शुभांशु शुक्ला ने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा और उनके अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने पीएम मोदी को अपने प्रयोगों से भी अवगत कराया। सरकार ने सोमवार को लोकसभा में एक विशेष चर्चा का प्रस्ताव रखा है। यह चर्चा शुभांशु की भारत वापसी को चिह्नित करने के लिए आयोजित की जा रही है। लोकसभा में होने वाली चर्चा का विषय है, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत का पहला अंतरिक्ष यात्री-विकसित भारत 2047 के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की भूमिका।

# उप्र में स्कूलों को बंद करने पर विवाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका ठुकराई

■ इलाहाबाद हाईकोर्ट से मामले का शीघ्र निपटारा करने को कहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उप्र सरकार के 105 सरकारी प्राथमिक स्कूलों को अन्य स्कूलों के साथ जोड़ने के फैसले के खिलाफ 'आप' सांसद संजय सिंह की रिट याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया।

पीठ ने यह कहते हुए याचिका पर विचार करने से मना कर दिया कि यह मामला पहले से ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष लंबित हैं। पीठ नेउच्च न्यायालय को इस मामले का निपटारा शीघ्र करने को कहा। पीठ के समक्ष अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ता का पक्ष रखते हुए हाईकोर्ट को इस मामले पर शीघ्र विचार करने के लिए जरूरी निर्देश देने की गुहार लगाई थी।

### चुनाव आयोग को लेकर संसद में हंगामा नहीं होना चाहिए: रिजिजू

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की प्रवक्ता नहीं है इसलिए विपक्ष को उसे मुद्दा बनाकर संसद में हंगामा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और कांग्रेस के बीच जो बात है उसका जवाब आयोग ही दे सकता है। आयोग से जो पूछा गया है उसके बारे में आयोग ही बता सकता है।

# सूरत में तिजोरी काटकर 20 करोड़ के हीरे चोरी

■ चोर सीसीटीवी-डीवीआर भी ले गए
■ डीसीपी-एफएसएल की टीम जांच में जुटी

**सूरत।** गुजरात के सूरत में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए डायमंड कंपनी की तिजोरी काटकर 20 करोड़ से ज्यादा के हीरे और नकदी चुरा ली। इतना ही नहीं, चोर अपने साथ सीसीटीवी और डीवीआर भी ले गए।


सोमवार सुबह घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी, एसीपी, सिटी क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। तस्करों ने न केवल हीरे और नकदी चुराई, बल्कि चोरी का कोई सबूत न रहे। इसके लिए कारखाने के सभी सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया और डीवीआर भी साथ ले गए। पुलिस कॉम्प्लेक्स और अन्य दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। चोरों ने कापोद्रा के एक कॉम्प्लेक्स में स्थित डीके एंड संस डायमंड कंपनी को निशाना बनाया। 15 अगस्त, जन्माष्टमी और इसके बाद रविवार के चलते कॉम्प्लेक्स और मार्केट तीन दिनों से बंद था। चोरी की वारदात इसी दौरान हुई। मामले की जांच कर रहे डीसीपी आलोक कुमार ने बताया कि 15 अगस्त की शाम को मालिक देवेंद्र चौधरी कंपनी बंद करके चले गए थे और फिर सोमवार सुबह कंपनी पहुंचे, तो पता चला कि करोड़ों की चोरी हो गई है। चोरों ने गैस कटर की मदद से तिजोरी काटी।

### सेना की जमीन पर अतिक्रमण मामले में हाईकोर्ट सख्त सर्वे का आदेश

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने राजधानी में सेना के अर्जुनगंज फायरिंग रेंज की जमीनों पर बाहरी लोगों द्वारा अतिक्रमण करके अवैध रूप से कब्जा किए जाने के मामले का सख्त संज्ञान लिया है। कोर्ट ने मामले में एलडीए व आवास विकास परिषद को इलाके में कथित अतिक्रमण का सर्वे करने करने का आदेश दिया है।

# राधाकृष्णन को निर्विरोध उपराष्ट्रपति बनाने में जुटे राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ रक्षा मंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को फोन कर राजग प्रत्याशी के लिए समर्थन भी मांगा

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशी के रूप में घोषणा होने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वसम्मति बनाने के लिए तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में श्री सिंह रविवार रात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को फोन कर राजग प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन के लिए समर्थन भी मांगा।

उल्लेखनीय है राजग की तरफ से उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जिम्मेदारी दी गई है वहीं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को इसका एजेंट नियुक्त किया गया है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुई भारतीय जनता पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक में राजग उम्मीदवार के रूप में श्री राधाकृष्णन के नाम की घोषणा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की। श्री राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं और राज्यपाल के रूप में उनके पास लंबा प्रशासनिक अनुभव है। जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद से यह पद खाली है। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितम्बर को होगा और उसी दिन मतगणना होगी। उम्मीदवार द्वारा नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है जबकि उम्मीदवार 25 अगस्त तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।

### राधाकृष्णन ने की मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। श्री राधाकृष्णन सोमवार को ही, मुंबई से यहां पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास जाकर श्री मोदी से मुलाकात की। श्री मोदी ने उन्हें राजग का उप राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनने पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनके लंबे अनुभव से देश लाभान्वित होगा। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात के बाद एक्स पर लिखा कि सीपी राधाकृष्णन जी से मुलाकात की। उनके राजग का उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# चीनी विदेश मंत्री वांग की सीमा विवाद पर जयशंकर से हुई चर्चा

■ चीनी विदेश मंत्री पीएम मोदी व एनएसए डोभाल से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** चीन के विदेश मंत्री वांग ई भारत पहुंच गए हैं। दिल्ली पहुंचने पर एयरपोर्ट पर चीनी विदेश मंत्री का स्वागत किया गया। चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की।

दोनों नेताओं ने सीमा विवाद, द्विपक्षीय संबंधों को लेकर चर्चा की। वांग यहां पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से मुलाकात करेंगे। चीनी विदेश मंत्री वांग ई के साथ बैठक में विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों व अभिव्यक्तियों के खिलाफ लड़ाई प्रमुख प्राथमिकता है। मैं हमारे विचारों के आदान-प्रदान की प्रतीक्षा कर रहा हूं। कुल मिलाकर उम्मीद है कि हमारी चर्चा भारत-चीन के बीच एक स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंध बनाने में योगदान देगी, जो हमारे हितों की पूर्ति करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पिता ने दो बेटियों को नदी में फेंका, खुद भी लगाई छलांग

**जालौन।** उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के रामपुरा क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने सोमवार को अपनी दो मासूम बच्चियों को यमुना नदी में फेंक दिया और खुद भी छलांग लगा दी। क्षेत्राधिकारी माधवगढ़ अंबुज सिंह ने बताया कि मधेपुरा गांव निवासी रज्जन निषाद (28) शराब का आदी था और अक्सर पत्नी से झगड़ा करता रहता था। सोमवार को विवाद के बाद वह अपनी बेटियों सुनैना (6), अला (4) और छोटी (2) को लेकर जुहीका पुल पहुंचा। वहां पहुंचकर उसने पहले अला और छोटी को तेज धार में फेंक दिया। यह देखकर बड़ी बेटी सुनैना घबरा गई और पुल से भागकर जोर-जोर से रोने लगी। उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्ची से पूरी घटना की जानकारी ली। इसी बीच लोगों को आता देख रज्जन ने भी नदी में छलांग लगा दी।

### कांग्रेस ने किया मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास का घेराव

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के आवास का घेराव किया और नारेबाजी की। आगरा की विजय नगर कॉलोनी में मुख्य चुनाव आयुक्त का आवास है, जहां आज सुबह कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्ती लेकर पहुंच गए। तख्तियों पर आपत्ति. जनक नारे लिखे हुए थे। मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास की तरफ बढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रो. कने की कोशिश की। पुलिस और कांग्रेसियों के बीच तीखी झड़प भी हुई। इस बीच कांग्रेस समर्थक मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास के बाहर पहुंच कर नारेबाजी करने लगे।

# फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं होंगी पूजा पाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी से निष्कासित चायल विधानसभा क्षेत्र से विधायक पूजा पाल ने कहा है कि वह फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं होंगी और अपने समुदाय के लोगों से चर्चा के बाद अगला राजनीतिक कदम उठाएंगी। उन्होंने हाल ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी।

पाल ने कहा कि वह अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से जुड़ी हैं, मुलायम सिंह यादव की नहीं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने समाजवादी पार्टी के लिए दरवाज़ा बंद कर दिया है, तो पाल ने कहा कि उन्होंने खुद ही दरवाज़ा बंद कर लिया है और यह अच्छी बात है। अगर मैं किसी पार्टी में शामिल होती हूं, तो वह 'विचारधारा' के आधार पर होगी और आपका



**सपा से निष्कासित विधायक ने कहा: समर्थकों की राय पर ही उठाएंगी अगला कदम**

विचार स्पष्ट होना चाहिए। विधायक ने कहा कि जब 2012 से 2017 तक अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में थी, तब पार्टी ने माफियाओं को दूर रखा था। पाल ने कहा कि मैं मुलायम सिंह यादव की समा. जवादी पार्टी से नहीं जुड़ी थी। मैं अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से जुड़ी थी, क्योंकि उन्होंने माफियाओं को दूर रखा था। उन्होंने कहा कि पार्टी ने गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं, जिनकी 2023 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अपने अगले राजनी. तिक कदम के बारे में, तीन बार विधायक रहीं पाल ने कहा कि वह कोई भी फैसला लेने से पहले पाल समुदाय के सदस्यों से बात करेंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भाजपा में शामिल होने की योजना बना रही हैं, तो उन्होंने साफतौर पर कहा कि अभी नहीं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कार्यालय और पाल, दोनों ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी दी। योगी आदित्यनाथ कार्यालय ने हिंदी में एक पोस्ट में कहा कि कौशाम्बी जिले के चायल विधानसभा क्षेत्र की माननीय विधायक पूजा पाल ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

## राष्ट्रपति ने शाहनवाज को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक से नवाजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/ मुजफ्फरनगर।** 15 अगस्त 2025 को भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सहायक रेडियो अधिकारी (उत्तर प्रदेश) शाहनावाज हुसैन को सराहनीय सेवाओं के लिए पदक से नवाजा है यह पदक उन्हें मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक डॉ. विपिन टांडा द्वारा दिया गया है। बताया जाता है शाहनावाज हुसैन पिछले 9 माह पूर्व अलीगढ़ से सेवानिर्वत हुए थे, जबकि उन्हें 2021 में उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा सराहनीय सेवाओं के लिए नवाजा गया था, जबकि 2022 में भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा अति उत्तकृष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया था और 2025 में रिटायर होने के बाद भारत की राष्ट्रपति द्वारा सराहनीय सेवाओं के लिए नवाजा गया। शाहनावाज हुसैन बुलंदशहर, अमरोहा, सहारनपुर, मुरादाबाद, एटा व अलीगढ़ में अपनी सेवाएं पुलिस विभाग में दे चुके है। उनके शुभचिंतकों ने उन्हें मुबारकबाद दी है।

# भाजपा के इशारे पर काम करता है चुनाव आयोग: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम करता है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई, तब से चुनाव में शिकायत पर उत्तर प्रदेश में कोई अधिकारी नहीं हटाया गया है।

समाजवादी सरकार की सरकार के समय चुनाव के समय कई अधिकारी हटा दिए गए थे। इसका मतलब है कि चुनाव आयोग भाजपा का कहना ज्यादा मानता है। हम चुनाव आयोग से शिकायत करते है, तो कोई कार्रवाई नहीं होती है। लगता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम करता है। यादव ने कहा कि भाजपा की छिबरामऊ से विधायक ने अपने बूथ पर 400 फर्जी वोट बनवाए थे। चुनाव आयोग को देखना चाहिए कि भाजपा के लोग अपने बूथों पर ज्यादा वोट क्यों बनवाते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने आम चुनाव से लेकर उपचुनाव तक कई अधिकारियों की



शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 2017 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कितने अधिकारी ट्रांसफर हुए थे, वहीं लोकसभा चुनाव 2019, विधानसभा चुनाव 2022 और लोकसभा चुनाव 2024 में शिकायत पर एक भी अधिकारी का ट्रांसफर नहीं हुए। 2014 लोकसभा चुनाव में तथा 2017 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा चुनाव में जिस अधिकारी की शिकायत कर देती थी, उसका ट्रांसफर हो जाता था। भाजपा की सरकार के दौरान चुनाव में विपक्ष शिकायत करता रहा लेकिन अधिकारियों को नहीं हटाया गया। इस सबके लिखित दस्तावेज हैं।

# नकली खाद-बीज की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई होगी

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नकली खाद-बीज और कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चौहान यहां कृषि विभाग और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों से कहा कि अगर खराब दवाई के कारण किसानों की फसलें खराब होती हैं, तो इसे पूरी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों किसान नकली दवा और कीटनाशक के कारण बहुत परेशान हैं। चौहान ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि



**केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने दिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश**

वह स्वयं किसानों के खेत पर जाकर देख चुके हैं कि खराब दवाई के चलते फसल चौपट हो गई। वास्तव में नकली खाद, बीज और कीटनाशक किसानों के लिए अभिशाप हैं। इसलिए अधिकारियों को चाहिए कि वे खेतों में खुद जाकर जांच करें। कृषि अधिकारियों को व्यापक पैमाने पर आकस्मिक छापेमारी का अभियान चला कर कार्रवाई करनी चाहिए।

## आरोपों का जवाब देने बजाय राहुल गांधी के सवालों को नकारा

# जिम्मेदारियों से भाग रहा चुनाव आयोग: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब वोट चोरी के खिलाफ बिहार में वोटर अधिक. र यात्रा की शुरुआत कर रहे थे, तो उसी समय चुनाव आयोग ने आरोपों का जवाब देने बजाय उनके सवालों को नकार दिया और जिम्मेदारी से भाग खड़ा हुआ है, लेकिन सांसदों की उसकी गतिविधियों पर नजर है और उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया जा सकता है।

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने सोमवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में इंडिया गठबंधन के नेताओं के संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग सवालों



**सांसदों की आयोग की गतिविधियों पर नजर, उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया सकता है: गौरव गोगोई**

का जवाब देने की बजाय जिम्मेदारियों से भाग रहा है, लेकिन सांसद उसकी गति. विधियों पर नजर रखेंगे और समय आने पर जरूरी करवाई को लेकर कदम भी उठाए जाएंगे। आयोग गांधी तथा अन्य राजनी. तिक दलो के नेताओं के सवालों के जवाब नहीं दे पा रहा है और उल्टे राजनीतिक दलों पर सवाल उठा रहा है। आयोग जिम्मेदारियां से भाग रहा है और इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि वह 45 दिन में मतदान के फुटेज डिलीट क्यों कर देता है। चुनाव आयोग ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी को नकारा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोग को अपनी कमियों को बताना चाहिए था और विपक्षी सवालों का जवाब देना चाहिए, लेकिन उसने इसके विपरीत रानीतिक दलों पर ही सवाल उठाया और एक तरह से सवाल उठाने वाले दलों पर पर आक्रमण किया। सवाल था कि बिहार में हड़बड़ी में मतदाता सूची पुनरीक्षण क्यो हो रहा है, महाराष्ट्र में मतदाता कैसे बढ़े, आधार की प्रमाणिकता के खिलाफ क्यों है आयोग, इन सवालों का जवाब नहीं दिया गया है। चुनाव आयोग की प्रेस वार्ता से स्पष्ट है की आयोग में ऐसे अधिकारी काम कर रहे हैं, जो निष्पक्ष नहीं है। ऐसे अधिकारी किसी भी तरह की शिकायत पर जांच के खिलाफ है।

### वोटर अधिकार यात्रा पर भाजपा का तीखा हमला

**नई दिल्ली।** भाजपा के मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संबित पात्रा ने कहा कि जब से माननीय मोदी जी की सरकार बनी है, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के प्रेस के मुद्दे वही होते हैं और अब हम भी थक जाते हैं, उन्हीं प्रश्नों के जवाब देते-देते। जनता को लगता होगा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के लोगों की हताशा की सीमा इस कदर बढ़ गई है कि हमेशा चोर-चोर करते रहते हैं। संबित पात्रा ने आगे कहा कि राफेल के समय पर चौकीदार-चोर, अब वोट की चोरी, ए स्वाभाविक है, जिसके स्वभाव में जो होता है, उन शब्दों का प्रयोग वो बार-बार करता है। अब देखिए दो लड़के, यूपी में दो लड़के थे यहां भी दो लड़के हैं। दो लड़के ए जेल यात्रा, बेल यात्रा सबकुछ करने के बाद अब कौन सी यात्रा कर रहे हैं पता नहीं चोरी की यात्रा, कुछ नहीं होने वाला है। जनता जनार्दन है, सब कुछ जानती है।



**सेंसेक्स** 80597.66
**निफ्टी** 24938.20



**सोना रु.** 101406
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 114050
प्रति किलो



# जीएसटी सुधारों की घोषणा से उछला शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में अगले चरण के बड़े सुधारों की घोषणा के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 808. 13 अंक की तेजी के साथ 80,597.66 अंक पर खुला। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 भी 306.90 अंक की बढ़त में 24,938.20 अंक पर खुला। पहले आधे घंटे के कारोबार में ही सेंसेक्स 1,168 अंक चढ़ता हुआ 81,765.77 अंक पर पहुंच गया। खबर लिखे जाते समय यह 1,083.89 अंक यानी 1.34



प्रतिशत ऊपर 81,681.55 अंक पर था। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 80,597.66 अंक पर बंद हुआ था।

निफ्टी-50 भी 25 हजार अंक के स्तर को पार करता हुआ 391 अंक की मजबूती के साथ 25,022 अंक तक पहुंच गया। खबर लिखे जाते समय यह 373.85 अंक यानी 1.52 प्रतिशत ऊपर 25,005.15 अंक पर था। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 24,631.30 अंक पर बंद हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधारों की घोषणा की थी। इसमें ढांचागत सुधारों के अलावा जीएसटी में स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो करने और आम लोगों के इस्तेमाल की चीजों पर कर कम करके उन्हें राहत देने की बात कही गयी है। इससे शेयर बाजारों में निवेश धारणा को मजबूती मिली है। ऑटो सेक्टरों में सबसे ज्यादा तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी और बैंकिंग शेयरों में उछाल रहा। सेंसेक्स में मारुति सुजुकी के शेयर सबसे ज्यादा 7.5 फीसदी की बढ़त में थे।

# सोना-चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 18 अगस्त को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 400 रुपए गिरकर 99,623 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,00,023 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं चांदी की कीमत आज 883 रुपए कम होकर 1,14,050 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,933 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत- दिल्ली- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,013,30 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900। मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत ध1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,750। भोपालरू 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,230 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,800 सोना इस साल अब तक 23,461 महंगा हुआ इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,461 रुपए बढ़कर 99,623 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 28,233 रुपए बढ़कर 1,14,050 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालें, चीनी मजबूत

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमतों में तेजी रही, जबकि गेहूं में नरमी देखी गयी। चीनी और दालों के दाम भी बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव का रुख देखने को मिला। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 49 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,560 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52.95 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 92 रुपए प्रति क्विंटल बढ़कर 3,835.08 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। वहीं, गेहूं नौ रुपए गिरकर 2,839.71 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। आटा भी 11 रुपए सस्ता हुआ और 3,290.85 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया।



सरसों तेल औसतन 258 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल 32 रुपए और वनस्पति 114 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल करीब 30 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल में 18 रुपए की गिरावट देखी गई। सोया तेल भी 85 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत करीब 108 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 111 रुपए और तुअर दाल 232 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल में 86 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। मूंग दाल भी 117 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 115 रुपए प्रति क्विंटल चढ़े।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुख्य चुनाव...** महाभियोग प्रस्ताव ला सकते हैं। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने भी इस मुद्दे पर बात की और कहा कि पार्टी जरूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव सहित सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। हालांकि, अभी तक इस पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है। हुसैन ने बताया कि अगर जरूरत पड़ी, तो हम नियमों के तहत लोकतंत्र की सभी शक्तियों का इस्तेमाल करेंगे। अभी तक हमने महाभियोग के बारे में कोई चर्चा नहीं की है, लेकिन जरूरत पड़ने पर हम कुछ भी कर सकते हैं। विपक्ष संसद के दोनों सदनों में एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। उनका आरोप है कि चुनाव आयोग की इस कवायद का उद्देश्य इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। वे दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। 21 जुलाई को मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर संसद में बहुत कम कामक. ाज हुआ है। ज्यादातर एसआईआर मुद्दे पर ही सदन की कार्यवाही बार-बार स्थगित हुई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग उनसे हलफनामा मांग रहा है, लेकिन भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर से नहीं, जब वे वही आरोप लगाते हैं।

**ट्रैफिक जाम...** औचित्य है। जस्टिस चंद्रन ने हाल ही की घटना का जिक्र किया, जहां एक ट्रक गड्ढे में फंसकर पलट गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एनएचएआई की ओर से दलील दी कि जिन जगहों पर अंडरपास का काम चल रहा है, वहां वैकल्पिक रास्ते यानी सर्विस रोड बनाए गए हैं। लेकिन बारिश की वजह से काम प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि टोल को पूरी तरह रोकना अनुचित है, कोर्ट को चाहिए कि टोल में आनुपातिक कटौती का विकल्प अपनाए। हालांकि, बेंच ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि 65 किलोमीटर का सफर, जिसके लिए 150 रुपये टोल लिया जाता है, अगर 12 घंटे में तय हो रहा है तो यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। गुरुवायूर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, जो यहां टोल वसूल रही है, ने भी हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी। कंपनी की ओर से वरिष्ठ वकील श्याम दिवान ने कहा कि उनके जिम्मे जो 60 किलोमीटर का हिस्सा है, उसकी देखभाल ठीक से की जा रही है। असली समस्या उन जगहों पर है जहां एनएचएआई ने काम किसी तीसरी कंपनी (पीएसजी इंजीनियरिंग) को सौंपा है। अप्रैल 2024 से ये कंपनी काम देख रही है। दीवान ने दावा किया कि टोल वसूली बंद होने से उन्हें पहले ही 5-6 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। हाईकोर्ट ने 6 अगस्त को चार हफ्तों के लिए टोल वसूली रोक दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जब सड़कें खराब हों और ट्रैफिक सुचारू न हो, तो जनता से टोल वसूला नहीं जा सकता। यह जनता और एनएचएआई के बीच भरोसे का रिश्ता है, जिसे तोड़ा नहीं जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि मानसून की वजह से मुश्किलें बढ़ी हैं। फिलहाल कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है और जल्द ही यह तय करेगा कि पालएक्कारा टोल प्लाजा पर वसूली दोबारा शुरू होगी या नहीं।










**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# शिक्षा के व्यावसायीकरण पर लगा अंकुश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी है कि राजधानी दिल्ली में दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) अधिनियम, २०२५ मंजूर हो गया है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसे अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिसके बाद सरकार ने इसे अधिसूचित कर दिया है। यह ऐतिहासिक कानून अब शिक्षा के व्यावसायीकरण पर अंकुश लगाएगा और स्कूलों की फीस निर्धारण में पारदर्शिता, जवाबदेही व निष्पक्षता सुनिश्चित करेगा।

मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि इस विधेयक में अभिभावकों की 'संवेदनाओं' को प्राथमिकता दी गई है। वे स्कूल फीस के निर्धारण में वे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्ययमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि दिल्ली विधानसभा में ८ अगस्त को यह विधेयक पारित किया गया था। यह विधेयक दिल्ली के लाखों अभिभावकों के लिए एक ऐतिहासिक जीत है। वर्षों से अभिभावक निजी स्कूलों की मनमानी शुल्क वृद्धि से परेशान थे। इस कानून ने स्कूलों में एक सुदृढ़, पारदर्शी और सहभागी शुल्क विनियमन प्रणाली स्थापित की है। अब शिक्षा कोई व्यावसायिक सौदा नहीं होगी, बल्कि एक अधिकार और लोक-कल्याण का साधन बनी रहेगी।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि यह विधेयक अभिभावक, शिक्षक, प्रबंधकों और सरकार के प्रतिनिधित्व वाली स्कूल स्तरीय फीस नियंत्रित समितियों को अनिवार्य बनाता है। अब किसी भी प्रकार की फीस बढ़ोतरी के लिए पूर्व अनुमोदन आवश्यक है। यह विधेयक बहु-स्तरीय शिकायत निवारण प्रदान करेगा और विवादित शुल्क के लिए छात्रों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाएगा। स्वीकृत की गई निर्धारित फीस तीन वर्षों तक यथावत रहेगी, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ का असर कम होगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि पूर्व सरकारों ने इस मामले को कभी गंभीरता से नहीं लिया, जिसके चलते अभिभावकों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा। पूर्व सरकार ने अपने शिक्षा मॉडल का झूठ फैलाया लेकिन न तो फीस सिस्टम को दुरुस्त किया और न ही शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए प्रयत्न किए। इसका परिणाम यह हुआ कि पूर्व सरकार के समय में फीस व अन्य मामलों में अभिभावकों और छात्रों को लगातार और गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा, स्कूलों ने बिना किसी कारण के फीस में भारी बढ़ोतरी की कुछ स्कूलों ने तो बेखौफ ३०-४५ प्रतिशत तक फीस बढ़ाई। मुख्यमंत्री का कहना है कि फीस सिस्टम में पारदर्शिता का अभाव और अस्पष्टता थीं। इसके अलावा फीस निर्धारण में अभिभावकों की भूमिका बेहद सीमित थी। पिछली सरकार के समय अधिकतर स्कूल मनमानी चला रहे थे और उनके खिलाफ शिकायत प्रणाली बेहद कमजोर थी।

## राजा गार्डन के इलेक्ट्रॉनिक्स की इमारत में आग, तीन की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजा गार्डन इलाके में सोमवार दोपहर ३:०८ बजे महाजन इलेक्ट्रॉनिक्स की इमारत में भीषण आग लगने से दो युवतियों समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य की हालत नाजुक बनी हुई है। यह इमारत बेसमेंट के साथ तीन मंजिलों वाली है, और हादसा तीसरी मंजिल पर स्थित दफ्तर में हुआ, जहां पीड़ितों ने खुद को फंस लिया था।

दिल्ली दमकल सेवा की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया और दफ्तर से चारों लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। दुर्भाग्यवश, तीन लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि एक व्यक्तिकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। इस घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि मरने वाली एक युवती का नाम आयुषी उम्र २३ साल और दूसरी का नाम अमनदीप कौर है इसकी उम्र २१ साल है, बाकी लड़के का नाम रवि बताया जा रहा है।

# बढ़ रहे डेंगू के मामले मलेरिया ने भी बढ़ाई परेशानी

■ **20 से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में डेंगू के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार इस साल अब तक डेंगू के ३१५ मामले दर्ज किए जा चुके हैं और प्रति सप्ताह २० से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं। आने वाले दिनों में संक्रमण और तेजी से फैलने की आशंका है। पिछले सप्ताह ही २४ नए डेंगू के मामले दर्ज किए गए थे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि मानसून सीजन और पानी जमने के कारण डेंगू के प्रजनन स्थलों में वृद्धि हुई है। यही वजह है कि मामलों में तेजी देखी जा रही है। केवल डेंगू ही नहीं, बल्कि मलेरिया भी राजधानी में चिंता का कारण बनता जा रहा है। अभी तक मलेरिया के १४८ मामले दर्ज हो चुके हैं। मलेरिया के एपिसोड्स और बढ़ते संक्रमण ने स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं और गहरा दी हैं। चिकित्सकों का कहना है कि डेंगू से बचाव के लिए साफ-सफाई पर जोर देना और मच्छरों के प्रजनन स्थलों को खत्म करना ही सबसे कारगर उपाय है। लोगों को अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने देने, कूलर और गमलों का पानी समय-समय पर बदलने और पूरी बाजू के कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। दिल्ली नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग ने भी सतर्कता बरतते हुए एंटी-लार्वा स्प्रे अभियान को तेज करने की बात कही है। निगम अधिकारियों ने कहा कि जनता के सहयोग के बिना इस बीमारी पर काबू पाना मुश्किल है।

# दिल्ली पुलिस आयुक्त ने किया कौशल प्रशिक्षण का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस आयुक्तएस.बी.के. सिंह ने पुलिस मुख्यालय में दिल्ली पुलिस के ड्यूटी अधिकारियों और एकीकृत जन सुविधा अधिकारियों के लिए 'शिष्टाचार एवं कौशल प्रशिक्षण' का उद्घाटन किया।

इस मौके पर दिल्ली पुलिस आयुक्तने शिष्टाचार एवं कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से तैयार की गई दो पुस्तिकाओं का भी अनावरण किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम और पुस्तिकाओं को दिल्ली पुलिस अकादमी द्वारा डिजाइन और तैयार किया गया है। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त, एस.बी.के. सिंह ने जनता के साथ व्यवहार करते समय शिष्टाचार, व्यावसायिकता और संवेदनशीलता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पुलिस और जनता के बीच प्रारंभिक बातचीत पूरे अनुभव की दिशा तय करती है और विश्वास व आत्मविश्वास बनाने के लिए बेहद जरूरी है।उन्होंने मानसिकता में बुनियादी बदलाव की जरूरत पर भी जोर दिया और कहा कि ष्अधिकारियों को सामंती मानसिकता से सेवा-उन्मुख रवैया अपनाना होगा।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य दिल्ली पुलिस के अग्रिम पंक्तिके अधिकारियों की क्षमता का निर्माण करना और यह सुनिश्चित करना है कि हर बातचीत पेशेवर और सहानुभूतिपूर्ण हो।प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो दिवसीय कार्यशालाएँ शामिल होंगी, जिनमें ७०० ड्यूटी अधिकारियों के लिए दो बैच (आज, १८ अगस्त से शुरू होकर २१ अगस्त तक) और १,३०० एकीकृत जन सुविधा अधिकारियों के लिए तीन बैच (२५ अगस्त - ४ सितंबर) होंगे। यह प्रशिक्षण दिल्ली पुलिस के एल एंड ओ जोन-I के ३५० अधिकारियों के साथ शुरू हो चुका है।




**दिल्ली पुलिस आयुक्तएस.बी.के. सिंह ने पुलिस मुख्यालय में दिल्ली पुलिस के ड्यूटी अधिकारियों और एकीकृत जन सुविधा अधिकारियों के लिए 'कौशल प्रशिक्षण' का उद्घाटन करते हुए।**

## एक नजर

### तीन स्कूल और एक कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक बार फिर से स्कूल और कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इससे पहले भी दिल्ली के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल चुके हैं। कई बार ये हॉक्स कॉल निकली हैं। दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) द्वारका, मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल द्वारका और ग्रेटर कैलाश स्थित ब्लू बेल्स स्कूल को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी भरी कॉल आई। अब खबर है कि एक कॉलेज को धमकी भरी ईमेल मिली है। वहीं दूसरी तरफ सागरपुर स्थित दीप मॉडल स्कूल को धमकी भरा मेल मिला है। धमकी के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां स्कूल के बाहर मौजूद हैं।

### ग्रेस एकेडमी का शुभारम्भ किया



**नई दिल्ली।** लोनी के अल्वी नगर मे स्तिथ ग्रेस एकेडमी के ऑफिस का उद्घाटन स्वतंत्रता दिवस के मोके पर किया गया स जश्ने आजादी प्रोग्राम की शुरुआत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से हुई। प्रोग्राम मे मुख्य अतिथि के रूप लोनी नगर पालिका परिषद के चेयरमेन रंजीत धामा और अतिथि के रूप कारी फैजुद्दीन आरिफ (जनरल सेक्रेटरी, लोनी जमीयत उल हिंद, लोनी) इकबाल अंसारी (पार्षद, अल्वी नगर), आप नेता हाजी खुशनूद, दिल्ली नगर निगम के मुस्तफाबाद वार्ड से निगम पार्षदा सबीला बेगम, एआईएमआईएम नेता मतलूब अहमद, नजमा खातून प्रिंसिपल हीरा पब्लिक स्कूल, लता प्रिंसिपल ग्रेस एकेडमी, मो. सुहैल (डायरेक्टर, ग्रेस एकेडमी, शोएब सैफी ने शिरकत की स बच्चों ने देशभक्तिसे ओत-प्रोत नृत्य और गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ग्रेस एकेडमी का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन की शिक्षा देना है। रंजिता धामा ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रेस एकेडमी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का एक नया अध्याय है। शिक्षा ही वह शक्तिहै जो समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाती है। वहीं हज्ज्जाम सबील बेगम ने कहा कि "यह संस्थान निश्चित रूप से क्षेत्र में शिक्षा का स्तर ऊँचा उठाने में योगदान देगा और बच्चों के लिए बेहतर अवसर प्रदान करेगा।" कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक एवं प्रबंधक ने अतिथियों का आभार व्यक्तकिया और कहा कि ग्रेस एकेडमी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छूने का प्रयास करेगा। प्रोग्राम मे आये मेहमानों का फूल मालाओ से स्वागत किया और ट्रॉफी देकर मेहमानों को सम्मानित किया स रंजीत धामा और सबीला बेगम ने फीता काटकर ऑफिस का उदघाटन किया।

### सबक सिखाने को की फायरिंग, पकड़ा गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के सराय रोहिल्ला थाने की टीम ने हत्या के प्रयास का मामला सुलझा कर एक सीसीएल को पकड़ा है।पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, एक खाली कारतूस और एक प्रक्षेप्य गोली बरामद की है। आरोपी ने हिस्से के पैसे देने से इनकार करने पर सबक सिखाने के लिए पीड़ित पर फायरिंग की थी। दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्तराजा बांठिया ने बताया कि ११ अगस्त की मध्य रात्रि को सराय रोहिल्ला थाने में कॉलर के घर पर फायरिंग के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची इसके बाद सराय रोहिल्ला थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी सराय रोहिल्ला अनिल शर्मा की देखरेख में एसएचओ सराय रोहिल्ला विकास राणा के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।

# अरविंद केजरीवाल व आतिशी ने बोला भाजपा सरकार पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर आम आदमी ने भाजपा की चार इंजन सरकार पर तीखा हमला बोला है।

अरविंद केजरीवाल समेत अन्य नेताओं ने द्वारका स्थित दो स्कूलों और एक कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद बच्चों और पैरेंट्स की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता जताते हुए भाजपा के चारों इंजन दिल्ली में फेल बताया है। साथ ही, बार-बार स्कूलों को मिल रही धमकी के बावजूद आज तक एक भी आरोपी के न पकड़े जाने और कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर भी भाजपा की सरकार को आड़े हाथ लिया है। एक्स पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल, द्वारका समेत द्वारका के कई स्कूलों को आज फिर बम की धमकियां मिली हैं। दिल्ली के स्कूलों को बार-बार धमकियां मिलती हैं लेकिन, आज तक न कोई पकड़ा गया है, न कोई कार्रवाई हुई है। भाजपा से ना तो दिल्ली संभल रही है, ना ही दिल्ली की कानून-व्यवस्था। भाजपा की चार इंजन की सरकारें दिल्ली में पूरी तरह फेल हो चुकी हैं। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने भी दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की मिल रही धमकियों को लेकर भाजपा की केंद्र सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने एक्स पर कहा कि स्कूलों में धमकी मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। फिर से दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिली हैं। दिल्ली पुलिस आखिर कर क्या रही है? बच्चे, अभिभावक खौफ में हैं लेकिन भाजपा की चार इंजन की सरकार उनको सुरक्षा देने में नाकाम है।

'आप' नेता जस्मीन शाह ने एक्स पर कहा कि दिल्ली में स्कूलों में इस तरह की आतंकी धमकियां पिछले एक दशक से आम बात हो गई हैं। आज तक एक भी व्यक्ति को सजा नहीं मिल पाई है।

# स्व. प्रोफेसर भीम सिंह का जन्मदिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भीम ब्रिगेड ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव जोली खोसला और राष्ट्र भक्तों ने मिलकर ७९ वां स्वतंत्रता दिवस और स्वर्गीय प्रोफेसर भीम सिंह जी का ८४वां जन्मदिवस निर्माण विहार धूमधाम से मनाया खोसला ने कहा कि क्या हम आजाद हैं १५ अगस्त १९४७ को भारत और पाकिस्तान का विभाजन हुआ था दो अलग-अलग मुल्क बने थे । स्वर्गीय प्रो भीम सिंह जी के जन्म दिवस पर सोलो एक्टर हितेश कुमार ने उनके जीवन का ८४ वर्ष का मंत्र ८ से १० मिनट में परिचय पेश किया सुखमनी सेवा ट्रस्ट के बच्चों द्वारा राष्ट्रभक्ति का गुणगान किया अकादमी के कर्ताधर्ता सोनू चंदेल जी ने भी देशभक्ति पर समय बांध दिया प्रो भीम सिंह जी के पारिवा. रिक सदस्य सनी जी बी मौजूद रहे स्टिक ट्रैवल ग्रुप के अध्यक्ष आदरणीय सुभाष गोयल जी, ने भी राजीव खोसला द्वारा प्रो भीम सिंह जी को याद करने की सोच की प्रशंसा की सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव अधिवक्ता रोहित पांडे जी ने भी बताया कि प्रो भीम सिंह द्वारा युवाओं को किस प्रकार संघर्ष करने का मौका दिया और आज हम सफल अधिवक्ता हैं सुखमणि सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष रोशनी जी, उपाध्यक्ष मंजू जी, सदस्य लता जी और खजांची राजू रहेजा जी, रिटर्न टू नेचर के अध्यक्ष प्रसिद्ध ज्योतिष आचार्य महेश जैन जी, ने अपना स्वास्थ्य कैंप लगाया सभी प्रकार की दर्दों को चंद मिनट में बिना सुई बिना दबा के गायब कर दिया, महेंद्र जैन जी, योगेश गॉड जी, विश्व के पहले सरदार जादूगर जितेंद्र सिंह बब्बर जी ने भी अपना जादू का कर्तव्य दिखाए।

# विजनरी आर्ट अवॉर्ड्स-2025 संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस के उउपलक्ष्य मे मिनीषा भारद्वाज के नेतृत्व में मिशा आर्ट्स ने अरामगढ़ को विजनरी आर्ट अवाड्र्स 2025 से जगमगा दिया, जो उनके छात्रों और उभरते कलाकारों को समर्पित एक भव्य उत्सव था।



मिनीषा भारद्वाज, राष्ट्रीय और अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित कलाकार, अपनी हाइपर-रियलिस्टिक और आत्मीय कृतियों के लिए जानी जाती हैं। वे एक जुनूनी मेंटर और एसडीजी लक्ष्यों की एंबेसडर भी हैं। वे न सिर्फ युवा प्रतिभाओं को तराशती हैं, बल्कि अपनी कला को स्थिरता और सामाजिक बदलाव की आवाज भी बनाती हैं।

अनेक पुरस्कारों से सम्मानित मिनीषा अपनी दृष्टि से प्रेरित करती हैं और रचनात्मकता को उद्देश्य से जोड़कर सम कालीन कला जगत पर गहरा प्रभाव छोड़ रही हैं। दिन की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद मिशा आर्ट स्टूडियो के होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया। मिनीषा के मार्गदर्शन में ये छात्र न केवल अपनी कला को निखार रहे हैं, बल्कि यह भी सीख रहे हैं कि कला को जागरूकता, अभिव्यक्तिऔर बदलाव का साधन कैसे बनाया जा सकता है। इस अवसर पर मिनीषा भारद्वाज ने कहा कि मेरे लिए कला सिर्फ कैनवास पर रंग भरना नहीं है ख्र यह युवाओं के सपनों को पंख देने का माध्यम है मिशा आर्ट स्टूडियो में, मैं अपने छात्रों को यह विश्वास दिलाती हूं कि उनके ब्रश, उनकी कल्पना और उनकी आवाज में अपार शक्तिहै।

इस आयोजन की शोभा बढ़ाई समीरा सतीजा ने, जो क्रॉकरी बैंक फॉर एवरीवन की संस्थापक और स्थिरता की अग्रदूत हैं। उनकी उपस्थिति ने रचनात्मकता और जागरूक जीवनशैली के बीच सामंजस्य को और भी मजबूत किया। इस रंगारंग समारोह को सफल बनाने में ऑवर्स बाय नैन्सी सिंह, सुनीता जइसवाल, गीतू जैदुका ,स्तुति अरोड़ा हमारे प्रायोजकों का विशेष योगदान रहा विजनरी आर्ट अवाड्र्स 2025 रचनात्मकता को संवारने , आत्मविश्वास का निर्माण करने और भविष्य के विजनरी कलाकारों को गढ़ने के मिशा आर्ट्स के मिशन का प्रतीक रहा।

## पैरालंपिक विजेता शीतल देवी तैयार करेंगी चैंपियन

**नई दिल्ली।** भारत का भविष्य उन व्यक्तियों के प्रयासों से आकार ले रहा है, जो सीमाओं से आगे सपने देखते हैं और अपनी सम्पूर्ण क्षमता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। डेलॉइट इंडिया ने आज विविध प्रतिभाओं के साथ जुड़ने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए 18 वर्षीय शीतल देवी के साथ साझेदारी है, जो दुनिया की पहली बिना हाथों वाली महिला पैरा तीरंदाज और पैरालंपिक पदक विजेता हैं। मजाक उड़ाए जाने के बावजूद 15 साल की उम्र में शीतल ने धनुष उठाया और मात्र 16 साल की उम्र में विश्व की नंबर १ खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने 17 साल की उम्र में अर्जुन पुरस्कार प्राप्त किया और साथ ही पैरालंपिक कांस्य पदक भी जीता। रोमल शेट्टी, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, डेलॉइट साउथ एशिया ने कहा, भारत की सबसे बड़ी ताकत इसके लोगों में, उनकी बड़े सपने देखने, चुनौतियों से पार पाने और संभावनाओं को उपलब्धियों में बदलने की क्षमता में है। शीतल की यात्रा इस बात का एक स्वर्णिम उदाहरण है कि जब दृढ़ता और अवसर का मिलान होता है, तो क्या-कुछ अर्जित किया जा सकता है। शीतल देवी ने कहा, पोडियम तक पहुँचने का सफर सिर्फ एक व्यक्तिका नहीं होता, बल्कि उन लोगों का होता है जो आप पर विश्वास करते हैं और आपको ऊँचा लक्ष्य पाने का आत्मविश्वास देते हैं। मेरा हर तीर स्मरण कराता है कि कोई भी चुनौती असंभव नहीं है।

# इंडिगो आईडीएफसी फर्स्ट क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंडिगो और आईडी एफसी फर्स्ट बैंक ने इंडिगो आईडीएफसी फर्स्ट क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। यह विशेष कार्ड मास्टरकार्ड और रुपे दोनों नेटवर्क्स के फायदे एक ही आवेदन से देता है, जिससे ग्राहकों को अधिक जगहों पर कार्ड स्वीकार होने की सुविधा और भुगतान करने में सहजता मिल सकेगी।लॉन्च पर बोलते हुए, शिरीष भंडारी, हेड क्रेडिट कार्ड्स, टोल्स एंड ट्रांजिट और लॉयल्टी, ने कहा, ष्इंडिगो आईडीएफसी फर्स्ट क्रेडिट कार्ड के साथ हम प्रीमियम ट्रैवल को सिर्फ कुछ लोगों तक सीमित न रखकर सभी के लिए सुलभ बना रहे हैं। नीतन चोपड़ा, चीफ इन्फॉर्मेशन एंड डिजिटल ऑफिसर, इंडिगो, ने कहा, ष्हम लगातार इंडिगो ब्लूचिप की वैल्यू बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं, ताकि यह अनुभव हमारे ग्राहकों के लिए और भी रिवॉर्डिंग बने।

अनुभव गुप्ता, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, बिजनेस डेवलपमेंट, साउथ एशिया, मास्टरकार्ड, ने कहा, ष्आज के समय में यात्रा सिर्फ एक जगह से दूसरी जगह पहुँचने का साधन नहीं रह गई है, बल्कि यह आराम, सुविधा और हर कदम पर मिलने वाले मूल्य से जुड़ी हुई है। रजीत पिल्लई, चीफ रिलेशनशिप मैनेजमेंट, एनपीसीआई, ने कहा यह इनोवेटिव फीचर न सिर्फ रोजमर्रा के ट्रांजैक्शन को सुविधाजनक बनाता है, बल्कि यात्रा से जुड़े खर्चों को भी ज्यादा सुरक्षित और फायदेमंद बना देता है।

# जल संरक्षण व भू-जल रिचार्ज की दिशा में ठोस कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने कहा की दिल्ली नगर निगम ने १२ जोनों में स्थित लगभग ३९४ पार्कों में वर्षा जल संचयन (Rainwater Harvesting System) प्रणालियों की सफाई का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

यह प्रयास सुनिश्चित कर रहा है कि वर्षा ऋतु में ये प्रणालियाँ अपनी अधिकतम क्षमता के साथ कार्य करें और भू-जल स्तर को रिचार्ज करने में सहायक हों। एमसीडी इस वर्ष ११५ और वर्षा जल संचयन प्रणालियाँ स्थापित करने की योजना बना रहा है। इन्हें भी इसी कम लागत वाली तकनीक से निष्क्रिय बोरवेल का उपयोग कर विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा की नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा विक. सित यह वर्षा जल संचयन प्रणाली एक किफायती तकनीक है, जिसमें पार्कों की सिंचाई के लिए उपयोग किए जाने वाले निष्क्रिय बोरवेल को भू-जल रिचार्ज संरचना में परिवर्तित किया गया है। सत्या शर्मा इस पद्धति में एक ५ फुट०५ फुट०५ फुट का गड्ढा खोदकर उसमें खड़ा पाइप डाला जाता है। पाइप को चारों ओर से छिद्रित किया जाता है, जिसे जियो-टेक्सटाइल फैब्रिक से लपेटा जाता है ताकि अवरोध न हो। गड्ढे में छोटे व मध्यम आकार के कंकड़-पत्थर भरे जाते हैं जो जल छनन व रिसाव को सुगम बनाते हैं।

पार्क की जमीन को इस प्रकार समतल किया जाता है कि वर्षा का सारा बहाव इस गड्ढे में एकत्र हो जाए। इससे सतही जलभराव रुकता है और भू-जल का प्रभावी रिचार्ज होता है। प्रत्येक प्रणाली स्थानीय व पर्यावरण-हितैषी सामग्री से मात्र १५,००० से २५,००० की लागत में तैयार की गई है। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि निगम दिल्ली द्वारा अपनाई गई यह सरल किंतु वैज्ञानिक पद्धति न केवल जल संरक्षण व भू-जल रिचार्ज में सहायक है, बल्कि यह सतत् शहरी जल प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### सार्वजनिक सूचना

मैं, फिरदौस (Firdos), पत्नी श्री मौ. हदीस निवासी आर-37/ए, 4 फ्लोर, फ्रंट साइड, गली नं. 1 जोगाबाई एक्सटेंशन, जामिया नगर, नई दिल्ली-110025 ने अपना नाम बदलकर फिरदौश खातून (Firdosh Khatoon) रख लिया है। अब से, मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए फिरदौश खातून (Firdosh Khatoon) के नाम से जाना जाएगा।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

एक बड़े हिस्से में पक्का निर्माण करते हुए डाली जा रही थी छत

# नूरनगर में 600 वर्ग मीटर पर बने मैरिज होम को प्राधिकरण ने बुलडोजर से किया ध्वस्त

- इस दौरान प्रवर्तन अनुभाग के तमाम स्टाफ के साथ प्राधिकरण का पुलिस दस्ता और थाना पुलिस के जवान भी उपस्थित रहे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के द्वारा अवैध निर्माण पर नियंत्रण हेतु दिए गए आदेश के क्रम में आज दिनांक 18 अगस्त 2025 को प्रवर्तन जोन एक प्रभारी के नेतृत्व में नूर नगर सिहानी के खसरा संख्या 838 के लगभग 600 वर्ग मीटर एरिया में अनाधिकृत तरीके से मैरिज होम का निर्माण किया जा रहा था।

एक बडे हिस्से में पक्का निर्माण करते हुए छत डाली जा रही थीं, उसे पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। सोनू त्यागी पुत्र श्री जयपाल सिंह को इससे पूर्व भी चेतावनी दी गई थीं कि किसी तरह का स्थायी निर्माण न किया जाए।

कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण के प्रवर्तन अनुभाग के प्रभारी ने चेतावनी दी कि अवैध निर्माण/ अनाधिकृत कालोनी किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इसके साथ साथ कुछ अस्थायी अतिक्रमण पर भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस दौरान प्रवर्तन अनुभाग के तमाम स्टाफ के साथ प्राधिकरण का पुलिस दस्ता और थाना पुलिस के जवान भी उपस्थित रहे।

जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

## कुल 132 शिकायतें प्राप्त, मौके पर 07 का निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शासनादेश के मद्देनजर माह के प्रथम व तृतीय शनिवार हो सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है। जिसके क्रम में जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। मोदीनगर तहसील मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। कहा कि हर शिकायत का समयान्तराल में पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाएं।

इस दौरान 40 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ.अखिलेश मोहन, एसडीएम अजीत सिंह, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे। सदर तहसील एडीएम सिटी विकास कश्यप की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 19 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 03 शिकायतों का निरस्तारण किया गया।

इस दौरान एसडीएम अरूण दीक्षित, तहस. ीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। लोनी तहसील आईएएस दीपक, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट / उपजिलाधिकारी लोनी की अध्यक्षता में लोनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 73 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, नगर पालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार जनपद की तीनों तहसीलों में 154 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 10 शिकायतों का निस्तारण हुआ।

## स्वदेशी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार की सराहना

**गाजियाबाद।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान शहर इकाई द्वारा राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन भेज कर स्वदेशी उद्योग को बढ़ावा देने हेतु मोदी सरकार के प्रयासों की सराहना, विदेशी वस्तुओं के ऑन लाइन व्यापार पर अंकुश, चुनाव में एक राष्ट्र एक चुनाव व्यवस्था लागू कर विकास की गति बढ़ाने की मांग की गई। ज्ञापन हेतु अशोक कुमार गोयल राष्ट्रीय संयोजक, अशोक अरोड़ा उद्यमी संयोजक, आर के गोयल अध्यक्ष गाजियाबाद, आर के आर्य कार्यवाहक अध्यक्ष स्वदेशी चौक, धर्मेंद्र सिंह सोहेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हिर्ष गुलाटी कोषाध्यक्ष, गुलशन भाभरी कार्यवाहक अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## रालोद कार्यकर्ताओं ने चलाया सदस्यता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** पाइपलाइन रोड पर रालोद के सभासद जुनैद चौधरी द्वारा सदस्यता अभियान का कार्यक्रम जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी की अध्यक्षता में चलाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन हाजी तोहिद ने किया। सदस्यता अभियान के दौरान काफी लोगों को रालोद की सदस्यता दिलवाई इसी कार्यक्रम के चलते आज जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने जुनैद चौधरी को मुरादनगर शहर अध्यक्ष का मनोरंजन पत्र सोंपा। प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिट्ठी ने कहा रालोद कमजोर वर्ग व दवे कुचले और किसान मजदूर की हितैषी पार्टी है उन्होंने कहा की ज्यादा से ज्यादा लोग पार्टी से जुड़ें और रालोद के सदस्य बनें इसके साथ ही उन्होंने जुनैद चौधरी को मुरादनगर अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और कहा कि इससे पार्टी को और मजबूती मिलेगी इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चौयरमैन अमरजीत सिंह बिट्ठी, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय पाल सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रोफेशनल मंच अरुण दहियाश विधानसभा अध्यक्ष पंडित अरुण शर्मा, असलम खान जिला महासचिव, फारूक कुरैशी, सलीम खान, हरेंद्र पप्पू, सचिव रईस कुरैशी, भूरे खान, सतपाल सलेमाबाद आदि उपस्थित रहे।

## मोदीनगर निवासी युद्धवीर कमांडर कपिल कुमार प्रतिष्ठित वीरता पदक से सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर निवासी कमांडर कपिल कुमार को असाधारण वीरता और नेतृत्व क्षमता के लिए नौसेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया है।मोदीनगर की बाग कॉलोनी,तिबड़ा रोड निवासी व्यवसायी वीरेंद्र कुमार गुप्ता के पुत्र की इस उपलब्धि पर वैश्य समाज सहित सभी क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी। इस पुरस्कार रक्षा मंत्रालय द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर प्रदान किया गया। कमांडर कपिल कुमार वर्तमान में भारतीय नौसेना की अग्रिम पंक्ति की पनडुब्बी पर कमान अधिकारी हैं। कमांडर कपिल कुमार दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र हैं और 2008 में एनडीए के माध्यम से भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। उन्होंने पिछले 17 वर्षों में विभिन्न अग्रिम भूमिकाओं में सेवा की है। वीरता पुरस्कार भारतीय नौसेना के साहस, समर्पण और व्यावसायिकता तथा देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करने वाले कमांडर कपिल कुमार जैसे अधिकारियों की अदम्य भावना का प्रमाण है।कमांडर कपिल कुमार को नौसेना पदक (वीरता) से सम्मानित किए जाने पर किए जाने पर नगर के नागरिकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## न्यू डिफेंस कॉलोनी में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर शोषित समाज कल्याण समिति न्यू डिफेंस कॉलोनी मुरादनगर द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वार पर स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। संस्था के पदाधिकारियों के साथ-साथ कॉलोनी के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राकेश कुमार शर्मा संतलाल महिपाल सिंह बी.सी बंसल गजराज सिंह धर्मवीर सिंह राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

## श्री हनुमान बालाजी चेरिटेबल डायग्नोस्टिक सेंटर में आजादी का जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कड़कड़डूमा स्थित श्री हनुमान बालाजी चैरिटेबल डायग्नोस्टिक सेंटर में 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। संस्थान का यह सातवां भव्य आयोजन रहा। अध्यक्ष विनोद बिंदल ने ध्वजारोहण कर समारोह की शुरुआत की और अपने संबोधन में देश के विकास, चिकित्सा और सामाजिक प्रगति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा और आयुष उपचार अब आम जनता के लिए अधिक सुलभ और प्रभावी हो चुके हैं। समारोह में झंडारोहण के साथ भक्तिमय गीतों की प्रस्तुतियां हुईं।



कार्यक्रम में उपाध्यक्ष डॉ. प्रियंका ठाकरान, डॉ. उषा उप्रेती, डॉ. मंजू गुप्ता, डॉ. संजय अनेजा, डॉ. एन. सविता, डॉ. आर. सुरेश कुमार, डॉ. अनुज अग्रवाल, डॉ. सौरभ सुमन, डॉ. ब्यूटी सहित इशांत शर्मा, शिव कुमार गुप्ता, रिंकी शर्मा और अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। इसी क्रम में अभिनंदन जन कल्याण सोसाइटी के अंतर्गत मोदीनगर के ग्राम ईशाकनगर स्थित श्री हनुमान बालाजी भारतीय चिकित्सा चैरिटेबल स्वास्थ्यवर्धक संस्थान और विवेक विहार स्थित श्री हनुमान बालाजी मंदिर परिसर में भी ध्वजारोहण का आयोजन किया गया।

## श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर ने किया भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री धार्मिक रामल. ीला समिति कविनगर द्वारा भूमि पूजन किया गया।समिति के सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। श्री धार्मिक रामल. ीला समिति कविनगर की रामल. ीला का श्री गणेश इस बार 18 सितंबर से होगा। रविवार को कविनगर के रामलीला मैदान में भूमि पूजन का कार्यक्रम पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए। भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि.विधान से भगवान राम के जयकारों से किया गया। सांसद अतुल गर्ग ने फावडा चला कर श्री गणेश किया। इसी के साथ रामल. ीला महोत्सव-2025 की तैयारियां भी शुरू हो गई। समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल व महामंत्री चोपड़ा ने बताया कि इस बार की रामलीला को और भी भव्य व आकर्षक बनाया जा रहा है। भूमि पूजन में दूधेश्वर नाथ मठ के प्रमुख महंत नारायण गिरी,



आध्यात्मिक गुरू पवन सिंहा, सांसद अतुल गर्ग, प्रदेश के मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप, विधायक अजीत पाल त्यागी, दिनेश गोयल एमएलसी, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, विधायक संजीव शर्मा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया जी, यशोदा अस्पताल के प्रबंध निदेशक पीएन अरोड़ा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व महापौर आशु वर्मा और आशा शर्मा, समाजसेवी सुनील मिगलानी, पार्षद अमित त्यागी एवं शिवम शर्मा, बलदेव राज शर्मा, पूर्व विधायक रूप चौधरी और सुरेंद्र मुन्नी, भाजपा नेता अशोक मोंगा, सरदार एसपी सिंह, ब्रजपाल तेवतिया, रालोद के इंद्रजीत सिंह टीटू, समाजवादी पार्टी के राहुल चौधरी, सचिव गाविप्रा राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (नगर) विकास कश्यप, अप जिलाधिकारी अरुण कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त भास्कर वर्मा (कविनगर) एवं रितेश त्रिपाठी (कोतवाली), अनिल साँवरिया, वीके अग्रवाल, बी के शर्मा हनुमान, देवेंद्र हितक. ारी, गुलशन बजाज, नवेंदु सक्सेना, अजय जैन, विवेक मित्तल, आनंद गर्ग, तरुण चोटानी, दिवाकर सिंघल, केपी गुप्ता, मुकेश सिंघल, संजय मित्तल, दिव्यांशु सिंघल, सुशांत चोपड़ा, ऋषि माकड़, मयंक जैन, राजेश गर्ग, विपुल शर्मा, समेत बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए।

श्री धार्मिक रामलीला समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल और महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा और सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। भूमि पूजन के बाद भोजन प्रसाद की व्यवस्था थी। श्री धार्मिक रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने ही अतिथियों को स्वादिष्ट भोजन प्रसाद ग्रहण कराया।

### संबंध विच्छेद

मैं रमेश चन्द पुत्र बनारसी निवासी-406, मंगल गली ग्राम- साहिबाबाद आई.ई साहिबाबाद जिला-गाजियाबाद अपने पुत्र मनोज व पुत्रवधु विजेता को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## कार्यालय: नगर पालिका परिषद् मुरादनगर, जनपद-गाजियाबाद

पत्रांक :- 827 / न०पा०प०मु०/ 2025-26 दिनांक: 18 अगस्त 2025

**- : नामान्तरण सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकों ने कर निर्धारण पंजिका में नामान्तरण के संबंधा में आवेदन किया गया है, नगर पालि. का अधिनियम 1916 की धारा-147(2) के अन्तर्गत सभी सम्बंधित को नोटिस निर्गत किये जा चुके है, नामान्तरण पर किसी की कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य दर्ज करा सकता है। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नामान्तरण कर दिया जायेगा।

| क्र० सं० | भवन सं० / वार्ड सं० | वर्तमान में अभिलेखों पर अंकित भवन स्वामी का नाम | आवेदक/जिसके पक्ष में नामान्तरण होना है | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | म०नं0-7392 वार्ड सं0-01 | श्री संजय कुमार पुत्र श्री सुबे सिंह | श्रीमती रीत पत्नी श्री शरद | पंजीकृत बैनामा |
| 2. | म०नं0-19 वार्ड सं0-08 | श्री भगवत सिंह पुत्र श्री चरण सिंह | श्रीमती रीत पत्नी श्री शरद | पंजीकृत बैनामा |
| 3. | म०नं0-467 वार्ड सं0-02 | श्रीमती मिसरो देवी पत्नी स्व० श्री धर्म सिंह | श्री सुरेन्द्र पुत्र स्व० श्री धर्म सिंह | पंजीकृत बैनामा |
| 4. | म०नं0-111 वार्ड सं0-05 | श्री अमित कुमार पुत्र श्री महेशचन्द | श्रीमती मीनू गर्ग पत्नी श्री प्रवीन कुमार गर्ग | पंजीकृत बैनामा |
| 5. | म०नं0-3871 वार्ड सं0-01 | श्रीमती सुमन पत्नी श्री विजय कुमार | श्री बाबुराम पुत्र श्री हरी सिंह व श्री विशाल कुमार पुत्र श्री | पंजीकृत बैनामा |
| 6. | म०नं0-1166 वार्ड सं0-10 | श्री आशाराम पुत्र श्री मान सिंह | श्री विव विकास त्यागी पुत्र श्री ताराचन्द | पंजीकृत हिबैनामा |
| 7. | म०नं०-408 वार्ड सं0-09 | श्रीमती अनुराधा गुप्ता पत्नी श्री कृष्णकान्त | श्रीमती परमेश्वरी पत्नी श्री अमरीश पाल | पंजीकृत बैनामा |
| 8. | म०नं0-620 वार्ड सं0-15 | श्री दुष्यन्त कुमार पुत्र श्री मोती सिंह | श्रीमती बाला देवी पत्नी श्री दुष्यन्त कुमार | पंजीकृत वसीयत |
| 9. | म०नं0-900 वार्ड सं0-12 | श्रीमती उर्मिला त्यागी पत्नी श्री सियाराम त्यागी | श्रीमती संतोष बत्रा पत्नी स्व० श्री दलीप कुमार बत्रा | पंजीकृत बैनामा |
| 10. | म०नं0-1390 वार्ड सं०-08 | श्री सुन्दर पुत्र श्री भगवान सहाय | श्री हरवीर सिंह पुत्र श्री हीरा | पंजीकृत बैनामा |
| 11. | म०नं0-57 वार्ड सं०-03 | श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी श्री महाबीर सिंह व श्रीमती ब्रजेश्वरी पत्नी श्री बनारसीदास | श्री महाबीर सिंह त्यागी पुत्र श्री आशाराम | पंजीकृत हिबैनामा |
| 12. | म०नं0-521 वार्ड 10-08 | श्री वीर सिंह पुत्र श्री हरस्वरूप | श्रीमती ममता वर्मा पत्नी श्री हरिगोपाल वर्मा | पंजीकृत हिबैनामा |
| 13. | म०नं0-1873 वार्ड सं०-09 | श्री पुष्पा पत्नी श्री सतपाल | श्री नितिन कुमार, श्री सचिन कुमार शर्मा, श्री सुमित कुमार शर्मा पुत्रगण श्री विजय कुमार शर्मा | पंजीकृत बैनामा |
| 14. | म०नं0-102 वार्ड सं0-19 | श्रीमती वशीला पत्नी श्री मीनू | श्री रफीक पुत्र श्री अमीरा | पंजीकृत बैनामा |
| 15. | म०नं0-647 वार्ड सं०-08 | श्रीमती महावीरी पत्नी श्री श्याम सिंह | श्री अजय कुमार पुत्र श्री श्याम सिंह | पंजीकृत हिबैनामा |
| 16. | म०नं0-260 वार्ड सं0-10 | श्री विकास कौशिक पुत्र श्री सुभाषचन्द | श्री पिन्टू सोनी पुत्र श्री दिलीप कुमार | पंजीकृत बैनामा |
| 17. | म०नं0-480 वार्ड 10-05 | श्रीमती रेवती देवी पत्नी स्व० श्री दीनदयाल | श्री बालेश्वर व श्री सुन्दर पुत्रगण श्री ओमप्रकाश | पंजीकृत बैनामा |
| 18. | म०नं0-440 वार्ड सं0-05 | श्री भोजराज पुत्र श्री कमेर सिंह | श्री देवेन्द्र कुमार पुत्र स्व० श्री भोजराज | पंजीकृत वसीयत |
| 19. | म०नं0-32 वार्ड सं0-12 | श्री नीरज पुत्र श्री ओमपाल | श्री सतीशपाल सिंह पुत्र श्री विजय पाल | पंजीकृत बैनामा |
| 20. | म०नं0-493 वार्ड सं०-03 | श्री दीपक कुमार पुत्र श्री वेदप्रकाश | श्रीमती सरिता सिंघल पत्नी श्री मनोज कुमार गुप्ता व श्री मनोज कुमार गुप्ता पुत्र श्री महावीर प्रसाद | पंजीकृत बैनामा |
| 21. | म०नं0-237 वार्ड सं0-14 | श्रीमती शशीबाला पत्नी श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल | श्रीमती अक्षिता आनन्द पत्नी श्री मयंक अरोड़ा | पंजीकृत बैनामा |
| 22. | म०नं0-238 वार्ड सं0-14 | श्री अजब सिंह पुत्र श्री अनुप सिंह | श्री मयंक अरोडा पुत्र श्री आर०के० अरोड़ा | पंजीकृत बैनामा |
| 23. | म०नं0-564-565 वार्ड सं0-02 | श्री चाँद मौहम्मद पुत्र श्री सुनुस पहलवान | श्रीमती पारूल गोयल पुत्री श्री ब्रजमोहन गोयल | पंजीकृत बैनामा |
| 24. | म०नं0-42 वार्ड सं0-10 | बाबू श्रीमती राजकुमारी पत्नी श्री | श्री पूनम पत्नी श्री विनोद | पंजीकृत बैनामा |

**( डॉ0 शैलेन्द्र कुमार सिंह )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् मुरादनगर**

# यमुना का जलस्तर 205.33 मीटर, चेतावनी जारी

**बोट, गोताखोर, फायर ब्रिगेड, आईएफसी, पीडब्ल्यूडी, हेल्थ सहित सभी संबंधित विभागों के नोडल अधिकारी तैयार।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हथिनीकुंड से पानी छोड़े जाने के बाद सोमवार को राजधानी में यमुना नदी एक बार फिर ऊफान मारते हुए खतरे के निशान को पार कर गई है। ऐसे में यमुना तट के करीब रह रहे लोगों में खलबली मच गई है। प्रशासन हर परिस्थिति पर नजर बनाए हुए है। साथ ही, एडवाइजरी जारी कर नदी के किनारे रहने वाली आबादी को कहीं और चले जाने के लिए भी कहा गया है।

दरअसल, हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद से दिल्ली में यमुना का पानी खतरे के निशान को पार कर गया है। ऐसे में दिल्ली में एक बार फिर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। सोमवार को यमुना का जलस्तर २०५.३३ मीटर का आंकड़ा छू गया, जो अधिकारियों के लिए चिंता का सबब है। गौरतलब है कि दिल्ली के लिए यमुना का खतरनाक जलस्तर २०४.५० मीटर माना जाता है।

वहीं, खतरे का निशान २०५.३३ मीटर है और निकासी २०५.३३ मीटर पर माना गया है। यमुना में एक पुराना रेल पुल है जो कि खतरे के निशान का सूचक है। यही दिल्ली में बाढ़ के आने और न आने का मापक है। अगर पानी पुल की निर्धारित ऊंचाई को छू लेता है तो दिल्ली में बाढ़ आने की पूरी संभावना हो जाती है। यमुना का जलस्तर अब उसी निशान के इर्द-गिर्द बना हुआ है, जो सबकी धड़कनें बढ़ाए हुए है।

ऐसे में दिल्ली में फिर से २०२३ की बाढ़ जैसे हालात बन रहे हैं। उस समय ४५ साल का रिकॉर्ड टूटा था और यमुना का जलस्तर २०८.४८ मीटर तक पहुंच गया था। पहाड़ों पर लगातार हो रही भारी बारिश के कारण ऐसी आशंका है कि आधी रात से दिल्ली में यमुना उफान पर होगी। यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण कल हथिनीकुंड बैराज के सभी १८ गेट इस मौसम में पहली बार खोल दिए गए हैं। रविवार शाम ४ बजे हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से एक साथ १,७८,९९६ क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। करीब इसी अनुपात में निरंतर पानी आ रहा है जो रात करीब २ बजे दिल्ली पहुंचेगा। इससे यमुना का जलस्तर २०६ मीटर के पार जाने की आशंका है। इसकी चेतावनी जारी कर दी गई है।

दिल्ली सरकार की ओर से यमुना के तटीय इलाकों में रह रहे लोगों को सावधान रहने और पानी बढ़ने पर लोगों को घर खाली करने के लिए सतर्क रहने के आदेश दे दिए गए हैं। प्रशासन ने यमुना के तटीय इलाकों में बाढ़ से निपटने की तैयारियां बढ़ा दी हैं। यमुना बाजार में नदी के किनारे दीवार को मजबूत किया गया है, ताकि पानी बढ़ने पर ये तेजी से बाजार में न घुस पाए, लेकिन यमुना बाजार के आसपास के सीवर अभी से ओवर फ्लो होने लग गए हैं। २०२३ में १० जुलाई को शाम ३ बजे यमुना का जलस्तर २०५.१० मीटर था लेकिन हथिनीकुंड बैराज से एक साथ २,१५,६७७ क्यूसेक पानी छोड़ा गया और ११ जुलाई को दिल्ली में बाढ़ आ गई थी। यमुना का जलस्तर सुबह १० बजे ही २०६.३४ मीटर के पार चला गया था। ११ जुलाई को फिर से एक साथ सबसे अधिक ३,४४,०३५ क्यूसेक पानी हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा गया। १२ जुलाई को यमुना का जलस्तर २०७.३८ मीटर था।भारी मात्रा में पानी छोड़ने से १३ जुलाई, २३ को दिल्ली में बाढ़ का ४५ साल का रिकार्ड ध्वस्त हो गया था। पिछले हफ्ते से ही मुनादी चल रही है। बोट, गोताखोर, फायर ब्रिगेड, आईएफसी, पीडब्ल्यूडी, हेल्थ सहित सभी संबंधित विभागों के नोडल अधिकारी तैयार हैं। गीता कॉलोनी बंध रोड फ्लड कंट्रोल रूम से २४ घंटे यमुना की निगरानी हो रही है। सीडब्ल्यूसी और आईएमडी से हर घंटे यमुना के जलस्तर और मौसम की जानकारी मिल रही है। मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री हमसे लगातार यमुना की रिपोर्ट ले रहे हैं।

# अपहरण का मामला सुलझा, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के भारत नगर थाने के स्टाफ ने तेरह वर्षीय लड़की के सनसनीखेज अपहरण का मामला सुलझा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों ने नाबालिग लड़की को पैसों के लिए बेचने की साजिश रची थी। लड़की को सुरक्षित छुड़ा लिया गया है।

दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि २१ जुलाई को रात भारत नगर थाने में एक नाबालिग लड़की के लापता होने के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। उसकी माँ ने बताया कि उसकी १३ वर्षीय बेटी शाम लगभग ५:०० बजे जेजे कॉलोनी, वजीरपुर से ट्यूशन के लिए गई थी, लेकिन घर नहीं लौटी। उसके बयान और संभावित अपहरण की आशंका वाले हालात के आधार पर, भारत नगर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी अशोक विहार आकाश रावत की देखरेख में एसएचओ भारत नगर राम किशोर के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान टीम ने पीड़िता का विवरण तुरंत जिपनेट पर अपलोड किया गया और एनसीआरबी, एससीआरबी, सीबीआई और गुमशुदा व्यक्ति दस्ते के माध्यम से देश भर में प्रसारित किया गया। प्रमुख समाचार पत्रों में सार्वजनिक सूचनाएँ प्रकाशित की गईं और सीसीटीवी फुटेज की गहन जाँच की गई, जिसमें पीड़िता इंद्रलोक मेट्रो बस स्टैंड के पास दिखाई दी। ३० से अधिक मोबाइल नंबरों का विश्लेषण किया गया, संदिग्ध इंस्टाग्राम खातों की जाँच की गई और दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में कई छापे मारे गए।

# मुख्यमंत्री ने यमुना घाट और नियंत्रण तंत्र का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी में यमुना नदी और उससे सटे क्षेत्रों में बाढ़ प्रबंधन एवं तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री का दौरा असीता घाट से प्रारंभ होकर यमुना छठ घाट, डीएम ईस्ट कार्यालय, १२ नंबर रेगुलेटर और कंट्रोल रूम तक चला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी की मात्रा और ऊपरी यमुना क्षेत्र में भारी वर्षा को देखते हुए केंद्रीय जल आयोग द्वारा जारी की गई एडवाइजरी के तहत दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर २०६ मीटर तक पहुंचने की संभावना है

मुख्यमंत्री ने बताया कि यमुना में इस समय एक लाख से अधिक क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन वह बिना अवरोध व उतनी ही गति से आगे भी बढ़ रहा है, जबकि पहले ऐसा नहीं होता था, जिसके कारण जलभराव की स्थिति बनती थी। उन्होंने जानकारी दी कि हमारी सरकार ने इस बार यमुना के जलस्तर से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से मॉनिटरिंग की है। लगातार विभागीय टीमें पानी की स्थिति, छोड़े गए पानी के डिस्चार्ज और उसके बहाव पर नजर बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने इस वर्ष मानसून से पहले ही तैयारी को एक्शन मोड में डाल दिया है। जलभराव वाले प्रमुख इलाकों की पहचान कर वहां नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। साथ ही पीडब्लूडी , सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और एमसीडी जैसे विभागों ने नालों की सफाई का काम भी तेज कर दिया है।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी में यमुना नदी और उससे सटे क्षेत्रों में बाढ़ प्रबंधन एवं तैयारियों की समीक्षा करती हुईं।**

# मौज-मस्ती के लिए चुराई स्कूटी, दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के रणजीत नगर थाने की टीम ने स्कूटी चोरी में शामिल दो सीसीएल को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई स्कूटी बरामद की है। आरोपियों ने मौज-मस्ती के लिए स्कूटी चुराई थी।

दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वलसन ने बताया कि ०८.अगस्त को दक्षिण पटेल नगर इलाके से एक स्कूटी चोरी होने की सूचना मिली थी। मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए रंजीत नगर थाने में मामला दर्ज किया गया था।इसके बाद एसएचओ रंजीत नगर की देखरेख में हेड कांस्टेबल अमित, कांस्टेबल चंद और मनु की एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने रंजीत नगर, पटेल नगर और प्रेम नगर के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले। निरंतर प्रयासों के बाद, आरोपियों को प्रेम नगर में ढूंढ निक.ाला गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने दो सीसीएल को पकड़ कर उनके पास से चोरी की गई स्कूटी बरामद की है।लगातार पूछताछ करने पर, उन्होंने मौज-मस्ती के लिए स्कूटी चुराना स्वीकार किया। माता-पिता को शक न हो, इसके लिए वे अपनी स्कूटी गौशाला पार्क, प्रेम नगर, पटेल नगर के पास खड़ी कर देते थे।

# इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन-2025 के फाइनल में 13 कॉलेजों की टीमें चुनी गईः मनजिंदर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कई दिनों की सख्त स्क्रीनिंग, ब्रेनस्टॉर्मिंग और सॉल्यूशन प्रेजेंटेशन के बाद, १३ दिल्ली कॉलेजों की ४० टीमें दिल्ली सरकार के पहले इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन २०२५ के ग्रैंड फिनाले के लिए चुनी गई हैं। विजेता के चयन के लिए फाइनल मुकाबला २२ अगस्त को होगा।इस मौके पर बोलते हुए दिल्ली सरकार के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि "इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन के लिए मिला जबरदस्त रिस्पॉन्स बताता है कि हमारे युवा न सिर्फ पॉलिसी मेकिंग में दिलचस्पी रखते हैं बल्कि असली बिजनेस सॉल्यूशन भी दे सकते हैं। संस्थानों से आए ये फाइनलिस्ट इस बात का सबूत हैं कि दिल्ली के छात्र लॉजिस्टिक्स, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, टेक्नोलॉजी एडॉप्शन और एमएसएमई स्ट्रेंथेनिंग में इनोवेशन को आगे बढ़ा रहे हैं।"फाइनलिस्ट टीमों ने अलग-अलग इंडस्ट्रियल चुनौतियों के लिए इनोवेटिव आइडिया तैयार किए हैं। कोई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन मॉडल बना रहा है, तो कोई स्टार्टअप और आंत्रप्रेन्योर के लिए इस ऑफ डुइंग बिजनेस के नए सॉल्यूशन।

सबसे ज्यादा टीमें नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी से चुनी गईं (१० टीमें)। IGDTUW से ६ टीमें,SSCBS और से ५-५ टीमें फाइनल में पहुंची हैं। अन्य संस्थानों में शामिल हैंख्र भगवान परशुराम इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी , महाराजा अग्रसेन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी , कस्तूरी राम कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, गुरु तेग बहादुर ४जी सेंटेनरी इंजीनियरिंग कॉलेज, किरा.ेरीमल कॉलेज (दिल्ली यूनिवर्सिटी), गुरु तेग बहादुर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, डॉ. भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली, दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी और जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी।

# कॉपियों की जांच के लिए सीबीएसई ने दी डिजिटल मूल्यांकन को मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों की जांच अब तकनीक के सहारे होगी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर-पुस्तिकाओं के डिजिटल मूल्यांकन को लेकर अनुभवी एजेंसी के चयन को मंजूरी दे दी है। बोर्ड अधिकारियों के मुताबिक इस पहल का मकसद है कि परीक्षार्थियों की कॉपियों के मूल्यांकन में लगने वाला समय घटाया जा सके, साथ ही मूल्यांकन की सटीकता और पारदर्शिता भी बढ़ाई जा सके। अनुमान है कि करीब २८ करोड़ रुपये की इस व्यवस्था से छात्रों को समय पर उनका परिणाम मिल सकेगा। सीबीएसई ने इससे पहले भी डिजिटल मूल्यांकन की दिशा में प्रयोग किए हैं। वर्ष २०१४ में १०वीं और वर्ष २०१५ में कक्षा १२वीं की बोर्ड परीक्षाओं में कुछ चुनिंदा विषयों की कॉपियों का ऑन-स्क्रीन मूल्यांकन किया गया था।

हालांकि, उस समय इसे सीमित पैमाने पर ही लागू किया गया। अब बोर्ड का लक्ष्य है कि इस तकनीक को धीरे-धीरे सभी विषयों में लागू किया जाए, ताकि छात्रों को समय पर और त्रुटिरहित परिणाम मिल सकें। बोर्ड के अनुसार, डिजिटल मूल्यांकन की प्रक्रिया अत्यंत संवेदनशील और गोपनीय है। इसे सुरक्षित रखने के लिए अनुभवी तकनीकी साझेदारों की आवश्यकता है। इसके लिए उसी एजेंसी को चुना जाएगा, जिन्हें डिजिटल मूल्यांकन का अनुभव पहले से हो और जो किसी केंद्रीय व राज्य सरकार के अधीन संस्थानों या विश्वविद्यालयों में कार्य कर चुके हों। सीबीएसई गवर्निंग बॉडी ने हाल ही में अपनी बैठक में इस एजेंडे को मंजूरी दी। इससे पहले वित्त कमेटी ने सिफारिश की थी कि ऑन-स्क्रीन मॉर्किंग को सभी विषयों में केवल तब ही लागू किया जाए, जब इसका पायलट प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा हो जाए।

इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत बोर्ड के अलग-अलग क्षेत्रीय कार्यालयों में कुछ विषयों का मूल्यांकन डिजिटल तरीके से किया जाएगा। सफल परीक्षण के बाद इसे चरणबद्ध तरीके से सभी विषयों तक विस्तारित किया जाएगा।

## रंजिशन मारा चाकू, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के सीलमपुर पुलिस थाने की टीम ने हत्या के प्रयास मामले को सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से अपराध का हथियार श्चाकूश बरामद किया है।आरोपी ने निजी दुश्मनी के कारण पीड़ित को चाकू मारा था।दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि १५ अगस्त को शाम लगभग ०६:१० बजे, सीलमपुर पुलिस थाने में के-ब्लॉक झुग्गी की चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पहुँचने पर टीम को पता चला कि घायलों को पहले ही जेपीसी अस्पताल ले जाया जा चुका था।



**दिल्ली सरकार के पहले इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन 2025 के ग्रैंड फिनाले के लिए चुनी गई।**

# इंजीनियर रशीद की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संसद में उपस्थित होने के लिए लगाए गए यात्रा व्यय लगाने के आदेश के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के सांसद इंजीनियर रशीद द्वारा दायर याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने जुर्माना लगाने के तरीके पर स्पष्टीकरण दिया। रशीद ने २५ मार्च को एक समन्वय पीठ द्वारा पारित आदेश में संशोधन की मांग की है, जिसमें संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए कस्टडी पैरोल देते हुए जेल अधिकारियों के पास लगभग चार लाख जमा करने को कहा गया था। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने यात्रा व्यय के रूप में जुर्माना लगाने की प्रक्रिया पर स्पष्टीकरण पेश किया। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि यह राशि संसद सत्र में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, जैसे सुरक्षा और परिवहन, के लिए निर्धारित की गई थी। हालांकि, रशीद ने इस राशि को जमा करने के आदेश को चुनौती दी, इसे अनुचित और बोझिल बताते हुए। इंजीनियर रशीद ने अपनी याचिका में तर्क दिया कि संसद सत्र में भाग लेना उनका संवैधानिक अधिकार है, और इस तरह के वित्तीय दायित्व उनके कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा उत्पन्न करते हैं।

# एमएसएमई को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** "एमएसएमई हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। वर्तमान में यह क्षेत्र भारत के कुल निर्यात में लगभग ४५% योगदान देता है। यदि उपयुक्त नीतियाँ, वैश्विक साझेदारियाँ और नवाचार को बढ़ावा मिले, तो यह योगदान ६०-७०% तक पहुँच सकता है। यही भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्तिबनने की दिशा में आगे ले जाएगा," यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में एमएसएमई ग्लोबल समिट २०२५ में अपने संबोधन के दौरान कही। यह सम्मेलन स्टार इंटरनेशनल एमएसएमई फोरम द्वारा फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया तथा सर्विस एक्सपोर्ट प्रमा.ेशन काउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया।

गुप्ता ने प्रधानमंत्री के "लोकल टू ग्लोबल" के आह्वान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह "सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक क्रांति का घोषणापत्र है।"

२० से अधिक देशोंख्रजिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और संयुक्तअरब अमीरात शामिल हैंख्र के व्यापार प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ यह सम्मेलन भारतीय उद्यमियों को नए बाजारों तक पहुँचने, उन्नत तकनीकों को अपनाने और वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति बढ़ाने का अवसर उपलब्ध कराता है।अध्यक्ष ने "भारत की ताकत केवल बड़े उद्योगों में नहीं, बल्कि उन असंख्य छोटे सपनों में है, जिन्हें लाखों एमएसएमई उद्यमी प्रतिदिन साकार कर रहे हैं। यही छोटे सपने मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनने का मार्ग दिखा रहे हैं।"

गुप्ता ने उद्यमियों से "मेक इन इंडिया" से आगे बढ़कर "मेड फॉर द वर्ल्ड" की ओर बढ़ने का आह्वान किया, उन्होंने कहा कि नवाचार, गुणवत्ता संवर्द्धन और वैश्विक सप्लाई चेन से जुड़ाव ही इस लक्ष्य को प्राप्त करने की कुंजी हैं। साथ ही उन्होंने महिलाओं और युवाओं से आग्रह किया कि वे सरकारी नीतियों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग तथा इस प्रकार के मंचों से मिल रहे अवसरों का भरपूर लाभ उठाएँ।

# फर्जी दस्तावेजों पर किशोरी को बेचकर करवा दी थी शादी, 4 दबोचे

**20 हजार रुपये में बेच दिया था किशोरी को, जबरन शादी करवाकर कई दिनों तक किया यौन शोषण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत नगर से लापता एक १३ साल की किशोरी को भी नहीं पता था कि जो वो परिवार से नाराज होकर घर छोडकर जा रही है। उसके साथ कुछ ही घंटों क्या क्या होने वाला है। किशोरी मेरठ पहुंची तो उसको एक आरोपी ने बहला-फुसलाकर अपने विश्वास में ले लिया। उसके बाद किशोरी को दोस्त के साथ मिलकर एक अन्य जानकार को सिर्फ बीस हजार रुपये में बेच दिया। जिसके बालिग के फर्जी दस्तावेज बनवाकर जबरन शादी तक करवा दी। करीब एक महीने तक उसके साथ जबरन यौन शोषण होता रहा। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके जब्त सामान की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की पहचान राजीव ,विकास ,आशु और रमनजोत सिंह के रूप में हुई है। पिछले साल २१ जुलाई की रात दस बजकर ४० मिनट पर भारत नगर पुलिस को एक १३ साल की किशोरी के लापता होने की जानकारी मिली थी ,जिसकी मां ने बताया कि बेटी शाम पांच बजे जेजे कॉलोनी, वजीरपुर से ट्यूशन के लिए गई थी, लेकिन घर नहीं लौटी।

एसीपी आकाश रावत की देखरेख में एसएचओ राम किशोर के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशोरी की फोटो जिपनेट पर अपलोड की। इलाके में लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर हयूमैन सॉर्स की सहायता ली। फुटेज में किशोरी को इंद्रलोक मेट्रो बस स्टैंड के पास देखा गया। और रेलवे स्टेशन के बाहर और अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालकर उसका रूट पता करने की कोशिश की। तीन से ज्यादा संदिग्ध फोन की जांच की गई। सोशल मीडिया अकाउंट को भी खंगाला गया। दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में मथुरा, रोहिणी, पलवल, द्वारका, शकूरपुर और विभिन्न रेलवे स्टेशनों सहित कई जगहों पर छापे मारे गए। गाँव झाल, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) में छापेमारी करके राजीव को उसके घर से गिरफ्तार करके किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। राजीव की निशानदेही पर उसके तीनों साथियों को गिरफ्तार कर लिया।

पीड़िता से पता चला कि वह परेशान हालत में घर से निकली थी और इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक मेट्रो से यात्रा की। वहाँ से वह ट्रेन में सवार होकर मेरठ पहुँची, जहाँ उसकी मुलाकात आरोपी विकास से हुई। इसके बाद, विकास पीडिघ्ता को आरोपी आशु के घर ले गया। आरोपी ने उसे झूठे आश्वासन दिए और बाद में उसे धमकाया, जिसके कारण वह उनकी साजिश में फंस गई। पूछताछ करने पर पता चला कि विकास किशोरी को मेरठ रेलवे स्टेशन पर मिला था। सह-आरोपी आशु के साथ मिलकर उसे पैसों के लिए बेचने की योजना बनाई। किशोरी को राजीव को सौंपने के लिये बीस हजार रुपये में सौदा किया। किशोरी को बालिग दिखाने के लिये रमनजोत ने फर्जी दस्तावेज बनवाए।

पिछले महीने २४ जुलाई को किशोरी की जबरन राजीव से शादी करवा दी। वह अपने घर पर उसका यौन शोषण करता रहा था। रमनजोत सिंह विजय नगर, सेक्टर-९, गाजियाबाद स्थित अपने आवास के भूतल पर मदन साइबर कैफे के नाम से एक साइबर कैफे चलाता है। फर्जी दस्तावेज बनाने के लिये उसने सेजदा पीडीएफ एडिटर एप्लिकेशन का उपयोग किया था।

# द. बंगाल फाइल्स रिलीज से पहले ही विवादों में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' रिलीज से पहले ही विवादों में है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसे लेकर हंगामा खड़ा हो गया। पश्चिम बंगाल में फिल्म के ट्रेलर को पुलिस ने जबरन रुकवा दिया था। इसी क्रम में सोमवार को फिल्म की अभिनेत्री पल्लवी जोशी और निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने राजधानी में एक प्रेस कांफ्रेंस कर अपना विरोध जताया। इस मौके पर अभिनेत्री पल्लवी जोशी ने कहा कि बंगाल में जिस तरह से फिल्म श्द बंगाल फाइल्सश की ट्रेलर लांचिंग को रोकने के लिए पुलिसिया कार्रवाई की गई, उससे फिल्म यूनिट से जुड़े सभी लोग आहत हुए हैं। कोलकाता पुलिस ने हमारी फिल्म के ट्रेलर लांच को रुकवाया। इसलिए आज मैं यहां पर हूं। फिल्म के निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री भी साथ में हैं।उन्होंने कहा कि हम जिम्मेदार निर्देशक और निर्माता हैं।

२०१२ में इस फिल्म के बारे में सोचना शुरू किया। सत्यजीत रे व मणिरत्नम ने सोचा कि हम अपने लोकतंत्र पर ट्रायोलॉजी बनाएंगे, तीन शेरों पर पहला सच बोलने का अधिकार है। ताशकंद फाइल्स में हमें दूसरे पीएम की मौत के रहस्य पर बनाई, दूसरी न्याय का अधिकार के शेर को लेकर कश्मीर फाइल्स बनाई। ३५ साल बाद उस समय के पीड़ितों को न्याय नहीं मिला है। तीसरा शेर के रूप में जीने का अधिकार को आधार बनाकर बंगाल फाइल्स बनाई है।

# पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, एक फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस की देर रात चेकिंग के दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है जबकि बदमाश का एक अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

पुलिस ने बदमाश के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। पिलखुवा सीओ अनीता चौहान ने बताया कि पिलखुवा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के संतोगढ़ी तिराहे पर चेकिंग की जा रही थी। तभी एक स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो व्यक्ति आते दिखे। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया, तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान दीपक के रूप में हुई है, जो हापुड़ नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ चोरी, लूट और ठगी जैसे अपराधों के एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

उन्होंने बताया कि घायल बदमाश के पास से एक अवैध तमंचा, कुछ जिंदा और खाली कारतूस, और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। वहीं हिस्ट्रीशीटर बदमाश दीपक का एक साथी मुठभेड़ के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।


पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। इसके अलावा पुलिस हिस्ट्रीशीटर बदमाश दीपक के आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य जिलों और थानों से भी जानकारी जुटा रही है।

# पैकिंग मैटेरियल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ-हापुड़ सीमा पर स्थित धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में रविवार देर रात एक पैकिंग मैटेरियल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस आग में लाखों का नुकसान होने का अनुमान है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात करीब 10 बजे, पिलखुवा निवासी अंकित तायल की पैकिंग मैटेरियल फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। चूंकि फैक्ट्री में प्लास्टिक का सामान था, इसलिए आग तेजी से फैल गई और उसने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि फैक्ट्री के मजबूत टीन शेड भी पिघल गए। आग की सूचना मिलते ही हापुड़ और मेरठ के दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फैक्ट्री का टीन शेड पिघलने और दीवारों के कारण आग बुझाने में काफी दिक्कत हुई। आग बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को जेसीबी



की मदद से दीवारें और टीन शेड तोड़ने पड़े, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद, सोमवार तड़के करीब 2:30 बजे आग पूरी तरह से बुझाई जा सकी। इस हादसे में फैक्ट्री में रखा कच्चा माल, तैयार माल और मशीनें पूरी तरह से जलकर राख हो गईं। जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय शर्मा के अनुसार आग लगने का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि आग के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच अभी जारी है।

# हापुड़ में खूंखार हुए कुत्ते, मां-बेटी पर किया कुत्ते ने हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के नेशनल हाईवे- 9 पर सड़क किनारे नौ माह की बच्चीं को लेकर बैठी महिला पर अचानक एक कुत्तें ने हमला कर मां के पैर में बुरी तरह से काट खाया और गोद से सड़क पर गिरी बच्चीं की गर्दन पर हमला कर उसका कान खा गया। गुस्सायें लोगों व परिजनों ने कुत्ते को डंडे से पीट पीटकर कुत्ते के चुंगल से मुक्त करवाया,बाद में कुत्ते की मौत का दावा किया। बच्चीं को दिल्ली रैफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद की उदासीनता के चलते हापुड़ में रोजाना कुत्तों का आंतक बढ़ता ही जा रहा है। हर गली ,मौहल्लें, कालोनी में कुत्ते आती जाती महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गो को अपना निशाना बना रहे हैं। रोजाना 200 से 250 लोग रेबीज का इंजेक्शन लगवाने सरकारी अस्पताल पहुंच रहे हैं। हांलांकि नगर पालिका के ईओ ने जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की बात कही। हापुड़ के नेशनल हाईवे-9 पर कविनगर के बाहर देवनंदनी फ्लाईओवर के नीचे बंजर समुदाय के लोग रहते हैं। शुक्रवार को देर शाम आकाश की पत्नी सपना अपनी नौ माह की इनाया को लेकर बैठी थी, तभी एक कुत्ता उनके पास आकर बैठ गया। परिजनों के अनुसार कुत्ते ने सपना का पैर पकड़ लिया और की जगह काट लिया। हड़बड़ी में खड़े होते समय गोद में लेटी इनाया हाथ से छूटकर सड़क पर जा गिरी, कुत्ते ने सपना का पैर छोड़ बच्ची की गर्दन दबोचने का प्रयास किया, परन्तु शोर सुनकर बच्चीं का कान खा गया। घटना पर मौजूद परिजनों व लोगों ने बच्ची को छुड़ाने के लिए कुत्ते को लाठी डंडे से पीट पीट कर अधमरा कर दिया। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बच्चीं की रक्षा के लिए पीटे गए कुत्ते ने बाद में अपने प्राण त्याग दिए, परन्तु परिजनों ने कुत्ते की मौत से इंकार किया है। उनका कहना था कि बच्चीं को बचाने के लिए लोगों ने उसे डंडे से मारकर भगा दिया था। घायल मान बेटी को अस्पताल ले जाकर रैबीज का इंजेक्शन लगवाया गया और बच्ची को दिल्ली रैफर कर दिया गया। हापुड़ नगर पालिका के ईओ संजय मिश्रा ने बताया कि हापुड़ में अभी तक आवारा कुत्तों के लिए कोई भी शेल्टर होम नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की जानकारी मिली है। जैसे ही शासनादेश आता है, तुरंत ही आवारा कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने की प्रक्रिया को शुरू कराया जाएगा।

# शहीदाने कर्बला की याद में निकाला गया चेहल्लुम का जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** 22 सफर चेहल्लुम दिन रविवार 1447 हिजरी को इमाम बारगाह सैय्यद मोहसीन अली रिज़्वी में एक मजालिस का इंतेखाब किया गया। जिसमें मौलाना हसन अब्बास साहब ने खिताब फरमाते हुए कहा कि इमाम हुसैन अ.स. ने किसी एक मजहब के लिए कुर्बानी नहीं दी बल्कि आलमें इन्सानियत को बाकी रखने के लिए कुर्बानी दी थी।

मजलिस के बाद शबीहे जुलजनाह व अलम बरामद किए गए जो अपने कदीमी रास्तों से किला कोहना, गढ़ गेट चौकी, कोटला सादात से वापिस गढ़ गेट चौकी, नवी करीम, मेरठ गेट चौकी, सर्राफा बाज़ार, असकरी मिर्ज़ा के इमाम बारगाह से होता हुआ खिड़की



बाज़ार, पुराना बाजार, इमाम बारगाह वक सैय्यद जमाल हुसैन शाह, सिकन्दर गेट, भंडा पट्टी, काजीवाड़ा, धुनों के चौक से होता हुआ वापिस इमाम बारगाह सैय्यद मोहसिन अली किला कोहना पर समाप्त हुआ। जुलूस में अथर अब्बास, मोहम्मद अली, ज़रगाम हैदर, असिफ अली, काविश हुसैन, तहसीन हुसैन व मोमीन ने नौहाख्वानी की अन्जुमन हुसैनी हापुड़ व अंजुमन हैदरी साकनी ने मातम करके हुज़ूर की बेटी हज़रत जनाबे फातेमा स.अ. को उनके शहीद बेटे हजरत इमाम हुसैन अ.स. का पुरसा पेश किया। जुलूस की अध्यक्षता अंजुमन हुसैनी के अध्यक्ष सैय्यद राशिद हुसैन ने की।

# बस की टक्कर से युवक की मौत का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** अनवरपुर फ्लाईओवर पर शुक्रवार रात एक रोडवेज बस की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब बुलंदशहर के बुगरासी निवासी कृष्ण कुमार अपने भाई अर्जुन और साथी सौरभ के साथ मैक्स वाहन से फूल लेकर दिल्ली जा रहे थे।

दर्ज मुकदमे के अनुसार, गढ़मुक्तेश्वर डिपो की बस ने पीछे से उनकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में अर्जुन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कृष्ण कुमार को हल्की चोटें आईं। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर चालक की तलाश जारी है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

## गांव के विकास कार्य में अवरोध डालने वालों पर महिला प्रधान का बड़ा आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव रझडा निवासी ग्राम प्रधान ने गांव के दो व्यक्तियों पर गांव में निर्माणाधीन विकास कार्य नहीं करने देने का आरोप। ग्राम प्रधान नीतू पाल ने थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। ग्राम प्रधान नीतू पाल ने आरोप लगाते हुए बताया ग्राम रझेडा में ही रहने वाले सौदान यादव पुत्र तरीफ यादव, विरेन्द्र यादव पुत्र सौदन यादव खनन माफिया है। दोनों आरोपी गांव के विकास कार्य नही करने देते है। दोनो व्यक्ति दबंग प्रवृति के हैं। आरोप है 13 अगस्त को गांव रझेडा से गांव सैना वाले रास्ते पर नाले निर्माण का कार्य चल रहा था। रात्री लगभग 9 बजे दोनों आरोपियों ने नाले के निर्माण को रोकने का प्रयास किया। आरोप है महिला प्रधान पर अश्लील आपत्ति जनक टिप्पणी की गयी तथा गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। काम कर रही लेवर के साथ मारपीट की गयी।

# रामचरित मानस पाठ प्रारंभ, भक्ति रस में डूबा गांव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ग्राम शाहपुर फगोता में धार्मिक उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण का विशेष आयोजन किया गया। मंगलवार, 15 अगस्त से गांव के बालाजी मंदिर प्रांगण में रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ हुआ, जो प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात 10 बजे तक बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में ग्रामवासी बुजुर्ग, युवा एवं महिलाएँ पूर्ण समर्पण के साथ भाग ले रहे हैं। खास बात यह है कि केवल गांव के लोग ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान श्रीराम की भक्ति में सराबोर हो रहे हैं। शाम होते ही पूरा वातावरण रामचरित मानस के पावन छंदों और भजनों की गूंज से आलोकित हो उठता है। आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य संजीव शिशोदिया ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, त्याग और भक्ति भाव को समाज तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि भरत की अपने भाई श्रीराम के प्रति अटूट निष्ठा आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा है।

चेयरमैन रविंद्र सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में परिवार और समाज के संबंध कमजोर होते जा रहे हैं। ऐसे में भगवान राम के जीवन से सीख लेकर हमें आपसी भाईचारे, सद्भाव और समरसता को बढ़ावा देना चाहिए। गांव के बुजुर्गों ने भी माना कि इस आयोजन से युवा पीढ़ी अपने धर्म, संस्कार और परंपराओं से जुड़ती है। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि इस पाठ और भक्ति के माहौल को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

## एक नजर

### स्कूटी में निकला सांप का बच्चा, युवती घबराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** अनवरपुर गांव की एक युवती की स्कूटी में अचानक सांप का बच्चा निकल आने से अफरा-तफरी मच गई। मामला सोमवार दोपहर का है, जब युवती अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से पिलखुवा किसी काम से जा रही थी। जैसे ही वह डूहरी पेट्रोल पंप के पास पहुंची, अचानक स्कूटी के पास सांप का बच्चा दिखाई दिया। सांप को देख युवती घबरा गई और तत्काल स्कूटी सड़क किनारे छोड़कर सुरक्षित स्थान पर चली गई।

राहगीरों ने युवती की मदद करते हुए स्कूटी को ध्यान से खंगाला, जिसके बाद उसमें छिपा हुआ सांप का बच्चा बाहर निकाला गया। लोगों ने लकड़ी की मदद से सांप को सुरक्षित रूप से झाड़ियों में छोड़ दिया। इस दौरान मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई और कुछ देर तक वहां हड़कंप का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में सांप अक्सर घरों, गाड़ियों और सुनसान जगहों में घुस जाते हैं। बताया गया कि युवती सुबह घर से स्कूटी निकालकर सीधे पिलखुवा के लिए निकली थी, इस दौरान संभव है कि सांप का बच्चा स्कूटी में कहीं से आकर छिप गया हो। सौभाग्य से युवती समय रहते सतर्क हो गई और किसी प्रकार की अनहोनी टल गई। राहगीरों की सतर्कता और त्वरित मदद से युवती ने राहत की सांस ली।

### संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ,एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील सभागार में सोमवार संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी की श्रीराम सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान तहसील दिवस में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 3 का मौके पर अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार एवं मंशानुरूप तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत का समाधान पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना चाहिए एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए।

उप जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर तहसीलदार राहुल कुमार , पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वही दूसरी और, सिंभावली क्षेत्र के गांव वैठ में गाली गलौज को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# वांछित आरोपी घर से गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी खलील अहमद पुत्र शकील अहमद, जो कोतवाली पिलखुवा का निवासी है, पर धोखाधड़ी और गबन के गंभीर आरोप हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस लगातार फरार अपराधियों की तलाश में कार्रवाई कर रही है और किसी भी आरोपी को छोड़ा नहीं जाएगा।

# यातायात नियमों की उड़ रही धज्जियां, प्रशासन मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र में वाहन चलाते समय बरती जा रही बड़ी लापरवाही के चलते कई बार सड़क हादसा होने के बाद भी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे है। जो कि यातायात नियमों की जमकर धज्जियां उड़ा रहे है।

न तो हेलमेट के प्रति जागरूकता है, और न ही सीट के प्रति कोई सजग है। वहीं कोई ही ऐसा बाइक सवार सड़क से गुजरता है जिस पर तीन से चार सवारी न हो। इसके सबके बावजूद जिम्मेदार मौन हैं। हैरानी की बात यह है, कि पिछले बारह महीनों के भीतर तहसील क्षेत्र से लाखों रुपये का जुर्माना वसूला जा चुका है। इसके बाद भी वाहन चालक सबक लेने को तैयार नहीं हैं। दरअसल नगर के सबसे व्यस्त स्थानों में गढ़ चौपला माना जाता है। जहां वाहनों की सबसे ज्यादा आवाजाही रहती है। गढ़ चौपलें के आस पास शाह टाइम्स की टीम ने करीब आधा घंटे तक यातायात नियमों के पालन की हकीकत जानने की कोशिश की। दो-चार को छोड़कर जितने भी बाइक सवार गुजरे बिना हेलमेट और ट्रिपिल राइडिंग करते हुए गुजरे। यूं तो चौराहे पर पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। लेकिन गुजरते बाइक सवारों को देखकर लगा कि इन्हें इससे कोई सरोकार नहीं है। न किसी को यातायात नियमों के पालन करने की फिक्र है। और न जिम्मेदारों को पालन कराने की। सीओ वरुण मिश्रा का कहना है, कि नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के चौराहो पर भी पुलिस द्वारा चेकिंग की जाती है। अब अभियान चलाकर ऐसे यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर कार्यवाही की जाएगी।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव फरीदपुर गौसाई में खंबे पर बिजली लगने के बाद दो पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया। विवाद में एक पड़ोसी ने दूसरे पड़ोसी पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी नरेंद्र सिंह ने बताया कि उनके घर के बार ग्राम प्रधान द्वारा खंबे पर बिजली की लाइट को लगाया गया था। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी होने के बाद मौके पर समझौता करा दिया, लेकिन दूसरे पक्ष कुछ देर के बाद उनके घर में घुस गया और उन पर हमला कर दिया। हमले में वह और उनका भाई परविंद्र सिंह घायल हो गए। घायलों को परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गांव देहपा आजमपुर में दबंगई का वीडियो वायरल, कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव देहपा आजमपुर में खुलेआम दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक हाथ में तमंचा लहराते हुए फायर करता नजर आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तमंचे से फायरिंग करने के बाद दबंग ने धमकी भी दी, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

लोगों का कहना है कि वीडियो से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह की धमकियां दी गई होंगी। क्षेत्र में रह रहे लोग भय के साए में जीने को मजबूर हैं। बच्चों और महिलाओं में खासा डर बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार, वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों ने चौकी पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर भी पहुंची, लेकिन बातचीत के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इतनी गंभीर घटना सामने आने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस तरह की घटनाओं पर समय रहते कड़ा कदम नहीं उठाया गया तो कभी भी कोई अप्रिय वारदात हो सकती है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब खुलेआम फायरिंग और धमकी की वीडियो सबके सामने है, तब भी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। फिलहाल यह वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार शेयर किया जा रहा है और क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## फ्लाईओवर हादसे में महिला की मौत, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग फ्लाईओवर पर 9 अगस्त को हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

घटना में गाजियाबाद के दीनानाथपुर पूठी निवासी विपिन अपनी पत्नी बीना और दोनों बेटों तुषार व तरुण के साथ मोटरसाइकिल पर सवार थे। तभी पीछे से आ रही एक टाटा वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पूरा परिवार घायल हो गया। घायलों को राहगीरों की मदद से पहले रामा अस्पताल ले जाया गया, फिर उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया, जहां 12 अगस्त को बीना ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# कांग्रेस नेता सचिन की मुश्किल बढ़ी, देशद्रोह का चल सकता है मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोराना काल के दौरान पीएम मोदी और सीएम योगी के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करने वाले कांग्रेस नेता सचिन चौधरी की मुश्किल बढ़ गई है, क्योंकि उनके द्वारा अपने बचाव में दाखिल की गई याचिका को हाईकोर्ट ने सिरे से खारिज कर दिया है।

गढ़ अमरोहा लोकसभा सीट पर वर्ष 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में किस्मत आजमाने वाले सचिन चौधरी की मुश्किल थमने की बजाए और भी बढ़ गई है। मूलरूप से गढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव कनिया कल्याणपुर के रहने वाले सचिन चौधरी पर कोरोना काल के दौरान पीएम मोदी और सीएम योगी के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करने का आरोप है। संबंधित मामले में केस दर्ज किए जाने के बाद पासपोर्ट जब्त होने के साथ ही सचिन चौधरी को करीब सवा माह तक जेल भी काटनी पड़ी थी। वर्तमान में सचिन चौधरी ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी में सचिव पद के साथ ही उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महासचिव पद पर कार्यरत हैं। जिनकी पत्नी आभा चौधरी पर भी पिछले दिनों जीएसटी विभाग ने शिंकजा कसते हुए कड़ी कार्रवाई की थी। जिसके तहत उनकी फर्म के अकाउंट सीज करते हुए कई महत्वपूर्ण अभिलेखों को जांच के लिए कब्जे में ले लिया था। सचिन चौधरी के खिलाफ दर्ज हुए मामले में देशद्रोह का आरोप लगाते हुए संबंधित कोर्ट में अभियोग पत्र भी दाखिल कर दिया गया है, जिसमें अपना बचाव करने को लेकर दायर की गई याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा सिरे से खारिज कर दिया गया है। सचिन चौधरी का कहना है कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार द्वेषपूर्ण भावना से उत्पीड़नात्मक कार्रवाई करा रही है। कोविड काल में हुई घोर लापरवाही को लेकर की गई टिप्पणी को देशद्रोह जैसे गंभीर मामले के दायरे में लाना किसी भी रूप में उचित नहीं है, परंतु सत्ता के दबाव में मनमाने ढंग में कार्रवाई करते हुए उनकी पत्नी की फर्म के बैंक खाते तक सीज कर दिए गए हैं।

## घर पर अवैध रूप से कब्जे का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव सिखेड़ा में मकान पर अवैध कब्जे को लेकर भाई और उसके परिजन हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव निवासी कादिर ने बताया कि उसके माता पिता की मृत्यु हो चुकी है। उसका भाई शेरूदीन हापुड में निवास करते हैं। उसका भाई के पास गलत व्यक्तियों का उठना बैठना है। गांव सिखेडा के वह पुस्तैनी मकान में रहता है। पीड़ित ने बताया कि तीन अगस्त शेरुदीन रिहान, रुकसार उर्फ भुरी, उस्मान रहीम, इमरान, मुनीजा, अफरोज, काशिफा उसके घर में घुसे तथा उसके उसकी पत्नी शमा के साथ आरोपियों ने गाली गलोच व मारपीट कर और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें

## तीनों तहसीलों में 70 शिकायतें हुई दर्ज, 10 शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से जिले की तीनों तहसीलों में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 70 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 10 शिकायतों का समाधान मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया।




जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम ने तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निस्तारण के दिशा-निर्देश दिए। सदर तहसील में कुल 06 शिकायतें दर्ज की गई, जिसके सापेक्ष 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए शासन गंभीर है। अतः अधिकारीगण निस्तारण में कोताही न बरतें और प्राथमिकता के साथ प्रत्येक शिकायत का मौके पर जांच कर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी मेधा रूपम ने सदर तहसील के परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपित कर, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी टीकम सिंह, तहसीलदार सदर प्रतीक चौहान एवं संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके सापेक्ष 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 25 शिकायते दर्ज की गई, जिसके सापेक्ष 01 शिकायत का निस्तारण सम्बंधित अधिकारी के माध्यम से मौके पर ही किया गया।

# डीएम ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में बाढ़ तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु की गई तैयारियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया।



जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बाढ़ चौकियों को सक्रिय रखा जाए तथा वहां पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगाई जाए और जरूरी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित हो।

जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि वह नियमित रूप से नदियों के जल स्तर की निगरानी करें तथा समय-समय पर प्रशासन को अवगत कराएं। बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्रामों के निवासियों को सतर्क रहने और पानी बढ़ने की संभावना के बारे में लगातार जानकारी दी जाए। साथ ही प्राधिकरणों के अधिकारियों से कहा कि डूब क्षेत्रों में जो गौशालाएं है, उनको लेकर भी वैकल्पिक व्यवस्था रखी जाए, क्योंकि यदि जनपद में बाढ़ की स्थिति बनती है तो वहां से गोवंशों को रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा जा सके।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति से निपटने हेतु आपसी समन्वय बनाते हुए अपनी सभी तैयारियों को पूर्ण रखें और राहत कार्यों को लेकर पहले से ही अपनी योजना तैयार कर ली जाए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप चौबे, एआरओ चारुल यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग से पवन कुमार, सी.पी. सिंह रावल तथा अन्य संबंधित विभागों के आधिकारिक उपस्थित रहे।

# लेखपाल पर बरसे प्राधिकरण शीर्ष अधिकारी

- **नोटिस और सील भवनों की लिस्ट बनाएं, अवैध निर्माण पर दर्ज कराएं एफआईआर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा की अधिसूचित जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण के खिलाफ लिए जा रहे एक्शन से प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी नाखुश हैं। अब तक अवैध निर्माण को लेकर लिए गए एक्शन पर लेखपालों के साथ एक विस्तृत बैठक की गई।

ओएसडी महेंद्र प्रसाद ने निर्देश दिए कि नोएडा की अधिसूचित जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण के संबंध में ग्रामवार, खसरा नंबर और अतिक्रमणकर्ता की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर संबंधित थानों में एफआईआर की जाए।

**अब तक दर्ज नहीं एफआईआर की बनाएं सूची:** जिन मामलों में थानों में शिकायत दी गई, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। प्रभावी पैरवी करके इसकी एक विस्तृत जानकारी बनाए और शीर्ष अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जाए। ताकि पुलिस के आला अफसरों से बातचीत कर एफआईआर दर्ज कराई जा सके।

अवैध निर्माण के खिलाफ दिए गए नोटिस, संबंधित थानों में दी गई तहरीर , सील किए गए भवन की एक सूची बनाई जाए।

**अधिसूचना के बोर्ड को सही किया जाए:** नोएडा प्राधिकरण ने जिस स्थानों पर अधिसूचित बोर्ड लगाए हैं उनको ठीक किया जाए। यमुना और हिंडन डूब में अवैध निर्माण को रो. कने के लिए जिला प्रशासन, सिंचाई विभाग और पुलिस विभाग से समन्वय कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। इन मामलों में यदि थोड़ी सी भी लापरवाही बरती तो लेखपाल के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

# निवेश मुनाफा दिखाकर ठगे 1.57 करोड़

- **वॉट्सएप ग्रुप पर जोड़कर ठगा, विश्वास जीतने के लिए दिखाए सेबी से जुड़े डॉक्यूमेंट्स**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शेयर बाजार में निवेश कर लाखों रुपए का मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने बुजुर्ग कारोबारी के साथ 1.57 करोड़ रुपए की ठगी की। ठगों ने वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़कर ठगी की। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-126 थाने की पुलिस ने ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, उनकी जानकारी जुटाई जा रही है।




पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-128 स्थित जेपी ग्रीन्स सोसाइटी निवासी अजय सिंह ने बताया- वह कारोबारी हैं और शेयर बाजार की अच्छी समझ रखते हैं। सात जून को अजय को शेयर बाजार संबंधी एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ दिया गया। इसमें 20 से अधिक सदस्य थे,जो लगातार निवेश पर होने वाले मुनाफे का स्क्रीनशॉट साझा कर रहे थे। 15 जून को अजय के पास फोन कर एडमिन अनिकिता डेका नाम की महिला ने खुद को कथित बजाज फाइनेंशिल कंपनी से होना बताया।

**पहली बार में 50 हजार कराए निवेश:** अनिकिता ने कहा कि अगर उसके निर्देशन में निवेश किया जाए तो शत प्रतिशत मुनाफा होगा। इसकी उसने गारंटी भी दी। उसने नामी कंपनी और सेबी से जुड़े कागजात भी दिखाए। कागजात देखने में सही लग रहे थे। ऐसे में अजय को महिला द्वारा कही गई बातों पर विश्वास हो गया। ठगों ने एक ऐप पर अजय का पंजीकरण कराकर शुरुआत में 10 से 50 हजार का निवेश कराया। इससे अजय को मुनाफा भी हुआ, जो ऐप में दिख रहा था। प्रारंभिक चरण में अजय को रकम निकालने की अनुम. ति भी दी गई।

**ऐप पर रोजाना दो से तीन गुना मुनाफा:** ठग हर दिन ऐप पर मनच.ाहा मुनाफा दिखाते जा रहे थे। ऐप पर अजय को कुल निवेश का दो से तीन गुना मुनाफा होता दिख रहा था। ठगों ने आइपीओ की अलॉट खरीद के नाम पर भी रकम ऐंठी।

पीड़ित ने जब सारी रकम निवेश कर दी तो उसपर और रकम ट्रांसफर करने का दबाव बनाया जाने लगा। ऐसा करने से मना करने पर ठगों ने खुद ही सात दिनों के लिए 10 लाख रुपए का ब्याजमुक्त लोन अजय को दे दिया। अजय ने 19 जुलाई तक 1. 85 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए। एप पर पोर्टफोलियो 59 करोड़ रुपए दिखा रहा था।

**सर्विस चार्ज के मांगे 13 करोड़:** जमा पूंजी खत्म होने पर अजय ने मुनाफे समेत रकम को निकालना चाहा। ठगों ने इसके बाद सर्विस समेत अन्य चार्ज के नाम पर 13.5 करोड़ रुपए जमा कराने का फरमान सुना दिया। यह सुनकर अजय के होश उड़ गए।

उन्होंने रकम जमा करने से मना किया तो ठगों ने ग्रुप से निकालकर संपर्क तोड़ लिया। जिस नंबर से कथित अनिकिता डेका ने कॉल की थी वह नंबर भी बंद आने लगा। सेक्टर-126 थाना प्रभारी ने बताया पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस मामले को साइबर क्राइम थाने भेजकर जांच कराई जाएगी।

## एक नजर

### ग्रीन बेल्ट में बढ़ती गंदगी से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-16 बी में जगह-जगह कचरा पड़ा होने के कारण लोग परेशान हैं। निवासी दिनकर ने बताया कि सड़क किनारे, पार्कों के पास और सोसाइटियों के बाहर गंदगी का ढेर लगे हैं। यह प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसके कारण ग्रीन हरियाली नष्ट हो गई है। वहीं, बरसात के मौसम में यह समस्या और अधिक बढ़ गई है। आरोप है कि ग्रीन बेल्ट पर रेहडी और पटरी वाले कचरे को सड़क पर छोड़कर चले जाते हैं या नालों में डाल देते हैं। इसके कारण नाले जाम हो गए हैं। प्राधिकरण से शिकायत करने पर भी इन समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा।

### जापानी कंपनी एस्कॉर्टस कुबोटा करेगा 4500 करोड़ का निवेश

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण ने सोमवार को जपानी कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड को सेक्टर-10 में 190 एकड़ जमीन के लिए लेटर ऑफ इंटेंट जारी किया है। इस जमीन पर कंपनी ट्रैक्टर निर्माण की एक यूनिट बनाएगी। प्राधिकरण ने बताया कि एस्कॉर्ट्स एक भारतीय कंपनी है। जिसने 2019 में जापानी कंपनी कुबोटा के साथ साझेदारी की थी। इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय किसानों और वैश्विक बाजारों की आवश्यकताओं के अनुसार किफायती और उपयोगी ट्रैक्टरों का निर्माण करना है।

**पहले फेज में दो हजार करोड़ का निवेश:** एस्कोर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने करीब एक साल पहले उत्तर प्रदेश सरकार के साथ 200 एकड़ जमीन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। यह परियोजना लगभग 4500 करोड़ के निवेश के साथ शुरू की जा रही है।

जिसमें चरणबद्ध तरीके से करीब 4000 लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य है। पहले चरण में कंपनी 2000 करोड़ का निवेश करेगी, जिसमें ट्रैक्टर प्लांट, कॉमर्शियल इक्विपमेंट प्लांट और अन्य सहायक सुविधाएं स्थापित की जाएंगी।

**मांग पर बढ़ेगा निवेश:** दूसरे चरण का विस्तार बाजार की मांग और पहले चरण की उत्पादन क्षमता के उपयोग पर निर्भर करेगा। कंपनी का लक्ष्य भारत और वैश्विक बाजारों के लिए उत्पाद तैयार करना है। इसके लिए यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में एक ग्रीनफील्ड मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा।

### सफाई कर्मियों की मौत पर एक्शन

**नोएडा।** सेक्टर 115 में 16 अगस्त को पंपिंग स्टेशन के सीवर की सफाई के दौरान दो सफाई कर्मियों की मौत के मामले में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम ने कड़ी कार्रवाई की है। जांच रिपोर्ट में अवर अभियंता, प्रबंधक और वरिष्ठ प्रबंधक तीनों की लापरवाही सामने आई है। ऐसे में सीईओ ने अवर अभियंता अनिल वर्मा संविदा को 3 महीने के लिए सेवा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं।

प्रबंधक पवन बरनवाल को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ जल एवं सीवर के खंड एक के वरिष्ठ प्रबंधक अशोक कुमार वर्मा को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बता दे अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश को जांच करने की जिम्मेदारी सौंप गई थी। उन्होंने सोमवार को जांच रिपोर्ट सीईओ को सौंपी। जिसमें सेक्टर 115 के पंपिंग स्टेशन की सीवर की सफाई के दौरान दो सफाई कर्मियों की मौत के मामले में उक्त तीन अधिकारियों को प्रथम दृष्टया लापरवाही का दोषी पाया गया है।

बता दें कि, जल एवं सीवर के महाप्रबंधक स्तर पर अक्सर ठेकेदारों को सख्त हिदायत दी जाती थी कि वह सुरक्षा उपकरण व मास्क के बगैर सफाई कर्मियों को सीवर में नीचे उतरने ना दें। इसके बावजूद भी ठेकेदारों ने शीर्ष अधिकारियों की चेतावनी को नजर अंदाज करके बिना सुरक्षा उपकरणों से सफाई कर्मियों को सीवर की सफाई के लिए नीचे उतार दिया। जिसके कारण जहरीली गैस से दम घुटने के कारण दोनों सफाई मजदूर की मौत हो गई थी।

### सपा की साइकिल यात्रा रोकी गई

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में समाजवादी पार्टी के नेता आज वोट चोरी का विरोध करते हुए एक साइकिल यात्रा निकालने वाले थे। यह लोग ग्रेटर नोएडा से दिल्ली तक साइकिल से जाते और अपना विरोध जताते लेकिन उससे पहले ही ग्रेटर नोएडा में सपा नेताओं को पुलिस के द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने बताया कि समा. जवादी पार्टी के युवा नेता विकास जतन प्रधान के नेतृत्व में चुनाव आयोग द्वारा वोट चोरी के विरोध में ग्रेटर नोएडा से दिल्ली तक साइकिल यात्रा निकालने की घोषणा हुई थी।

# कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-31/25 चौराहे के पास तेज रफ्तार कार के चालक ने सामने जा रही स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाने में दी शिकायत में गढ़ी चौखंडी निवासी आकाश कुमार ने बताया कि निठारी निवासी उनके जीजा सुनील कुमार रविवार को स्कूटी से जा रहे थे। मंगल बाजार के मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।

# सिगरेट को लेकर बवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा टू थाना क्षेत्र के अल्फा 2 सेक्टर में सिगरेट को लेकर हुआ मामूली विवाद बड़ी मारपीट में बदल गया। आरोप है कि नशे में धुत कुछ युवकों ने दुकानदार से झगड़ा शुरू कर दिया। बात बढ़ते-बढ़ते आरोपियों ने दुक. ानदार पर ईंट-पत्थर बरसा दिए। देर रात तक इलाके में जमकर हंगामा हुआ। घटना के दौरान वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोग दहशत में आ गए।

**सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो:** इस पूरी वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी युवक पत्थरबाजी कर रहे हैं और दुकानदार को निशाना बना रहे हैं।

**पुलिस जांच में जुटी:** हमले के बाद आरोपी कार में बैठकर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# मेट्रो स्टेशनों से यात्रियों की मोबाइल चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर के विभिन्न मेट्रो स्टेशनों से सफर करने वाले यात्रियों की जेब से कीमती मोबाइल फोन चोरी करने वाले एक गिरोह के शातिर बदमाश को थाना सेक्टर- 49 पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर गिरफ्तार है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 1 मोबाइल फोन बरामद किया है।

बदमाश के खिलाफ गाजियाबाद और नोएडा के थानों में विभिन्न आपराधिक मामलों में 4 मुकदमें दर्ज है। पुलिस इसके गिरोह में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश कर रही है।

थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बताया कि फिरोज नामक शख्स ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशों ने उसकी जेब से कीमती मोबाइल फोन चोरी कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के अनुसार 16 अगस्त को वह कश्मीरी गेट दिल्ली से मेट्रो पकड़ कर के नोएडा सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन पर पहुंचा। जब वह नीचे उतरा तो उसने देखा कि चोरों ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया है। उन्होंने बताया कि मेट्रो स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज गोपनीय सूचना व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से मोबाइल फोन चोरी करने वाला वांछित अभियुक्त इमरान पुत्र यासीन को मेघदूतम पार्क के सामने से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 1 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। अभियुक्त ने चोरी की कई घटनाओं का खुलासा किया है।

# यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे 25 अवैध ठेली-पटरी जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सड़कों के किनारे अवैध रूप से लगने वाले खोखा, ठेली- पटरी पर प्राधिकरण की तरफ से कार्रवाई जारी है। आज की गई कार्रवाई में अवैध रूप से सड़क किनारे ठेली-पटरी और झुग्गी बनाकर रहने वाले 25 लोगों हटाया गया है। प्राधिकरण द्वारा की गई का कुछ लोगों ने विरोध करना चाहा लेकिन पुलिस बल को देख कर अतिक्रमणकर्ता भाग चले।




ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि अर्बन सर्विसेज विभाग की तरफ से सोमवार को स्थानीय पुलिस के साथ ग्राम तुगलपुर के मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से लग रही ठेली-पटरी, झुग्गी व अस्थायी दुक. ानों को हटवाया गया है । करीब 25 ठेली-पटरी और अस्थाई दुकानों को हटा दिया गया है।

उन्होंने बताया कि वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव के नेतृत्व में हुई इस कार्वाई में मैनेजर शुभांगी तिवारी, सहायक मैनेजर नरेश गुप्ता सहित अर्बन सर्विसेस विभाग की पूरी टीम शामिल रही। उन्होंने बताया कि सड़कों के किनारे अवैध ठेली-पटरी लगने से यातायात बाधित होता है। इसे ध्यान में रखते हुए सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सड़कों के किनारे ठेली-पटरी लगाकर यातायात को बाधित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

# आसमान में आधी रात को ड्रोन दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के बिसरख गांव में आधी रात आसमान में ड्रोन दिखने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर इनके वीडियो वायरल किए। पुलिस से मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया पर लोगों ने पुलिस से शिकायत की है। इसके साथ ही कुछ वीडियो भी अपलोड किए हैं। लोगों का कहना है कि रविवार की रात 1:00 बजे बिसरख गांव में आसमान में 10 से 15 ड्रोन देखे गए। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ड्रोन को लेकर पहले भी कई वीडियो सामने आ चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ड्रोन से निगरानी कर चोरी की घटनाएं की जाती हैं।

हालांकि, चोरी की ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई है। कुछ लोग इस तरह की घटनाओं को अफवाह बता रहे हैं। इस मामले में एडीसीपी सेंट्रल नोएडा डॉ. प्रवीण रंजन सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी की जा रही है। पुलिस द्वारा प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेटर नोएडा में परिवार पर हमला

- **बुजुर्ग समेत चार लोग घायल, पुराने विवाद में पड़ोसियों ने किया हमला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के उस्मानपुर गांव में एक परिवार पर पड़ोसियों ने हमला कर दिया। घटना में एक बुजुर्ग समेत 4 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का पास के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पीड़ित असगर ने पुलिस को बताया कि रविवार शाम को उनके पिता अख्तर और मां घर पर खाना खा रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी धारदार हथियार और लाठी-डंडों के साथ घर में घुस आए। आरोपियों ने पहले उनके पिता पर हमला किया। फिर मां और भाई को भी नहीं बख्शा। मौके पर पहुंची असगर की पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। हमला करने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए।

पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर भूरा, फरमान, रिजवान और रहीस के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों से पुराना विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में यह हमला किया गया। दनकौर कोतवाल प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# यमुना पुश्तें पर एलिवेटेड रोड बनेगी

## चार हजार करोड़ होंगे खर्च, सिचाईं विभाग से एनओसी का इंतजार, एयरपोर्ट से मिलेगी कनेक्टिवटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में यमुना पुश्तें पर एलिवेटेड रोड बनाने की योजना को जल्द रफ्तार मिलने की उम्मीद है। यह एलिवेटेड रोड नोएडा में सेक्टर-94 गोलचक्कर के पास से सेक्टर-150 तक बननी है। इसके निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने शासन और नोएडा प्राधिकरण को प्रस्ताव दिया है। साथ ही सिंचाई विभाग से एनओसी लेने की प्रक्रिया भी तेज हो गई है।



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी के साथ एलिवेटेड बनने से नोएडा एक्सप्रेस वे पर यातायात का भार कम हो जाएगा। सिचाई विभाग से एनओसी मिलने के बाद एलिवेटेड की रुपरेखा तैयार की जाएगी।

**7 से 8 महीनों में मिल जाएगी एनओसी:** प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि आगामी सात से आठ दिनों में एनओसी मिल जाएगी। वहीं, प्राधिकरण के जीएम आरके अरोड़ा ने बताया निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने भी प्रस्ताव दिया है। छह लेन की इस सड़क के निर्माण पर करीब 4 हजार करोड़ रुपए खर्च आने का अनुमान है।

**नोएडा प्राधिकरण बोर्ड में मिली थी मंजूरी:** नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड ने यमुना पुश्ता पर एलिवेटेड का निर्माण यू पीडा से कराने का निर्णय लिया गया था। निर्माण में जितना भी खर्च आएगा, उसका वहन नोएडा , ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण करेगा। नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में चर्चा के बाद इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई थी। पहले ये एक्सप्रेस 6 लेन का एलिवेटेड और आठ लेन ऑन ग्राउंड बनाया जाना था। लेकिन अब इसे सिर्फ एलिवेटेड ही बनाया जाएगा।

**एयरपोर्ट की दिल्ली से सीधे कनेक्टिविटी:** दरअसल ये एक्सप्रेस वे छह लेन एलिवेटेड होगा। ये ओखला बैराज से हिंडन यमुना होते हुए यमुना एक्सप्रेस वे तक जाएगा। ये नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए दिल्ली से सीधे कनेक्टिविटी भी होगी। इसका फायदा तीनों प्राधिकरण नोएडा , ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे को होगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# ईपीए पर केंटर पलटने से परिचालक की मौत, चालक घायल

## सिगोली तगा गांव के समीप हुआ हादसा, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर सिंगोली तगा गांव के समीप केंटर पलटने से परिचालक की मौत हो गयी जबकि चालक घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही परिजनों को सूचना दे दी गयी है। रामपुरा दरभंगा बिहार निवासी सतबीर पुत्र राजन केंटर चालक है। वह बासलगढ हरियाणा से प्लास्टिक का समान लेकर नोएडा फैक्ट्री में जा रहा था। उसके साथ उसी के गाव का परिचालक 40 वर्षीय कनैया मंडल पुत्र राधे मंड़ल भी साथ था जब वह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर पहुंचा तो सिंगोली तगा गांव के समीप पहुंचा तो केंटर अनियंत्रित होकर पलट गया। राहगीरों ने देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। गम्भीर अवस्था में चालक को बाहर निकाल जिला अस्पताल भेजा गया जबकि परिचालक की मौकें पर मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के परिजनों को सूचना दे दे गयी है।

## बाईक और कार की भिड़ंत में बाइक सवार दो लोग हुए घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के रिवर पार्क के सामने दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एक दुर्घटना हुई। रॉन्ग साइड से आ रही बाइक कार से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए।

घायल युवकों की पहचान पाली निवासी हारून और गुलजार के रूप में हुई। दोनों अपने रिश्तेदार के घर से सामान लेकर लौट रहे थे। स्थानीय निवासी गौरव के अनुसार, दोनों युवक बागपत से खेकड़ा की तरफ जा रहे थे। उनके हाथ में सामान था और वे बाइक रॉन्ग साइड पर चला रहे थे। इसी दौरान दिल्ली से बागपत की तरफ आ रही कार से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उनकी स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 11 माह के मासूम की हत्या के मामले का पुलिस ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** थाना क्षेत्र के टांडा गांव स्थित दारुल उलूम मुजाफरिया लिल बनात मदरसे में 11 माह के मासूम की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस घटना से गांव और आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

मदरसे के संचालक मुफ्ती शहजाद ने बताया कि वे पिछले 13 वर्षों से मदरसा चला रहे हैं। उनके बेटे न होने के कारण उन्होंने करीब 9 महीने पहले अपने साले सुलेमान निवासी कुटेरसा, जनपद मुजफ्फरनगर के बेटे तलहा उर्फ अबुतला 11माह को अपने पास रखकर पालन-पोषण करना शुरू किया था। शनिवार की रात्री करीब 12 बजे शहजाद और उनकी पत्नी रुबीना ने बच्चे को दूध पिलाकर बेड पर सुला दिया। रविवार सुबह नींद से उठने पर जब उन्होंने देखा तो बच्चा गायब था। तलाश करने पर वह बेड के अंदर कपड़े में लिपटा मिला। आनन-फानन में उसे सीएचसी छपरौली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर मदरसे की ही एक किशोरी रात में संदिग्ध रूप से कमरे और परिसर में घूमती हुई दिखाई दी। संदेह गहराने पर पुलिस ने किशोरी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने मासूम की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी को न्यायालय मे पैस किया जहा से उसको जेल भेज दिया गया है।

## तेज बारिश के कारण चारों तरफ हुआ जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर की गलियों सड़कों पर भारी बारिश ने मचाई आफत सड़क नाले हुए ओवरलोड चारों तरफ पानी ही पानी तरण ताल बन गई। नगर की सड़के रेलवे अंडरपास पर भी भरपूर हुआ पानी आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क पर चलने वाले लोगों को भी छोटे वाहन चलाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा पैदल चलने वाले लोगों को रक्षा में बैठकर 1 किलोमीटर जाने तक के लिए 20 तक का चार्ज देना पड़ा। नगर की गलियों में पानी ही पानी भर जाने से मोहल्ले के लोगों के मकान में भी पानी घुस गया। सभी नाल ओवरलोड हो गए नालों का पानी सड़कों पर आ गया जिसमें सड़क पर गंदगी के देर लग गए। सोमवार को सुबह से ही भारी बारिश होती रही भारी बारिश के चलते किसानों के खेतों में भी पानी भर गया। बारिश का असर गन्ने की फसल पर हुआ है। लोगों का कहना है कि नालों की सफाई नहीं होने के कारण बरसात का पानी कीचड़ से भरकर सड़कों पर आ जाता है। इससे नगर पालिका परिषद की लापरवाही उजागर होती है। समय पर नालों की सफाई न होना भी विकट समस्या बनती जा रही है। कुछ लोगों का कहना है कि शहर के दुकानदार कूड़ा कचरा भी नालों में डाल देते हैं जिसकी वजह से बरसात के पानी के साथ नालों का कीचड़ सड़क पर फैल जाता है। इससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सोमवार को जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने स्वयं बागपत तहसील में पहुँचकर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस केवल सुनवाई का मंच नहीं, बल्कि जनता को त्वरित और संतोषजनक समाधान दिलाने का प्रयास है।

तीनो तहसीलो में कुल 42 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 13 का मौके पर ही निस्तारण हुआ। शिकायतों में सबसे अधिक मामले राजस्व, बिजली, नगर विकास, पेंशन और पुलिस प्रशासन से जुड़े रहे। ग्रामीणों ने अवैध कब्ज़ों, भूमि विवादों, साफ-सफाई और पेयजल की समस्याओं को भी प्रमुखता से रखा। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि लंबित प्रकरणों पर निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित हो तथा प्रगति रिपोर्ट भी नियमित प्रस्तुत की जाए। डीएम ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि विभागीय समन्वय में सुधार लाए और सुनिश्चित करे कि जनता को बार-बार एक ही समस्या लेकर न आना पड़े। यदि किसी प्रकरण पर लापरवाही हुई तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाधान दिवस तभी सार्थक होगा जब जनता को वास्तविक राहत मिले। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने फरियादियों को भी आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याएँ तथ्यों और साक्ष्यों सहित रखें, जिससे उनका समाधान और भी आसान हो सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, एसडीएम बागपत अमरचंद वर्मा, तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने 6 पीड़ितों के 51.15 लाख रुपये कराए वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए लोगों को राहत दी है। पुलिस ने मात्र 15 दिन के अंदर 6 पीड़ितों के 51.15 लाख रुपए वापस कराए हैं। इन सभी मामलों में पीड़ितों ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ितों की रकम वापस कराने में सफलता हासिल की। पुलिस की इस सराहनीय कार्रवाई के लिए एसपी सूरज कुमार राय ने साइबर क्राइम टीम को 10 हजार रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पीड़ितों ने रकम वापस मिलने पर पुलिस का आभार जताया। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे साइबर ठगी से सावधान रहें। किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। एसपी सूरज कुमार राय ने कहा कि साइबर क्राइम पुलिस ऐसे मामलों को गंभीरता से लेती है और पीड़ितों की मदद के लिए तत्पर रहती है।

### बढते यमुना के जलस्तर को देखते हुए यमुना के आसपास प्राइवेट गोताखोर किए गए तैनात



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी खतरे के निशान के करीब बह रही है। पहाड़ों में हो रही बरसात और हथिनीकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति विकट हो गई है। प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। बाढ़ चौकियों को अलर्ट पर रखा गया है। यमुना के आसपास प्राइवेट गोताखोर तैनात किए गए हैं। स्थानीय लोगों से नदी के पास न जाने की अपील की जा रही है। सोमवार को हथिनीकुंड बैराज से 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। यह पानी मंगलवार दोपहर तक बागपत पहुंचने की संभावना है। इससे जलस्तर में और वृद्धि की आशंका है। जागोश, कोताना, खेड़ी प्रधान, नेथला और सुभानपुर शहीद सहित दर्जनों गांव जलस्तर बढ़ने से प्रभावित हुए हैं। स्थानीय किसान विरेंद्र, पप्पू, सुभाष, राहुल और रवि ने बताया कि हजारों बीघा फसल जलमग्न हो चुकी है। ज्वार, धान और गन्ने की फसलें पानी भरने से प्रभावित हुई हैं। जनपद के अधिकारी लगातार स्थिति का जायजा ले रहे हैं। प्रशासन ने सभी से सतर्क रहने और सावधानी बरतने की अपील की है।

## किसानों की हजारों बीघा खडी गन्ने की फसल यमुना नदी में समाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र के यमुना खादर में हथिनीकुंड बैराज से लगातार छोड़े जा रहे यमुना नदी में पानी से किसानों की जमीन पर खड़ी गन्ने की फसल बर्बादी के कगार पर आ गई है। किसानों को भी चिंता सताने लगी है। यमुना नदी पर बसे जागौश शबगा के किसानों की खड़ी गन्ने की फसल लगातार यमुना नदी में समाई जा रही है। यमुना नदी के तट पर बसे जागौश गांव के किसान अमित त्यागी निटु शर्मा मांगेराम शर्मा नरेश कुमार सुरेश कुमार शर्मा लव कुश शर्मा आदि किसानों ने बताया कि यमुना नदी में अधिक पानी आने से किसान परेशान होते नजर आ रहे हैं। किसानों की हजारों बीघा जमीन पर खडी गन्ने की फसल यमुना नदी में समा गई है। किसानों के सामने रोजी-रोटी तक का संकट पैदा होने लगा है। इस वक्त भारी नुकसान किसानों का यमुना नदी पर हो रहा है। शबगा गांव के जनक पवार रमेश कश्यप विनोद कश्यप सतवीर देवेंद्र सिंह आदी किसान अपने खेतों में जाकर ज्वार गन्ने की खड़ी फसल को लगातार काट रहे हैं। किसानों ने कहा कि जितना नुकसान इस बार हो रहा है। इतना नुकसान पिछले वर्ष भी नहीं हुआ था। अगर ऐसा ही होता रहा तो किसान बर्बाद हो जाएगा। गांव के किसानों ने जिलाधिकारी से भी इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। भारी तादाद में किसानो की गन्ने की खड़ी फसल का नुकसान लगातार हो रहा है। विभाग इस संबंध में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता रजनीश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यमुना नदी की स्थिति अभी खतरे से बाहर है और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दौरा किया जा रहा है। प्रत्येक गांव पर नजर रखी जा रही है। कुछ गांव में किसानों की फसलों का नुकसान भी हो रहा है। उनकी सूची भी बनाई जा रही है। लगातार हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में पानी छोड़ा जा रहा है जो किसानों के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है। यमुना नदी में अधिक पानी आने के कारण जो पशु यमुना नदी के किनारे खेतों में चारा खा रहे हैं। उनकी यमुना नदी में गिरकर मौत हो रही है जो पानी के साथ तैर रहे हैं। मृतक पशु भी लगातार पानी में बहते हुए आ रहे हैं यमुना नदी के किनारे घूमने वाले पशुओं की लगातार मौत हो रही है। अधिकतर यमुना नदी में मृतक गायें व सांडो की मौत हो रही है।

## बेजुबान जानवरों को घातक बीमारी से है बचाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, भारत में रेबीज के 99प्रतिशत से अधिक मामले कुत्तों के काटने से होते हैं। इस अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन का लक्ष्य न केवल मानव स्वास्थ्य की रक्षा करना है, बल्कि बेजुबान जानवरों को भी इस घातक बीमारी से बचाना है। जानवरों में इसके लक्षणों में अचानक व्यवहार में बदलाव, अत्यधिक आक्रामकता या असामान्य शांति, भूख न लगना, पानी पीने में डर (हाइड्रोफोबिया), अत्यधिक लार टपकना, चलने में कठिनाई, दौरे पड़ना और लकवा शामिल हैं। लक्षण प्रकट होने के बाद अधिकांश जानवर 7 से 10 दिनों के भीतर मर जाते हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि लक्षण आने के बाद इस बीमारी का कोई स्थायी इलाज संभव नहीं है, इसलिए समय पर रोकथाम ही एकमात्र प्रभावी उपाय है। इसलिए जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी एवं अपने पालतू जानवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एंटी रेबीज टीकाकरण अवश्य कराए। यह अभियान रोग-निवारण के साथ साथ मानवीय संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश भी देता है। संविधान हमें यह स्मरण कराता है कि जीव-जंतु हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं। उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा में योगदान देना हमारा नैतिक, सामाजिक और संवैधानिक कर्तव्य है। जब हम अपने पालतू जानवरों को टीका लगवाते हैं, तो हम न केवल उन्हें एक घातक बीमारी से बचाते हैं, बल्कि मानव समाज को भी संभावित संक्रमण से सुरक्षित करते हैं।

## सोलह कारण भावनाओं में नवमी भावना वैया वृत्यकरण है:महाराज

**शाह टाइम्स संवददाता**
**बडौत।** नगर में कौशल भवन के बाजार में आयोजित धर्म सभा में वात्सल्य दिवाकर गुरु तीर्थ निर्मलायतन प्रणेता जागृति करी संत परम पूज्य आचार्य श्री 108 नयन सागर मुनिराज ने प्रवचन करते हुए कहा सोलह कारण भावनाओं में नवमी भावना वैया वृत्यकरण है। इसका अर्थ है व्रती त्यागी साधु साध्वी उपाध्याय और आचार्य की सेवा करना यह भावना जैन धर्म में बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है क्योंकि यह माना जाता है कि साधु आचार्याओं की सेवा करना व्यक्तियों को पुण्य प्राप्त होता है और तीर्थंकर प्रकृति के बंध में सहायता मिलती है। वैया वृत्यकरण भावना को प्रकट करने के लिए साधु साध्वी उपाध्याय आचार्य अन्य धार्मिक व्यक्तियों की शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं का ध्यान रखना चाहिए और उन्हें आहार आश्रय और औषधी जैसी सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए यदि वे किसी उपसर्ग या कठिनाई में है। उनकी सहायता करना उनकी रक्षा करना उनकी मानसिक शांति और स्थिरता के लिए प्रयास करना ही वैयावृत्य करण है। आज की धर्म सभा में प्रवीण जैन मनोज कुमार जैन दिनेश जैन आनंद जैन राकेश जैन अमित जैन मनोज जैन संभव पवन जैन शरद जैन राकेश जैन मटिया परिवार पुनीत जैन सतीश जैन आदि ने भाग लिया।

## प्रत्येक नागरिक स्वच्छता का ले संकल्प:जिलाधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** पाली गांव में शुक्रवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गांव की गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान किया गया। जगह-जगह जमा कूड़े-कचरे को हटाया गया और लोगों को स्वच्छता अपनाएँ, बीमारी मिटाएँ का संदेश दिया गया।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल स्वयं मौके पर पहुँचीं और अभियान की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई की स्थिति देखकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि स्वच्छता का संकल्प तभी सफल होगा जब प्रत्येक नागरिक इसे अपनी आदत बना ले। यदि हर परिवार अपने घर और आसपास की सफाई पर ध्यान दे तो पूरा जनपद एक नए स्वरूप में नज़र आएगा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्वयं गलियों में घूमकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और मौके पर मौजूद कर्मचारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि गाँवों में प्रतिदिन सफाई कार्य सुनिश्चित कराया जाए और विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे गंदगी न फैले इस पर प्राथमिकता से ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य की गारंटी है। यह न केवल बीमारियों से बचाती है बल्कि गांव और समाज को एक सकारात्मक पहचान भी देती है। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी अरुण अत्री , सफाई कर्मचारी और स्थानीय ग्रामीण भी सक्रिय रूप से अभियान में शामिल रहे।

## डीएम ने किया रेबीज रोधी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** रेबीज-मुक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार से रेबीज रोधी टीकाकरण अभियान शुरू हो गया। इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ स्वयं जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने राजकीय पशु चिकित्सालय, सदर बागपत में किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान सिर्फ बेजुबान जानवरों की सुरक्षा का ही नहीं बल्कि पूरे समाज की सुरक्षा का प्रयास है। जब हम अपने पालतू जानवरों को समय पर टीकाकरण कराते हैं, तो हम अपने परिवार, बच्चों और समुदाय को भी रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षित करते हैं। मेरा सभी नागरिकों से आग्रह है कि वे जिम्मेदारी निभाते हुए अपने पालतू जानवरों का एंटी-रेबीज टीकाकरण अवश्य कराएँ। इस पहल के तहत जिले के सभी 33 पशु चिकित्सालयों पर पालतू जानवरों के लिए विशेष एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर लगाए जा रहे हैं। यह अभियान प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होगा। साथ ही नगर पालिका बागपत की ओर से पशु चिकित्सालयों पर जानवरों हेतु जलपात्र उपलब्ध कराए गए हैं। रेबीज एक जानलेवा वायरल बीमारी है जो जानवरों से मनुष्यों में फैलती है। एक बार लक्षण दिखाई देने पर यह लगभग 100प्रतिशत घातक साबित होती है, और इसका कोई इलाज नहीं है। इसीलिए समय पर और नियमित टीकाकरण ही इस बीमारी का एकमात्र प्रभावी बचाव है। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद कुमार त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पीड़ितों ने की एसपी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में हल्की धारा में मुकदमा दर्ज कराने का आरोप। डौला के पीड़ित ने एसपी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को थाना सिंघावली अहीर क्षेत्र के डौला गांव निवासी प्रमोद के मुताबिक वह गत 12 अगस्त की रात करीब दस बजे अपने घर के साथ बैठकर खाना खा रहा था। उसी दौरान एक परिवार के सात युवकों ने घर में घुसकर गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। इतना ही नहीं जान से मारने की नीयत से उसके व उसकी बेटी पर लोहे की राड से हमला किया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने थाना सिंघावली अहीर पर तहरीर दी थी। आरोप है कि थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने हल्की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया। उन्होंने एसपी से शिकायत कर आरोपितों के विरुद्ध के उचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराने की मांग की है।

## चौ.हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा प्रतिभाशाली छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सोमवार को ट्रस्ट कार्यालय पर चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा प्रतिभाशाली छात्राओं का सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी मनोज शर्मा ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा.गजराज सिंह व संचालन सत्तार मास्टर बसौद ने किया। कार्यक्रम में खुशी दाहिमा को मेडिकल नाइपर में ऑल इंडिया रैंकिंग में 807वीं रैंक प्राप्त करने के लिए, महिमा राजपूत को पेंटिंग के लिए और सीबीएसई 10जी क्लास में साक्षी 91प्रतिशत, नैंसी 90प्रतिशत, माही 88प्रतिशत और यशिका 80प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभाशाली बालिकाओं को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र, फूल माला, पटका और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज शर्मा ने कहा कि हमारे क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस जरूरत है तो उनको पहचान कर निखारने की और माता पिता के सहयोग की। हमारी बेटियों ने माता पिता गुरुजनों के साथ साथ गांव और क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। विशिष्ट अतिथि अजयवीर सिंह प्रधान ने बालिकाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटी आज किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है आज लड़कियां आगे बढ़कर सभी क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही है। मास्टर सत्तार अहमद बसौद ने सभी बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप भविष्य में आगे बढ़कर गांव समाज का नाम रोशन करो। कार्यक्रम संयोजक टीना चौधरी ने भी बालिकाओं को बधाई व शुभकामनाएं दी और सभी बालिकाओं और महिलाओं को अनुशासन में रहकर आगे भी इसी तरह मेहनत करने की हिदायत दी और सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया और धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सुबोध बंसल, राकेश जैन, सचिन अहलावत, चेतन चौधरी, शेर सिंह, मनोज, रवि चौधरी, टीना चौधरी, तरुणा, खुशी, कशिश, तनु, जायदा, काजल, अन्नू, सानिया, मेहसर, सोनिया, समरीन, शिवानी, प्रियंका यादव, रेणु यादव, विनीता, रेणु शर्मा, माही, सुंदर, इति चौधरी और रीना आदि उपस्थित रहें।

## स्वस्थ, सुरक्षित और जिम्मेदार समुदाय बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने पालतू जानवरों का टीकाकरण करवाकर इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। कुत्तों एवं श्वान के टीकाकरण से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए वैक्सीनेशन नोडल अधिकारी डा.राज.कुमार रावत से 9458240723 पर संपर्क किया जा सकता है। यह अभियान बागपत को एक स्वस्थ, सुरक्षित और जिम्मेदार समुदाय बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**सूचना**
मेरे पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्री प्रीति से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।
सत्यपाल पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम अहमद शाहपुर पदडा थाना व जनपद बागपत।

# मुनीम व चालक से हुई लूट की घटना का अनावरण, 25 हजारी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एसओजी टीम व थाना कोतवाली शामली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में सिम्भालका बाईपास पर धागा व्यापारी के मुनीम व चालक से हुई लूट की घटना में वांछित 25,000/-रूपए का ईनामी अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूटी गई नकदी 50,000/-रुपए बरामद किया है।

थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत सिम्भालका बाईपास पर मेरठ से पानीपत जाते समय पानीपत निवासी धागा व्यापारी के ड्राईवर सतनाम पुत्र दर्शन निवासी नूर वाला थाना जनपद पानीपत व मुनीम अनिल पुत्र स्वरूप निवासी कहलपा थाना बडौदा जनपद सोनीपत से भारत सरकार लिखी बुलेरो सवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा स्वंय को जीएसटी अधिकारी बताकर चेकिंग के लिए गाड़ी रुकवाकर रूपए लेकर थाना किला जनपद पानीपत हरियाणा में आने की बात कहकर चले गए है। सूचना पर तत्काल पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर व अन्य सभी उच्चाधिकारीगण, थाना कोतवाली शामली पुलिस, एसओजी सर्विलांस, फील्ड् यूनिट की टीमों द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए गए। एसओजी टीम शामली व थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण मोहित, शुभम उर्फ गौरव, अमरजीत, गुलशन, रवि को बाद पुलिस मुठभेड़ लूटी गई नगदी 10 लाख रूपए, अवैध हथियार-कारतूस एवं गाड़ी सहित व 1 जुलाई को अभियुक्त राहुल को पुलिस मुठभेड़ में लूटी गई नगदी, अवैध हथियार-कारतूस व मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार किया गया था तथा अभियुक्त रोहन भाटी द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया था। अभियुक्त रोहन को पुलिस अभिरक्षा रिमांड पर लेकर लूटी गई नगदी बरामद की गई थी तथा 28 जुलाई को हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त लुकमान उर्फ लुक्की पुत्रजमशेद निवासी ग्राम भनवाड़ा थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गठित टीमों द्वारा घटना में लिप्त शेष अभियुक्तगण की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में 17 अगस्त की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक शामली व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे चोरी लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा लूट की घटना में वांछित 25,000/-रूपए का ईनामी अभियुक्त विक्की उर्फ विकास कुमार पुत्र महावीर सिह निवासी कस्बा टटीरी थाना कोतवाली जनपद बागपत को लूट गई नगदी 50,000 रुपए सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त विक्की उर्फ विकास कुमार पुत्र महावीर सिह निवासी कस्बा टटीरी थाना कोतवाली जनपद बागपत है। इसके पास से लूटी गई नकदी 50,000/- रूपए बरामद हुआ है।





# मूसलाधर बारिश के बाद जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को तड़के आई मूसलाधार बारिश के बाद पूरे शहर में जलभराव हो गया। बाजारों में व्यापारियों की दुकानों और गली मौहल्लों में लोगों के घरों तक में पानी भर गया। बारिश इतनी तेज थी कि शहर के कई स्थानों पर बारिश रूकने के दो घंटों के बाद भी जलभराव नही निकल सका। जलभराव के कारण वाहन चालकों को परेशानियां हुई और वह दूसरे रास्तो से निकलने को मजबूर दिखे।

रविवार देर रात्रि उमस भरी गर्मी से लोगों को खासा परेशानियां हुई। उसम बढने से तापमान भी बढ गया था, लेकिन सोमवार तड़के अचानक मौसम करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए और मूशलाधार बारिश शुरू हो गई।

करीब एक घंटा चली मूशलाधार बारिश से पूरे शहर में जलभराव हो गया। बारिश इतनी तेज थी कि मात्र एक घंटे की मूशलाधार बारिश के बाद शहर के मौहल्ला पंसारियान, नई बस्ती, बरखंडी रोड, कलंदरशाह, कैराना रोड, वीवी इंटर कालेज रोड, कबाडी बाजार आदि स्थानों पर जल भराव होने से नागरिकों को जलभराव के कारण दिक्कते हुई। मूशलाधार बारिश ने नगर पालिका के विकास कार्यो की पोल खोलकर रख दी। शहर के सब्जी मंडी नाला पटरी, नगर पालिका रोड, धीमानपुरा, माजरा रोड् यह कई स्थान ऐसे थे, जहां बारिश के दो घंटे के बाद भी पानी भरा रहा और लोगों को परेशानियां का सामना करना पडा।

शहर के नेहरू मार्किट और कबाडी बाजार में दुकानदारों ने दुकानों तक में पानी भर गया, जिससे हजारों रूपये का नुकसान हुआ है। शहर के बरखंडी रोड पर तो सडक पर पानी दोपहर तक भरा रहा। दुकानदारों का कहना है कि इस वर्ष जितनी बारिश हो रही है पिछले कई सालों में इतनी बारिश नही हुई। कबाडी बाजार और माजरा रोड से बारिश के दो घंटे के बाद भी पानी नही निकला। जिससे दुकानों की दुकाने भी देरी से खुली।बारिश के बाद बाजार में ग्राहक भी नही पहुंचे और दुकानदार दिनभर दुकानों के बाहर साफ सफाई करते दिखाई दिए। नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा शहर में कोई विकास कार्य नही कराए जा रहे है। सिर्फ विकास कार्यो के नाम पर बोर्ड लगाने का काम किया जा रहा है। उन्होने सडकों का निर्माण कराने के साथ साथ नाले और नालियों का निर्माण कराने की मांग की है। नाले में गंदगी अटी पडी है। नगर पालिका का इस ओर कोई ध्यान नही है।

# फर्जी शिकायत कर रुपयों की ठगी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव जसाना उर्फ मस्तगढ निवासी एक व्यक्ति ने डीएम को शिकायती पत्र देकर एक व्यक्ति पर फर्जी शिकायते कर रूपयों की ठगी करने का आरोप लगाया है। पीडित ने बताया कि वह 30 हजार रूपये दे चुका है और अभी भी 40 हजार की डिमांड की जा रही है। डीएम ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

क्षेत्र के गांव जसाना उर्फ मस्तगढ निवासी सतेन्द्र पुत्र केशोराम ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में एक सरकारी तालाब है। जिसको मत्स्य पालन के लिए ले रखा है। जिसका लगान भी समय से जमा किया जाता है, लेकिन रामेश्वर आए दिन फर्जी शिकायते कर मानसिक रूप से परेशान करता है। आरोप है कि रामेश्वर फर्जी शिकायते उससे 30 हजार रूपये की वसूली कर चुका है और आगे तालाब की निरस्त करवाले की धमकी देते हुए 40 हजार रूपये की डिमांग कर रहा है। यही नही अधिकारी से वसूली की शिकायत करने पर धमकी भी दी जा रही है। पीड़ित ने जान माल का खतरा जताते हुए जिलाधिकारी से मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है। डीएम ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# मरियम खान ने जीता गोल्ड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अस्मिता खेलो इंडिया महिला किकबॉक्सिंग लीग का आयोजन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 16 व 17 अगस्त को इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल लखनऊ में कराया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 250 महिला खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया। शामली जिले से 4 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से मरियम खान ने 55 किलो वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर अपने माता-पिता व जिले का नाम रोशन किया।

साथ ही दीपा ने सिल्वर व सान्या सिंघवाल ने सब जूनियर कैटेगरी के-50 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष सुशील कौशिक ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा सभी राज्यों के लगभग 50 शहरों में इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में सभी गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी आने वाली अस्मिता नेशनल महिला किक बॉक्सिंग इंडिया लीग के लिए किया जा रहा है।

मरियम खान जलालाबाद कस्बे की रहने वाली है तथा 2 साल से किकबॉक्सिंग खेल की प्रैक्टिस कर रही हैं। अपनी स्कूल की पढ़ाई करने के बाद मरियम खान अपने खेल से जुड़े सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।

मरियम खान के कोच व किकबॉक्सिंग एसोसिएशन का उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष सुशील कौशिक ने बताया कि इन दो सालों में मरियम खान में अनेक अलग-अलग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता व अन्य प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक भी प्राप्त किए हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने की सुनवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेश सरकार के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज जिलाधिकारी शामली, अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में तहसील शामली में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में आज फरियादियों द्वारा 34 शिकायती पत्र प्राप्त हुए प्राप्त शिकायती पत्रों में से मात्र 03 शिकायत का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। और शेष शिकायतों के समय से निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस से संबंधित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, सीएमओ डॉ अनिल कुमार,पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द, तहसीलदार शामली सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**कैराना।** एडीएम ने कैराना तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याएं सुनीं। इस अवसर पर 14 शिकायतों में से मौके पर दो का निस्तारण कर दिया गया। विगत शनिवार को जन्माष्टमी पर्व का अवकाश होने के चलते सोमवार को तहसील मुख्यालय पर स्थित सभागार कक्ष में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी शामली सत्एंद्र कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर एडीएम ने क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान विभिन्न मामलों से संबंधित कुल 14 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिनमें से मौके पर दो का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों के यथाशीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। इस दौरान एसडीएम निधि भारद्वाज, सीओ श्यामसिंह, तहसीलदार अर्जुन चौहान, आपूर्ति निरीक्षक मदनपाल सिंह आदि मौजूद रहे। तहसील ऊन में तहसीलदार ऊन ललिता चौधरी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसीलदार के समक्ष मात्र 05 शिकायतें आई जिनमें से मोके पर 01 शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



**शामली। अपनी मांग को लेकर हंगामा करती महिला।**

## महिला का संपूर्ण समाधान दिवस में हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ओडिशा निवासी एक महिला ने अपने पुत्र के ईलाज के लिए धनराशि की मांग करते हुए सोमवार को कलक्ट्रेट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जमकर हंगामा किया। महिला ने बताया कि वह कैराना सांसद इकरा हसन से आर्थिक सहायता के लिए आई थी, लेकिन सांसद नही मिली तो वह जिला प्रशासन से गुहार लगाने के लिए पहुंची है। बाद में डीएम के आदेश पर कर्मचारियों ने अपने निजी जेब खर्च से रूपया एकत्रित कर महिला को सौंपा है। ओडिशा निवासी बबीता सोमवार को अपने पुत्र गौरव के साथ शामली कलक्ट्रेट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंची। जहां उसने डीएम एसपी के समक्ष बताया कि वह कैंसर से पीडित है और मेलों में लगने मौत के कुएं में कार्य कर जीवन यापन करती थी, लेकिन उसके छोटे पुत्र गौरव को भी गंभीर बीमारी हो गई है, जिसके ईलाज के लिए उसके पास पैसा नही है। वह शामली कैराना सांसद इकरा हसन से मदद के लिए आई थी, लेकिन सांसद नही मिली। जिला अस्पताल में पुत्र को दिखाया, लेकिन वहां से भी उसको गंभीर बीमारी के चलते रेफर कर दिया गया। अब वह दिल्ली जाकर पुत्र का ईलाज कराना चाहती है, लेकिन उसके पास पैसा नही है।

एसपी ने महिला से आधार कार्ड मांगा तो महिला आधार कार्ड नही दिखा सकी। जिस पर उसके बंगलादेशी होने का पुलिस को शक हुआ तो उसके कागजात की जांच पडताल भी की गई। बाद में डीएम के अग्रह पर कलक्ट्रेट के कर्मचारियों ने अपने निजी खर्च से पैसा एकत्रित कर महिला को दिए, जिसके बाद महिला अपने पुत्र को लेकर दिल्ली के लिए रवाना हो गई। इस दौरान महिला द्वारा बंगलादेशी बताए जाने पर हंगामा भी किया गया।


# तीन चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक व कलपुर्जे बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हेमन्त मलिक पुत्र नरेश मलिक निवासी ग्राम कुरावा थाना फुगाना जनपद मुजफ्फरनगर की मोटर साइकिल को चोर द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में तथा 31.7.2025 को कौशल पराशर पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी चरण सिंह कालोनी थाना आदर्शमडी जनपद शामली की दो अज्ञात चोरो द्वारा उसकी साइकिल चोरी करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दी थी। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम द्वारा चलाए जा रहे चोरीध्लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल साइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में लिप्त तीन चोर को चोरी की हुई मोटरसाइकिल के कलपुर्जे, अवैध चाकू व नगदी सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण मोन्टू उर्फ ब्रिजेश गुप्ता पुत्र विजेन्द्र कुमार निवासी गली न0 09 रतन नगर बागपत रोड थाना टी0पी0 नगर जनपद मेरठ व राहुल पुत्र रामपाल निवासी मुल्तान नगर गली न0 -01 थाना टी0पी0 नगर जनपद मेरठ, शहजाद उर्फ भूरा पुत्र यामीन निवासी शकील मार्केट, मो0 मलियाना मदरसे के पास, थाना टी0पी0 नगर जनपद मेरठ है।

# विव्रत सागर की प्रवचन सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में मुनि 108 विव्रत सागर ने प्रवचन करते हुए बताया कि भगवती आराधना ग्रंथ, जिसे आचार्य शिवकोटि ने लिखा है। पहला ऐसा ग्रंथ है जो मुनियों की जीवनचर्या और अंत समय में समाधिमरण की प्रक्रिया दोनों का वर्णन एक साथ करता है। अन्य ग्रंथ या तो केवल चर्या पर केंद्रित थे या केवल समाधि पर। यह ग्रंथ इस बात पर जोर देता है कि उत्तम जीवनचर्या ही सफल समाधि का आधार है।

सोमवार को उन्होने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोग अक्सर सोचते हैं कि समाधिमरण अंत समय में बिना जीवन भर की साधना के भी मिल सकता है। जो एक गलत धारणा है। समाधिमरण केवल आशीर्वाद मांगने से नहीं मिलता। यह मुनिचर्या से भी ऊपर की एक महान साधना है। जिसके लिए पूरे जीवनभर कठोर अभ्यास और समर्पण की आवश्यकता होती है।

आचार्य कहते हैं कि यदि मुनिराज जीवनभर निर्दोष चर्या का पालन करते हैं लेकिन समाधिमरण नहीं कर पाते, तो उन्हें अधिकतम 32 भव तक संसार में रहना पड़ सकता है।

वहीं, जिसने जघन्य समाधिमरण भी धारण कर लिया, उसके अधिकतम 8-9 भव ही संसार में होते हैं, और उत्कृष्ट समाधिमरण करने वाले को पंचम काल में केवल एक या दो भव ही लेने पड़ते हैं, जिससे वह शीघ्र मोक्ष प्राप्त कर सकता है। यह दर्शाता है कि समाधिमरण, मुनिचर्या से भी ऊपर की आध्यात्मिक उपलब्धि है। उन्होने कहा कि समाधिमरण कोई हंसी खेल नहीं हैय यह एक गंभीर साधना है जिसकी भावना और अभ्यास जीवनभर करना पड़ता है।

यह एक विद्यार्थी के वर्षभर के परिश्रम के समान है, जिसे परीक्षा में सफलता पाने के लिए निरंतर पढ़ाई करनी होती है, न कि केवल अंत समय में आशीर्वाद मांगना होता है। जीवन के अंतिम समय में शरीर शिथिल हो जाता है, ऐसे में जीवनभर की साधना का निचोड़ ही काम आता है। इस अवसर पर महेश जैन, सम्यक जैन, नीलम जैन, मोहित जैन, महेश जैन, संजीव जैन, संजय जैन, विपुल जैन, सचिन जैन, प्रवीन जैन, अनीता जैन, सुनीता जैन, सुमित्रा जैन, रेखा जैन, कुमुद जैन, प्रीति जैन मौजूद रहे।

## हादसे में दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे गोल चक्कर के निकट तेज गति से आ रहे ईट से भरे ट्रक ने कार में टक्कर मारी दी। कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मेरठ के कस्बा मवाना निवासी शहजाद, नदीम पुत्रगण अब्दुल सत्तार सोमवार को क्रेटा कार द्वारा लुधियाना जा रहे थे। मेरठ करनाल हाईवे स्थित गोल चक्कर पर दूसरी दिशा से तेज गति से आ रहे ईटों से भरे ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। घायलों को कार से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया जहां पर घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

# हथनीकुंड बैराज से छोड़ा गया पानी बना ग्रामीणों की परेशानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सोमवार दोपहर करीब एक बजे हथनीकुंड बैराज से 60 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे पहले सुबह लगभग 50 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका था। लगातार पानी छोड़े जाने से यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। देर रात तक पानी यमुना किनारे बसे गांवों में पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

**दहशत में ग्रामीण**

पानी की आमद ने ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। दहशत के माहौल में ग्रामीण खुद ही पेड़ काटकर और उन्हें किनारों पर डालकर जलधारा को मोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि घर और बच्चे सुरक्षित रह सकें।

## अलर्टः यमुना में बढ़ा जलस्तर

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन और विभागीय अधिकारी न तो मौके पर पहुंचे हैं और न ही फोन कॉल का जवाब दे रहे हैं।

**ग्रामीणों की पीड़ा**

भडी गांव के निवासी फरमान ने बताया, हहमने कई बार जल संसाधन विभाग को फोन किया, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। हम अपनी तरफ से ही बच्चों और घरों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।ह ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू करे, वरना जान-माल का नुकसान हो सकता है।

**विभागीय कार्रवाई**

हालांकि, दोपहर बाद सिंचाई विभाग के जेई रामकुमार और उनकी टीम मौके पर पहुंची और कटान रोकने का प्रयास किया। रामकुमार का कहना है कि फिलहाल हालात सामान्य हैं और अभी तक किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। रात में कटान रोकने के लिए ग्रामीणों ने भी खुद व्यवस्था की है।

**प्रशासन की सक्रियता**

खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और राजस्व विभाग की तीन सदस्ईय टीम को मौके पर भेजा गया। टीम में अश्वनी शर्मा और नागेंद्र शर्मा शामिल हैं, जो लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और जरूरत के अनुसार मदद भी उपलब्ध करा रहे हैं।

**राहत कार्य की मांग**

ग्रामीणों का कहना है कि पानी की रफ्तार और स्तर दोनों बढ़ते जा रहे हैं। जल्द इंतजाम नहीं किए गए, तो गांवों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। लोग प्रशासन से नाव, रेत से भरे बोरे और सुरक्षित ठिकानों पर शरण की व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा चिंता बनी हुई है।

# चारों ओर सड़कों पर जभराव से लोग हलकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** सोमवार सुबह जमकर वर्षा हुई जिससे कस्बे के चारों तरफ सड़कों पर जल भराव हो गया जिससे कस्बे वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सोमवार सुबह लगभग 2 घंटे तेज बारिश हुई जिससे कस्बे के मुख्य मार्ग पर जल भराव हो गया कस्बे में चारों तरफ से आने वाले मार्ग लगभग सभी पर जल भराव की स्थिति हो गई ।पिंडोरा रोड ,जूनियर हाई स्कूल,पीएनबी बैक, डीएवी इंटर कॉलेज ,स्टेट बैंक,बस स्टैंड से बाजार जाने वाली सड़क सभी सड़कों पर जल भराव देखने को मिला।जल भराव का मुख्य कारण कस्बे के सभी तालाबों पर अवैध कब्जा व सरकारी नालों पर अतिक्रमण तथा पॉलिथीन देखा जा रहा है। कस्बे में सरकारी नालों पर जगह-जगह अतिक्रमण कर लिया गया है तालाब भी अपने अस्तित्व को खोते जा रहे है तथा पॉलिथीन का प्रयोग भी लगातार किया जा रहा है पॉलिथीन की वजह से नाले अटे पड़े रहते हैं जिसे रोकने के लिए नगर पंचायत अभियान चलाकर खानापूर्ति करती हुई दिखाई देती है। जल भराव एवं साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त न होने के कारण कस्बे में मच्छरों की भरमार हो गई है अभी तक नगर पंचायत द्वारा मच्छरों की रोकथाम हेतु छिड़काव नहीं किया गया है जल भराव से कस्बे के लोगों को आने जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ी।

# डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज

**● एएफआई अधिकारी ने पुष्टि की, 15 अंक के साथ क्वालिफाई, 27-28 अगस्त को ज्यूरिख में मुकाबला**




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग-2025 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद फाइनल टेबल में 15 पाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होने जा रहे मुकाबले के लिए क्वालिफाई किया। 27 साल के नीरज ने 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया राउंड में हिस्सा नहीं लिया था। हालांकि, उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का करियर बेस्ट थ्रो फेंका और दूसरे स्थान पर रहे। फिर नीरज ने जून में पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर का थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक की जानकारी के अनुसार नीरज पूरी तरह फिट हैं और वे डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे। फिलहाल, नीरज चोपड़ा चेक रिपब्लिक में ट्रेनिंग कर रहे हैं। नीरज चोपड़ा 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

इस सूची में केशोर्न वालकाट (17 अंक) पहले और जूलियन वेबर (15) दूसरे स्थान पर हैं। ब्रसेल्स राउंड के बाद फाइनल टेबल में टॉप-6 पर रहने वाले एथलीट ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे। ब्रसेल्स राउंड में खेलने न खेलने से फर्क नहीं पड़ेगा 2022 में डायमंड लीग का खिताब जीत चुके नीरज चोपड़ा के 22 अगस्त को ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग के आखिरी राउंड में हिस्सा लेने की भी जानकारी नहीं है। हालांकि, उनके इस राउंड में हिस्सा लेने या न लेने से उनकी फाइनल स्टेंडिंग टेबल में फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि वे पहले ही डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। नीरज चोपड़ा 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में आयोजित होने जा रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे। उन्होंने पिछले सीजन में बुडापोस्ट में 88.17 मीटर के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता था। डायमंग लीग एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड) का एक टूर्नामेंट है, जिसमें एथलेटिक्स के 16 इवेंट (मेंस और विमेंस) होते हैं। यह हर साल दुनिया के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है। डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज हर साल मई से सितंबर तक आयोजित की जाती है और सीजन का समापन डायमंड लीग फाइनल के साथ होता है। आमतौर पर डायमंड लीग के सीजन में प्रतियोगिताओं की संख्या 14 होती है, जिसमें फाइनल भी शामिल होता है, लेकिन कभी-कभी यह संख्या बदल जाती है। हर इवेंट में टॉप-8 खिलाड़ियों को पाइंट्स मिलते हैं, पहले नंबर के खिलाड़ी को 8 और 8वें नंबर के खिलाड़ी को एक पाइंट मिलता है। 13 इवेंट के बाद सभी खिलाड़ियों के पाइंट्स काउंट होते हैं। टॉप-10 पोजिशन पर फिनिश करने वाले खिलाड़ियों को डायमंड लीग फाइनल में जगह मिलती है। इसमें जीतने वाले खिलाड़ी को डायमंड लीग विजेता की ट्राफी और कैश प्राइज मिलता है।

## चोटिल इशान दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर, आकाश दीप को आराम

**● उम्मीद है कि किशन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले मैचों से पहले फिट हो जाएंगे**



**नई दिल्ली, वार्ता।** ईस्ट जोन के कप्तान इशान किशन चोट की वजह से दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर हो गए हैं। उनक जगह टीम में ओडिशा के विकेटकीपर आशीर्वाद स्वैन को शामिल किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशन ई-बाइक चलाते हुए चोटिल हो गए थे। इस कारण उनके हाथ में टांके लगाने पड़े। हालांकि किशन की चोट अधिक गंभीर नहीं है। उम्मीद है कि किशन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले दो चार-दिवसीय मैचों से पहले पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। सितंबर में ऑस्ट्रेलिया ए को भारत दौरे पर आना है जहां उनका सामना भारत ए से होगा। फिलहाल किशन बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सेलेंस में मौजूद हैं जहां वह चोट से उबर रहे हैं और उनकी फिटनेस पर ध्यान दिया जा रहा है। किशन के अलावा ईस्ट जोन के लिए पहले मुकाबले में काश दीप भी उपलब्ध नहीं हो पाएंगे, उन्हें भी आराम की सलाह दी गई है। आकाश को कैसी चोट है, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। इशान की जगह ईस्ट जोन का कप्तान अभिमन्यु ईश्वरण को बनाया गया है। अब आकाश की जगह असम के मुख्तार हुसैन लेंगे। आकाश हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए थे, जहां वह मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट से निगल की वजह से बाहर हो गए थे। हालांकि पांचवें टेस्ट के लिए द ओवल में उन्होंने वापसी की थी जहां उन्होंने बतौर नाइट वॉचमैन दूसरी पारी में करियर का पहला अर्द्धशतक भी लगाया था। ईस्ट जोन अपने अभियान का आगाज शुभमन गिल की कप्तानी वाली नॉर्थ जोन के खिलाफ 28 अगस्त से करेगा।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### अदानी अहमदाबाद मैराथन के नौवें संस्करण के लिए पंजीकरण शुरू

**अहमदाबाद, वार्ता।** सशस्त्र बलों, फिटनेस, एकता को समर्पित अदानी अहमदाबाद मैराथन के 30 नवंबर को होने वाले नौ संस्करण के लिए पंजीकरण शुरु हो गया है। अदानी स्पोर्ट्सलाइन द्वारा आयोजित 2025 मैराथन एक बार फिर साबरमती रिवरफ्रंट से शुरू होगी और शहर के कुछ सबसे प्रतिष्ठित स्थलों, जैसे अटल ब्रिज, गांधी आश्रम और एलिस ब्रिज, से होकर गुजरेगी। इस आयोजन में चार दौड़ श्रेणियां शामिल हैं। पूर्ण मैराथन, अर्द्ध मैराथन, 10 किमी दौड़ और 5 किमी दौड़। इसमें सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकेंगे। यह मैराथन न केवल एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली का समर्थन करती है, बल्कि सामाजिक प्रभाव और सामुदायिक उत्थान के एक व्यापक दृष्टिकोण का भी प्रतीक है। इस अवसर पर अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक प्रणव अदानी ने कहा कि अदानी अहमदाबाद मैराथन के नौवें संस्करण की मेजबानी करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

### सीएएफए नेशंस कप के संभावितों में छेत्री नहीं: जमील

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय फुटबॉल टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच खालिद जमील ने स्पष्ट किया कि 29 अगस्त से ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में शुरू होने वाले सीएएफए नेशंस कप 2025 के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों की सूची में दिग्गज स्ट्राइकर सुनील छेत्री का नाम नहीं है। भारत ने सीएएफए द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में पदार्पण से पहले 16 अगस्त को बेंगलुरु में अपना तैयारी शिविर शुरू किया। भारतीय टीम को ताजिकिस्तान, ईरान और अफगानिस्तान के साथ ग्रुप बी में रखा गया है।

## तीरंदाजी लीग में दीपिका कुमारी, ज्योति सुरेखा, धीरज व अभिषेक वर्मा लेंगे भाग

**एएआई ने तीरंदाजी प्रीमियम लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए एथलीटों की सूची जारी की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** तीरंदाजी प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में शीर्ष भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी, ज्योति सुरेखा वेन्नम, धीरज बोम्मदेवरा, अभिषेक वर्मा और अन्य एथलीट भाग लेंगे। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने सोमवार तीरंदाजी प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए भारतीय एथलीटों की सूची की जारी कर दी है। इस वर्ष अक्टूबर में नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता 11 दिनों तक चलेगी। इस फ्रैंचाइजी-शैली के प्रतियोगिता में दुनिया भर के पुरुष और महिला रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज प्रतिस्पर्धा करते नजर आयेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एथलीटों को छह फ्रेंचाइजी टीमों में विभाजित किया जाएगा। पहले संस्करण में दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए एएआई ने विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग, विश्व की शीर्ष 20 रैंकिंग और उसके बाद एएआई द्वारा हाल ही में आयोजित चयन ट्रायल के अनुसार रैंक किए गए तीरंदाजों के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में तीरंदाजों को रखा है। एएआई द्वारा आज जारी सूची के अनुसार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी (विश्व नंबर 3) और धीरज बोम्मादेवरा (विश्व नंबर 14) ने भी इस प्रतियोगिता में अपना नाम दर्ज कराया है। विश्व रिकॉर्डधारी कंपाउंड तीरंदाज ऋषभ यादव (विश्व नंबर 9) और ज्योति सुरेखा वेन्नम (विश्व नंबर 3) की जोड़ी ने भी विश्व नंबर 10 अभिषेक वर्मा, विश्व नंबर 11 प्रथमेश भालचंद्र फुगे, विश्व नंबर 16 प्रियांश और विश्व नंबर 17 परनीत कौर के साथ अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। एएआई द्वारा हाल ही में आयोजित ट्रायल के आधार पर, अनुभवी ओलंपियन तरुणदीप राय (रैंक नंबर 4) और अतनु दास (रैंक नंबर 5) भी रिकर्व प्रतिभागियों में शामिल होंगे, जबकि महिला रिकर्व तीरंदाजों की सूची में अंकिता भक्त (रैंक नंबर 2) और भजन कौर (रैंक नंबर 6) शामिल हैं।

## एशिया कप हॉकी:पाक की जगह खेलेगा बांग्लादेश!

**● हॉकी इंडिया अधिकारी ने कहा- हम 2 दिन और इंतजार करेंगे, पाकिस्तान सुरक्षा कारणों से हटा**




**नई दिल्ली, वार्ता।** बांग्लादेश की टीम 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह खेल सकती है। यह टूर्नामेंट बिहार के राजगीर में आयोजित होने जा रहा है। हॉकी इंडिया के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अगर पाकिस्तान अगले 2 दिनों में अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं करता है, तो उसे बांग्लादेश से बदला जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोजकों ने पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश से संपर्क किया है, लेकिन हॉकी इंडिया का कहना है कि स्थिति अगले 48 घंटों में क्लियर होगी। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचसी) ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत आने से इनकार कर दिया था।

हालांकि, भारत सरकार ने कहा कि वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देगी। हॉकी इंडिया के अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार पहले ही वीजा देने की बात कह चुकी है, लेकिन अगर वे (पाकिस्तानी खिलाड़ी) नहीं आना चाहते तो यह हमारी समस्या नहीं है। पाकिस्तान के नहीं आने की स्थिति में बांग्लादेश को आमंत्रित किया गया है, लेकिन हमें दो दिन और इंतजार करना होगा। अधिकारी ने आगे कहा कि न तो पाकिस्तान और न ही बांग्लादेश ने अभी तक हमें कोई आधिकारिक पुष्टि दी है, लेकिन पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश के उतरने की संभावना ज्यादा है। एशिया कप जीतने वाली टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेगी। जोकि 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा। पीएचसी ने कहा था- हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा की क्या गारंटी है। पीएचसी प्रमुख ने यह भी सवाल उठाया कि भारत में उनकी टीम की सुरक्षा की क्या गारंटी है। हमने उनसे पूछा है कि वे हमें यह बताएं कि हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी और वे टूर्नामेंट पर कैसे ध्यान दे पाएंगे।

हालांकि, पाकिस्तान सरकार ने इस मुद्दे पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत की यात्रा नहीं करेगी। एशिया कप हॉकी की शुरुआत 1982 में पाकिस्तान के कराची में हुई थी। तब से लेकर अब तक यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन बना हुआ है।


## सरफराज का धमाका, चयनकर्ताओं को दिया खास संदेश



**● तमिलनाडु की टीम के खिलाफ खेलते हुए सरफराज खान ने 114 गेंदों में 138 रनों की पारी खेली**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। मंगलवार को बीसीसीआई भारतीय टीम की घोषणा कर सकता है। इससे पहले युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने शानदार शतकीय पारी खेलकर चयनकर्ताओं के लिए खास संदेश भेजा है। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज इन दिनों मुंबई के लिए बूची बाबू टूर्नामेंट में खेलते नजर आ रहे हैं। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे 27 वर्षीय बल्लेबाज ने महज 92 गेंदों में शानदार शतक पूरा किया। तमिलनाडु की टीम के खिलाफ खेलते हुए सरफराज ने 114 गेंदों में 10 चौके और छह छक्के की मदद से 138 रन बनाए। वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे। अपनी इस पारी के साथ सरफराज ने एशिया कप के लिए टीम इंडिया का दरवाजा खटखटाया है। सरफराज पिछले कई वर्षों से रणजी ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट डेब्यू भी किया था, लेकिन उन्हें हालिया इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में जगह नहीं मिली। सरफराज खान ने भारत के लिए अब तक कुल छह टेस्ट खेले हैं, जिसकी 11 पारियों में उन्होंने तीन अर्द्धशतक और एक शतक की मदद से 371 रन बनाए हैं। सफराज के अगर प्रथम श्रेणी करियर की बात करें तो उन्होंने 55 मैचों में 65.98 की औसत से 4685 रन बनाए हैं। सरफराज के नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 16 शतक और 15 अर्द्धशतक हैं। पुरुष क्रिकेट टीम के बीच होने वाला एशिया कप नौ से 28 सितंबर तक होगा। बीसीसीआई इस टूर्नामेंट का मेजबान है। टूर्नामेंट का आयोजन यूएई में इसलिए हो रहा है।

### बाबर को टी-20 विश्वकप में वापसी के लिए करना होगा सुधार: माइक



**कराची, वार्ता।** पाक क्रिकेट टीम के कोच माइक हेसन ने कहा है कि अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप में जगह बनाने के लिए बाबर आजम को दो क्षेत्रों, स्पिन का सामना करने और स्ट्राइक रेट के मामले में सुधार करना होगा। हेसन ने सुझाव दिया कि अगर बाबर अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं, तो उन्हें दो अहम क्षेत्रों में सुधार करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पूर्व कप्तान दिसंबर और जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के घरेलू बिग बैश टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो उनके लिए यह मौका खुला रहेगा। हेसन ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि बाबर को स्पिन का सामना करने और स्ट्राइक रेट के मामले में कुछ क्षेत्रों में सुधार करने के लिए कहा गया है।

## रोइंग, कायाकिंग और कैनाइंग स्पर्धाओं में 400 से अधिक एथलीट लेंगे भाग

**● मेजबानी के साथ डल झील एक राष्ट्रीय धरोहर के रूप में अपनी साख को और बढ़ाने के लिए तैयार है**

**श्रीनगर, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर की प्रतिष्ठित डल झील में 21 से 23 अगस्त आयोजित होने वाले पहले खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 से अधिक एथलीट रोइंग, कयाकिंग और कैनोइंग स्पर्धाओं में भाग लेंगे। खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का भारतीय खेल प्राधिकरण और जम्मू-कश्मीर खेल परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। दशकों से, डल झील कश्मीर पर्यटन, कला और संस्कृति का केंद्र रही है और पहले खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव की मेजबानी के साथ यह झील एक राष्ट्रीय धरोहर के रूप में अपनी साख को और बढ़ाने के लिए तैयार है। हाउसबोट मालिक इन खेलों का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। कैनोइंग और कयाकिंग की दुनिया की जानी-मानी हस्ती और ओलंपिक जज बिलकिस मीर ने कहा, ह्यह केवल एक आयोजन नहीं है यह हमारे देश में जल क्रीड़ाओं के एक नए युग की शुरुआत है। सभी एथलीटों की ओर से, मैं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, खेल मंत्री डॉ. और पूरी खेलो इंडिया टीम का जल क्रीड़ाओं को प्राथमिकता देने और इसे वह पहचान दिलाने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं जिसके यह वास्तव में हकदार हैं। खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव 2025 में युवा जल क्रीड़ा खिलाड़ी मोहसिन कयाकिंग स्पर्धा में भाग लेने की तैयारी कर रहा है।

### अक्षय कुमार पंजाब कुश्ती संघ के अध्यक्ष चुने गए

**फगवाड़ा, वार्ता।** पंजाब कुश्ती एसोसिएशन ने आजीवन अध्यक्ष पद्म करतार सिंह (सेवानिवृत्त आईजी) की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक के दौरान अमृतसर के अक्षय कुमार को सर्वसम्मति से अपना नया अध्यक्ष चुना है। अक्षय कुमार की नियुक्ति का प्रस्ताव पूर्व अध्यक्ष रमन कुमार द्वारा रखा गया और इसे पूर्ण सहमति से स्वीकार कर लिया गया। पद्मश्री करतार सिंह, महासचिव शाहबाज सिंह और प्रेस सचिव रीत प्रीत पाल सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को गुलदस्ते और मालाएं भेंट करके बधाई दी। अपने भाषण में अक्षय कुमार ने सदस्यों के विश्वास के लिए धन्यवाद दिया और कुश्ती जगत की समर्पित सेवा करने का संकल्प लिया। उन्होंने घोषणा की कि भविष्य में होने वाली सभी चैंपियनशिप के लिए छात्र पहलवानों का प्रवेश शुल्क माफ कर दिया।

## भारत की पुरुष टीम ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता रजत

**● शायमकैंट शूटिंग प्लाजा में प्रतिस्पर्धा करते हुए भारतीय तिगडी ने 1735-52 गुणा अंक अर्जित किए**

**कजाकिस्तान, वार्ता।** अनमोल जैन, सौरभ चौधरी और आदित्य मालरा ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया।

शायमकेंट शूटिंग प्लाजा में प्रतिस्पर्धा करते हुए भारतीय तिकड़ी ने 1735-52 गुणा अंक अर्जित किए। वहीं चीन के हू काई, चांगजी यू और यिफान झांग ने 1744-51 गुणा अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ईरान ने 1733-62 गुणा अंक के साथ कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत प्रतियोगिता में, अनमोल जैन 580-17गुणा अंक के साथ नौवें स्थान पर रहने के बाद फाइनल राउंड के लिए कट बनाने वाले एकमात्र भारतीय निशानेबाज थे।

भारत के अमित शर्मा (588-24 गुणा) क्वालीफाइंग राउंड में टॉप पर रहे, जबकि वरुण तोमर (584-24 गुणा) चौथे स्थान पर रहे, लेकिन दोनों सिर्फ रैंकिंग प्वाइंट्स (आरपीओ) के लिए शूटिंग कर रहे थे। आदित्य मालरा 579-20 गुणा अंक के साथ क्वालीफाइंग में 13वें स्थान पर रहे, जबकि ओलंपियन और एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता सौरभ चौधरी 576-15 गुणा अंक के साथ 21वें स्थान पर रहे। फाइनल में अनमोल ने 155-1 के स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया। हू काई ने स्वर्ण पदक जीता।

# चयनकर्ताओं के सामने उठे गंभीर सवाल

**● एशिया कप: शीर्ष क्रम से लेकर गेंदबाजी विभाग तक, हर स्थान के लिए कई दावेदार मौजूद**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप के लिए भारतीय टीम के घोषित होने का इंतजार सभी को है। माना जा रहा है मंगलवार को राष्ट्रीय चयन समिति अगले महीने होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी। चयनकर्ताओं के सामने इस बार गंभीर समस्या है क्योंकि लगभग हर स्थान के लिए कई दावेदार मौजूद हैं। एक बड़ा सवाल जो सभी के जेहन में है वो यह कि शानदार फार्म में चल रहे शुभमन गिल किस तरह टी-20 टीम में फिट बैठ पाएंगे? मौजूदा परिस्थितियों में टेस्ट कप्तान गिल जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया था, वह एशिया कप के लिए टीम में जगह बनाने के लिए फिट नहीं बैठ रहे हैं।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि गिल का नौ से 28 सितम्बर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए जगह बना पाना मुश्किल है। अजीत अगरकर और उनके सहयोगियों के लिए विचार-विमर्श का मुख्य मुद्दा यह होगा कि किसी ऐसी चीज को कैसे ठीक किया जाए जिसे सुधारने की आवश्यकता नहीं है। भारतीय क्रिकेट में




फिलहाल टी-20 के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है क्योंकि कम से कम 30 ऐसे खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं। एक ही स्थान के लिए तीन से चार विकल्प मौजूद हैं। शीर्ष तीन स्थान के लिए छह खिलाड़ी मौजूद हैं। पिछले सीजन अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने शीर्ष क्रम में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन साथ ही गिल, यशस्वी जायसवाल और आईपीएल 2025 में आरेंज कैप जीतने वाले साई सुदर्शन भी कम नहीं हैं। गेंदबाजी विभाग में कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई एक ही स्थान के लिए दावेदारों में शामिल हैं और लंबे समय तक युजवेंद्र चहल को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। चयनकर्ताओं को सिर्फ 15 खिलाड़ी ही चुनने हैं और टी-20 के लिहाज से यह देखना दिलचस्प होगा कि चयन समिति क्या फैसला लेती है। टीम प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण सदस्य का मानना है कि पिछले सत्र में नियमित रूप से प्लेइंग-11 में शामिल रहे किसी भी खिलाड़ी को किसी बड़े स्टार को जगह देने के लिए टीम से बाहर करना अनुचित होगा। दूसरा विकल्प यह है कि भारतीय क्रिकेट में सभी प्रारूप के लिए एक कप्तान रहना हमेशा से बड़ा मार्केटिंग ब्रांड रहा है। इस स्थिति में गिल दावेदार हो सकते हैं, लेकिन यह मामला उतना भी आसान नहीं है जितना सोचा जा रहा है। रोहित शर्मा के टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने के बाद सूर्यकुमार यादव की अगुआई में भारतीय टी-20 टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है।

## दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज को टीम घोषित की

**केन्स, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार से शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी हैं। दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कल से शुरु हो रही एकदिवसीय सीरीज के लिए किशोर तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को टीम में शामिल किया है। मफाका ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के साथ हुई टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के दम पर 17 खिलाड़ियों की एकदिवसीय टीम में जगह बनाई है। इस सीरीज में नौ विकेट सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस का एकदिवसीय टीम में पर्दापण लगभग तय है। युवा खिलाड़ियों को टीम शामिल किये जाने को लेकर बावुमा ने कहा कि जब आप युवा चेहरों को देखते हैं तो यह हमेशा रोमांचक होता है। जाहिर है कि ब्रेविस पर ही सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, (वह) अपना दमखम दिखा रहे हैं और दिखा रहे हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूँ कि वह वनडे में भी क्या कमाल दिखा सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अनुभवी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को अपनी टीम में वापस शामिल किया है, जिन्हें हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ कैरिबियन में हुई टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया था। मिच मार्श नियमित कप्तान पैट कमिंस की जगह लेंगे। मार्श ने टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका पर 2-1 से जीत दिलाने में मदद की थी और 50 ओवरों के मैचों में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। मार्श ने कहा कि मैदान में साढ़े तीन घंटे बिताने के लिए तैयार होना कुछ खिलाड़ियों के लिए थोड़ा अलग होगा। लेकिन एक टीम के रूप में और कुल मिलाकर, वास्तव में कुछ भी नहीं बदलता है। मानसिकता में थोड़ा बदलाव आया है, यह स्पष्ट रूप से अलग प्रारूप है।

# ईसीआई को फटकार

यह बात अलग है कि बिहार में ड्राफ्ट सूची से बाहर किए 65 लाख मतदाताओं की लिस्ट जारी कर दी गई है। वोटर अपने नाम जिलों की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। ज्ञात रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने मुस्तैदी दिखाते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद के बाद बिहार की मसौदा निर्वाचक सूची से खारिज 65 लाख मतदाताओं के नाम, और कारण प्रकाशित करने का आदेश दिया था। इसे भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को फटकार के रूप में देखा जाना चाहिए। मतदाताओं के लिए नैसर्गिक न्याय के बुनियादी सिद्धांतों का पालन हो, इसके लिए आयोग को बाध्य करने के वास्ते सुप्रीम कोर्ट की जरूरत पड़ी।

यह इस संस्था द्वारा एसआईआर कराने में गंभीर खामियों और इसके क्रियान्वयन के अति-आत्मविश्वासपूर्ण व जल्दबाजी भरे तरीके को रेखांकित करता है। मृत्यु, या खोजने पर नहीं मिलने या फर्जी/ डुप्लीकेट प्रविष्टि होने के कारण जिनके नाम हटाए गए हैं, उन खारिज मतदाताओं की कोई एक जगह एकत्रित सूची नहीं है, ऐसा दावा आयोग ने किया है। हटाए गए प्रत्येक नाम के सामने कोई कारण भी नहीं दिया गया है। कुछ अखबारों ने विश्लेषित डेटा और जमीनी रिपोर्टों ने महत्वपूर्ण विसंगतियों को उजागर किया है। पुरुषों का प्रवास ज्यादा होने और पुरुषों की हालिया मृत्यु दर भी थोड़ी अधिक होने के बावजूद, पुरुषों (तकरीबन 25 लाख) से कहीं ज्यादा बड़ी तादाद में महिलाओं (32 लाख) का नाम काटा गया है। रिपोर्ट बताती हैं कि तमाम इलाकों में कई मतदाताओं की गलत ढंग से मृत के रूप में पहचान की गई है या वैध मतदाता पहचान पत्र और निवास का प्रमाण होने के बावजूद उन्हें मतदाता सूची में शुमार नहीं किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप ऐसे मतदाताओं के लिए उनसे संबंधित गड़बड़ियों के निवारण का एक सार्थक रास्ता उपलब्ध कराता है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए आयोग द्वारा तय 1 सितम्बर की आखिरी तारीख नजदीक है। सुप्रीम कोर्ट एसआईआर पर मामले की सुनवाई जारी रखेगा, जो अपने साथ अन्य समस्यापूर्ण तत्वों को भी समेटे हुए है। जनवरी में आयोग द्वारा अपने ही संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद, इस पूरी कवायद की संवैधानिकता पर निर्णय आना बाकी है। इसके अलावा, आयोग अब भी इस बात पर कायम है कि मसौदा सूची में शुमार मतदाताओं को चुनाव पंजीकरण अधिकारियों द्वारा 11 निर्देशित दस्तावेजों, जिसमें ज्यादा सार्वभौम रूप से उपलब्ध आधार या राशन कार्ड शामिल नहीं हैं, में से किसी एक की उपलब्धता के आधार पर जांचा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को खारिज नागरिकों को अपने आधार कार्ड के साथ आपत्तियां दाखिल करने की अनुमति देने का आदेश दिया है और पूर्व की दो सुनवाइयों में इस दस्तावेज को स्वीकार करने के लिए उस पर दबाव डाला है। इसे देखते हुए आयोग को अब आधार कार्ड को भी पहचान दस्तावेज के रूप में शामिल करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का आदेश एसआईआर कराने में निर्वाचन आयोग द्वारा अपारदर्शी साधनों का इस्तेमाल किए जाने पर भी रोशनी डालता है।

## जिम्मेदारी से भाग रहा चुनाव आयोग



विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब वोट चोरी के खिलाफ बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत कर रहे थे, तो उसी समय चुनाव आयोग ने आरोपों का जवाब देने बजाय उनके सवालों को नकार दिया और जिम्मेदारी से भाग खड़ा हुआ है, लेकिन सांसदों की उसकी गति. विधियों पर नजर है और उसके खिलाफ जरूरी कार्रवाई को लेकर कदम भी उठाया जा सकता है, आयोग राजनीतिक दलों के नेताओं के सवालों के जवाब नही दे पा रहा है और उल्टे राजनीतिक दलों पर सवाल उठा रहा है, आयोग को बताना चाहिए कि वह 45 दिन में मतदान के फुटेज डिलीट क्यों कर देता है।

**-गौरव गोगोई**
**सांसद कांग्रेस**

# बिहारी जी कॉरिडोर का विवाद





**विनीत नारायण**

काफी रस्साकशी के बाद वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर का कॉरिडोर बनने का रास्ता साफ हो गया। योगी सरकार ने इस मंदिर के प्रबंधन के लिए न्यास भी गठित कर दिया। जिसमें मंदिर की बागडोर अब पूरी तरह सरकार के हाथ में है। मंदिर के सेवायत गोस्वामियों के परंपरा से चले आ रहे दो समूहोंरू राजभोग सेवा अधिकारी और शयन भोग सेवा अधिकारी में से मात्र एक-एक प्रतिनिधि इस न्यास का सदस्य रहेगा। इस पूरे विवाद में वृंदावन का समाज दो भागो में बटा हुआ था। एक तरफ थे सेवायत गोस्वामी व उनके परिवार, बिहारीपुरा के बाशिंदे और आसपास के दुकानदार, जिनकी संपत्तियां प्रस्तावित कॉरिडोर के दायरे में आ रही हैं। दूसरी तरफ वृन्दावन के आम नागरिक और बाहर से आने वाले दर्शनार्थी। जहां पहला पक्ष कॉरिडोर के विरुद्ध आंदोलन करता आया है। वहीं दूसरा पक्ष कॉरिडोर का स्वागत कर रहा है।

इस विषय में बहुत से गोस्वामीगणों ने मुझसे भी संपर्क किया और इस विवाद में मेरा समर्थन मांगा। कई कारणों से मैं इस मामले में उदासीन रहा। इसकी वजह यह थी कि 2003 -2005 के बीच जब मैं इस मंदिर काअदालत द्वारा नियुक्त रिसीवर यानी, प्रशासक था तो मैंने मंदिर की अव्यवस्थाओं को सुधारने का सफल प्रयास किया था, पर गोस्वामियों का सहयोग नहीं मिला।

30 जून 2003 को मैंने बिहारी जी के मंदिर का कार्यभार संभाला और 1 अगस्त को हरियाली तीज थी। इस दिन उत्तर भारत से लाखों भक्त स्वर्ण हिंडोले में बैठे बांके बिहारी जी के दर्शन करने आने वाले थे। मंदिर के कुछ पुराने गोस्वामियों ने मुझे चुनौती दी कि मैं ए व्यवस्था नहीं संभाल पाऊंगा। ठाकुर जी पर निर्भर होकर चुनौती स्वीकार की और यह पता लगाया कि क्या- क्या समस्याएं आती हैं। सबसे बड़ी समस्या थी, बिहारी जी तक जाने वाले पांचों मार्गों से आने वाली अपार भीड़। दूसरी समस्या थी, मंदिर के प्रवेश द्वार पर जूते चप्पलों का पहाड़ बन जाना। तीसरी समस्या थी, लोगों की जेब कटना और सोने की चेन खींचना। चौथी समस्या थी, महिलाओं के साथ भीड़ का दुर्व्यवहार। मैं फौरन दिल्ली गया और छतरपुर स्थित कात्यानी देवी के मंदिर के प्रबंधक तिवारी जी से मिला। जो हर नवरात्रि पर लाखों दर्शनार्थियों की भीड़ संभालते थे। उन्होंने बताया कि एसपीजी के कुछ सेवानिवृत्त अधिकारी भीड़ प्रबंधन की एजेंसी चलाते हैं। उनसे संपर्क किया और उन्हें वृन्दावन बुलाया। मथुरा के तत्कालीन जिलाधिकारी सुधीर वास्तव और एसएसपी सतेन्द्र वीर सिंह से लगभग दो सौ सिपाही मांगे और इतने ही स्वयंसेवक अपने संगठन ब्रज रक्षक दल के बुलाए। इन चार सौ लोगों को मोदी भवन में भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशिक्षित किया। इस कार्य में मान मंदिर के युवा साधुओं का विशेष सहयोग मिला। बिपिन व्यास ने सुझाव दिया कि मंदिर आने और जाने का एक-एक ही मार्ग रखा जाए और बाकी मार्ग बंद कर दिए जाएं। इसके अलावा विद्यापीठ के चौराहे पर दस हजार टोकन के साथ जूता घर बनाया गया। जिसमें सेवा करने चांदनी चौक दिल्ली के युवा व्यापारी आए। एसपीजी के इन अधिकारियों ने मंदिर के प्रांगण से विद्यापीठ चौराहे तक पूरे मार्ग को दस सेक्टरों में बांट दिया और वॉकी-टॉकी से हर सेक्टर के दर्शनार्थीयों को क्रमानुसार आगे बढ़ाया। महिलाओं और बुजुर्गों की सहायता के लिए हमने हर सेक्टर में 'ब्रज रक्षक दल' के स्वयं सेवक तैनात किए गए।

इन सब व्यवस्थाओं का परिणाम यह हुआ कि न तो किसी की जेब कटी, न धक्का-मुक्की हुई, न चप्पल-जूते खोए, बल्कि बूढ़े और जवान सबको बड़े आराम से दर्शन हुए। इस हरियाली तीज के कई दिन बाद तक मुझे मुंबई, कलकत्ता और अन्य शहरों से परिचित भक्त परिवारों के फोन आते रहे कि जैसी व्यवस्था बिहारी जी में इस बार हुई ऐसी पहले कभी नही हुई। कहने का तात्पर्य यह है कि भीड़ कितनी भी हो दर्शन की व्यवस्था सुधारी जा सकती थी।

मंदिर प्रबंधन की दूसरी चुनौती थी चढ़ावे की राशि का ईमानदारी से आंकलन और उसे बैंक में जमा कराना। इसमें काफी गड़बड़ी की शिकायत आती थी। मंदिर की आमदनी भी बहुत कम थी। एक वरिष्ठ गोस्वामी का मुझे फोन आए की मैं हर महीने दो दान-पात्र अपने लिए अलग करवा लूं। सुनकर धक्का लगा। लेकिन इसे एक चेतावनी मानकर मैंने एक नई व्यवस्था बनाई। मंदिर के प्रांगण में जहां गुल्लकें (दानपत्र) खोली जाती थीं वहां विडियो कैमरे लगवा दिए और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बरतने के लिए वहां बिठा दिया। परिणाम यह हुआ कि पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा दानराशि गुल्लकों से निकली जिसे बैंक में जमा करा दिया गया।

बिहारी जी के मंदिर की व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से मैंने वाजपेई सरकार में केन्द्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री जगमोहन जी को वृन्दावन बुलाया। उन्होंने मेरे साथ बिहारी जी के मंदिर का विस्तृत दौरा किया और अगले ही दिन दिल्ली से एएसआई व सीपीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिका. रियों के मुझे फोन आने लगे कि, 'मंत्री जी ने हमें आदेश दिया है कि आपके जो निर्देश हों, उनके अनुसार मंदिर की व्यवस्था को सुधारने में सहयोग करें।' इससे मंदिर में हलचल मच गई। मुझे कुछ गोस्वामियों के गुमनाम फोन आए, जिन्होंने धमकी दी कि मैं मंदिर की व्यवस्था में कोई बदलाव न करूं। मैंने रमेश बाबा से पूछा कि क्या करूं? वे बोले, ब्राह्मणों के पेट पर लात मारने वाला दीर्घ काल तक 'रौरव नर्क' में फेंक दिया जाता है। तुम यह मत करो। उनका यह रुख देखकर तब मैंने इस दिशा में प्रयास करना बंद कर दिया। किन्तु मंदिर की दैनिक व्यवस्था में जितना सुधार कर सकता था किया। फिर यह सोचकर कि मुझे अपनी ऊर्जा सम्पूर्ण ब्रज के विकास पर लगानी चाहिए, एक मंदिर में उलझकर नहीं रहना चाहिए। इसलिए 22 महीने बाद 2005 में मैंने स्वत: ही बिहारी जी के मंदिर के रिसीवर पद से त्यागपत्र दे दिया। मैं ऋणी हूं बिहारी जी का, संतों का, अपने ब्रजवासी बंधुओं का व बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों का, जिन्होंने इस कार्यकाल में मेरी विनम्र सेवा को स्वीकार किया और सराहा। अगर मंदिर के सभी आदरणीय गोस्वामीगण 2003-05 में मंदिर की व्यवस्थाओं को स्थाई रूप से सुधारने के लिए निष्काम भावना से किए जा रहे मेरे ठोस प्रयासों में सहयोग करते तो कदाचित यह स्थिति न आती।

**मंदिर प्रबंधन की दूसरी चुनौती थी चढ़ावे की राशि का ईमानदारी से आंकलन और उसे बैंक में जमा कराना। इसमें काफी गड़बड़ी की शिकायत आती थी। मंदिर की आमदनी भी बहुत कम थी। एक वरिष्ठ गोस्वामी का मुझे फोन आए की मैं हर महीने दो दान-पात्र अपने लिए अलग करवा लूं। सुनकर धक्का लगा, लेकिन इसे एक चेतावनी मानकर मैंने एक नई व्यवस्था बनाई। मंदिर के प्रांगण में जहां गुल्लकें (दानपत्र) खोली जाती थीं वहां वीडियो कैमरे लगवा दिए और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता बरतने के लिए वहां बैठा दिया। परिणाम यह हुआ कि पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा दानराशि गुल्लकों से निकली जिसे बैंक में जमा करा दिया गया।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेजॉन जंगलों में बढ़ रहा पारा प्रदूषण

**वन हवा से विषैले प्रदूषकों को हटाकर सिंक के रूप में कार्य करते हैं। यदि इसी तरह कटाई होती रही तो पारा उत्सर्जन बढ़ेगा। पारा प्रदूषण एक बड़ी समस्या है क्योंकि यह वाष्पीकृत हो जाता है और हवा के माध्यम से अपने उत्सर्जन स्रोत से बहुत दूर तक जा सकता है, जिससे हवा, पानी और मिट्टी प्रदूषित होते हैं। मिट्टी पारे का प्राथमिक भंडार है, जिसमें महासागरों में पाए जाने वाले पारे की मात्रा से तीन गुना और वायुमंडल से 150 गुना अधिक पारा संग्रहित होता है। हाल के वर्षों में कोयला दहन को पीछे छोड़कर सोना खनन दुनिया के सबसे बड़े वायुजनित पारा प्रदूषण स्रोत के रूप में उभरा है। इससे प्रति वर्ष एक हजार टन पारा वातावरण में उत्सर्जित होता है। पारा पक्षियों समेत सभी प्राणियों के लिए एक गंभीर खतरा है।**



अमेजॉन के जंगल 1।7 अरब एकड़ में फैले सर्वाधिक जैव विविधता वाले उष्णकटिबंधीय वर्षावन हैं। अमेजॉन क्षेत्र में नौ देशों के क्षेत्र शामिल हैं, ब्राजील (60 प्रतिशत), पेरू (13 प्रतिशत), कोलंबिया (10 प्रतिशत) और वेनेजुएला, इक्वाडोर, बोलीविया (6 प्रतिशत), गुयाना, सूरीनाम और फ्रेंच गुयाना के हिस्से हैं। पेरू के अमेजॉन में नदी में खुदाई करके सोने का खनन होता है। खनिक सोनायुक्त तलछट में पारा मिलाते हैं, जो सोने के साथ अमलगम बना लेता है। अमलगम को उच्च तापमान पर गर्म किया जाता हैय पारा वाष्पित हो जाता है और सोना शेष बच जाता है। इस तरह वाष्पीकृत पारा अमेजॉन में पारा प्रदूषण का मुख्य कारण है।

2011 में, मात्र सोने के खनन के लिए लगभग 1400 टन पारे का उपयोग किया गया था, जो पारे की वैश्विक खपत का 24 प्रतिशत है। अधिकांश पारे का पुनर्चक्रण नहीं किया जाता है, जिससे सोना खनन पर्यावरण के लिए पारा प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत बन जाता है। पारा एक शक्तिशाली तंत्रिका-विष है जो लोगों और वन्यजीवों दोनों में तंत्रिका सम्बंधी क्षति का कारण बन सकता है। वन्यजीवों में मिथाइल मर्करी की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। 12 पक्षी प्रजातियों में कई गुना अधिक पारा पाया गया है। और तो और, 10 में से 7 ब्लैक-स्पॉटेड बेयर आई पक्षियों में पारे की मात्रा उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित करने के स्तर पर पाई गई।

विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO ने पारे को सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के शीर्ष दस रसायनों में से एक माना है। पारा प्रदूषण वन्यजीवों को खतरे में डाल रहा है, जिससे जगुआर और नदी डॉल्फिन समेत कई मछलियां खतरे में हैं। एक नए अध्ययन के अनुसार, वायुमंडल में प्रतिवर्ष मानव निर्मित पारे के उत्सर्जन का लगभग 10 प्रतिशत वैश्विक वनों की कटाई का परिणाम है। वन हवा से विषैले प्रदूषकों को हटाकर सिंक के रूप में कार्य करते हैं। यदि इसी तरह कटाई होती रही तो पारा उत्सर्जन बढ़ेगा। पारा प्रदूषण एक बड़ी समस्या है क्योंकि यह वाष्पीकृत हो जाता है और हवा के माध्यम से अपने उत्सर्जन स्रोत से बहुत दूर तक जा सकता है, जिससे हवा, पानी और मिट्टी प्रदूषित होते हैं। मिट्टी पारे का प्राथमिक भंडार है, जिसमें महासागरों में पाए जाने वाले पारे की मात्रा से तीन गुना और वायुमंडल से 150 गुना अधिक पारा संग्रहित होता है। हाल के वर्षों में कोयला दहन को पीछे छोड़कर सोना खनन दुनिया के सबसे बड़े वायुजनित पारा प्रदूषण स्रोत के रूप में उभरा है। इससे प्रति वर्ष 1000 टन पारा वातावरण में उत्सर्जित होता है। पारा पक्षियों समेत सभी प्राणियों के लिए एक गंभीर खतरा है। प्रदूषण को कम करने के लिए कदम उठाना जरूरी है। इसके लिए अमेजॉन का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है क्योंकि अमेजॉन वर्षावन पारा सिंक के रूप में विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। यह वैश्विक भूमि सिंक में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देते हैं। अमेजॉन वनों की कटाई को रोकने से पारा प्रदूषण काफी कम किया जा सकता है।

**-सुदर्शन सोलंकी**
**(स्रोत फीचर्स)**

# तकनीक और स्मृतियों का अनूठा संगम है फोटोग्राफी



फोटोग्राफी की दुनिया आज बिल्कुल बदल चुकी है। दरअसल एक जमाना था, जब लोगों को फोटो खिंचवाने के लिए फोटो स्टूडियो तक जाना पड़ता था लेकिन अब छोटे से छोटे तबके के व्यक्तियों के पास भी कैमरे वाले फोन हैं, जिनसे बड़ी आसानी से कहीं भी और कभी भी तस्वीरें खींची जा सकती हैं और उन्हें सहेजकर रखा जा सकता है। यह अलग बात है हर जेब में मोबाइल होने और हर व्यक्ति के फोटोग्राफर बन जाने के बाद भी दुनियाभर में अच्छे फोटोग्राफर कम ही हैं।

दरअसल एक अच्छा फोटो प्राप्त करने की पहली शर्त है आंखों से दिखाई देने वाले दृश्य को कैमरे की मदद से एक फ्रेम में बांधना, प्रकाश, छाया, कैमरे की स्थिति, उचित एक्सपोजर तथा उचित विषय का चुनाव करना इत्यादि। अच्छे फोटो के बारे में पेशेवर फोटोग्राफरों का कहना है कि कैमरे के फ्रेम में क्या लेना है, इससे ज्यादा किसी भी अच्छे फोटोग्राफर को इस बात का ज्ञान होना बेहद जरूरी है कि उसे फ्रेम के बाहर क्या-क्या छोड़ना है। कोई भी फोटो अच्छा क्यों होता है, इस तथ्य का सही ज्ञान ही किसी फोटोग्राफर को सामान्य से विशिष्ट बनाने के लिए पर्याप्त होता है। जब तक किसी फोटो में मानवीय संवेदनाएं नजर नहीं आएंगी, तब तक उसे बेहतर तस्वीर नहीं माना जा सकता। किसी भी फोटो में स्पष्ट दिखने वाली ऐसी ही मानवीय संवेदनाओं के कारण ही प्राय: कहा भी जाता है कि एक फोटो हजार शब्दों के बराबर होता है। इसलिए कोई भी फोटो तकनीकी रूप में कितना ही अच्छा क्यों न हो, वह तब तक सर्वमान्य नहीं हो सकता, जब तक कि वह मानवीय संवेदना को झकझोर न दे। किसी भी उत्पाद के प्रचार के लिए बनाए जाने वाले विज्ञापन को आकर्षक बनाने में भी एक अच्छे फोटोग्राफर का योगदान बहुत बड़ा होता है। फोटोग्राफी के क्षेत्र में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने, फोटोग्राफी को लेकर विचारों को एक-दूसरे के बीच साझा करने, फोटोग्राफी के क्षेत्र में आने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने तथा विश्वभर के फोटोग्राफरों को एकजुट करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है, जो इस वर्ष 'मेरी पसंदीदा तस्वीर' थीम के साथ मनाया जा रहा है। दरअसल दुनियाभर में फोटोग्राफी के शौकीन ऐसे लोगों की कमी नहीं है, जिन्होंने फोटोग्राफी को ही अपना कैरियर बना लिया है। वास्तव में फोटोग्राफी दिवस उन लोगों को समर्पित है, जिन्होंने विशेष पलों को अपने कैमरे से तस्वीरों में कैद कर उन्हें सदा के लिए यादगार बना दिया। यह दिवस इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ऐसे व्यक्तियों के कार्यों को स्मरण करने के अलावा भावी पीढ़ी को भी फोटोग्राफी में अपना कौशल दिखाने के लिए प्रेरित करता है। विश्व फोटोग्राफी दिवस की योजना की शुरुआत आस्ट्रेलियाई फोटोग्राफर कोर्स्के आरा द्वारा वर्ष 2009 में की गई थी और उसके बाद विश्व फोटोग्राफी दिवस पर 19 अगस्त 2010 को पहली वैश्विक ऑनलाइन फोटो गैलरी का आयोजन किया गया था। उस दिन दुनियाभर के 250 से भी ज्यादा फोटोग्राफरों ने अपनी खींची तस्वीरों के माध्यम से अपने विचारों को साझा किया था और 100 से भी ज्यादा देशों के लोगों ने उस ऑनलाइन फोटो गैलरी को देखा था। इसीलिए वह दिन फोटोग्राफी के शौकीनों और पेशेवर फोटोग्राफरों के लिए एक ऐतिहासिक दिन बन गया था। 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' आज से करीब 186 वर्ष पहले फोटोग्राफी को लेकर घटी एक घटना की याद में मनाया जाने लगा। दरअसल जनवरी 1839 में फ्रांस में जोसेफ नीसपोर और लुई डागुएरे ने डॉगोरोटाइप प्रक्रिया के आविष्कार की घोषणा की थी, जिसे दुनिया की पहली 'फोटोग्राफी प्रक्रिया' माना जाता है। फोटोग्राफी शब्द की उत्पत्ति ग्रीक शब्द 'फोटोज' (प्रकाश) और 'ग्राफीन' (खींचने) से मिलकर हुई है। वर्ष 1839 में वैज्ञानिक सर जॉन एफ डब्ल्यू हर्श्रेल ने पहली बार 'फोटोग्राफी' शब्द का उपयोग किया था। फ्रांसीसी वैज्ञानिक आर्गो ने 7 जनवरी 1839 को फ्रेंच अकादमी ऑफ साइंस के लिए इस पर एक प्रोसेस रिपोर्ट तैयार की और फ्रांस सरकार ने यह रिपोर्ट खरीदकर 19 अगस्त 1839 को इस आविष्कार की घोषणा करते हुए इसका पेटेंट प्राप्त कर आम लोगों के लिए इस प्रक्रिया को मुफ्त घोषित किया था। इसीलिए 'विश्व फोटोग्राफी दिवस' मनाने के लिए 19 अगस्त का दिन ही निर्धारित किया गया। अपने आविष्कार के 186 वर्षों लंबे इस सफर में फोटोग्राफी ने अनेक आयाम देखे हैं। सही मायनों में दुनियाभर की खूबसूरती को कैमरे में समेटकर उसे जब चाहें मन भरकर देखने का बेहतरीन जरिया है फोटोग्राफी। वास्तव में हमारे जीवन में फोटो ही ऐसी वस्तु हैं, जो पुरानी यादों को अपने भीतर समेटकर उन्हें बरसों तक जिंदा रखती हैं। मोबाइल कैमरे से ली जाने वाली सेल्फी का तो आज की युवा पीढ़ी पर जुनून सा छाया है लेकिन विश्व की पहली सेल्फी 186 वर्ष पूर्व अर्थात् वर्ष 1839 में ही ली गई थी और यह सेल्फी ली थी अमेरि. कन फोटोग्राफर रॉबर्ट कॉर्नेलियस ने। उन्होंने अपने कैमरे को सैट करने के बाद लेंस कैंप को हटाकर फ्रेम में चलकर फोटो ली थी, जिसे अब सेल्फी कहा जाता है। हालांकि उस समय स्वयं कॉर्नेलियस को भी नहीं पता था कि उनके द्वारा उस अंदाज में खींचा गया वह फोटा भविष्य में सेल्फी के रूप में जाना जाएगा। कॉर्नेलियस द्वारा ली गई सेल्फी वाली वह तस्वीर आज भी यूनाइटेड स्टेट लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस प्रिंट में उपलब्ध है। तकनीकी और वैज्ञानिक सफलता के इस दौर में फोटोग्राफी के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, जिनकी बदौलत अब कैमरे का एक बटन दबाने के बाद चंद पलों या मिनटों में बेहतरीन तस्वीर हमारे हाथ में होती है लेकिन तमाम तकनीकी प्रगति के बावजूद बेहतरीन क्वालिटी के प्रिंटर होने पर भी अच्छा फोटो प्राप्त करने के लिए फोटोग्राफी की कुछ बारीकियों का ज्ञान होना भी बहुत जरूरी है। वैसे फोटोग्राफी के आविष्कार ने मानव जीवन में बहुत क्रांतिकारी भूमिका निभाई है और यह इसी से समझा जा सकता है कि दुनिया के किसी भी कोने में खींचे गए चित्रों के माध्यम से अब पलभर में ही वहां के जनजीवन तथा घटनाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त हो जाती है। फोटोग्राफी का अनोखा आविष्कार न केवल दुनियाभर में लोगों को एक-दूसरे के बेहद करीब लेकर आया बल्कि इसी आविष्कार की ही बदौलत एक-दूसरे को जानने और उनकी संस्कृति को समझकर इतिहास को समृद्ध बनाने में भी बड़ी मदद मिली है।

**-योगेश कुमार गोयल**

# यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगा: ट्रम्प

## क्रीमिया भी वापस नहीं मिलेगा, अमेरिकी अधिकारी बोले: पुतिन यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने पर राजी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि यूक्रेन को सैन्य गठबंधन नाटो में शामिल नहीं किया जाएगा और न ही उसे 2014 से रूस के कब्जे वाला क्रीमिया वापस मिलेगा। ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट किया कि जेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ चल रहा युद्ध तुरंत खत्म हो सकता है। सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि जेलेंस्की लड़ाई जारी रखना चाहते हैं या शांति का रास्ता अपनाते हैं।

उन्होंने याद दिलाया कि 12 साल पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के दौर में बिना गोली चले क्रीमिया रूस को सौंप दिया गया था और यूक्रेन भी नाटो में शामिल नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं। ट्रम्प का यह बयान यूक्रेन की जमीन पर रूस के कब्जे को मान्यता देने से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन यूक्रेन को नाटो जैसी सुरक्षा गारंटी देने को तैयार हैं। एक इंटरव्यू में विटकाफ ने बताया कि 15 अगस्त को अलास्का में ट्रम्प के साथ हुई बातचीत में यूक्रेन की



- अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त हो सकते है
- 15 अगस्त को अलास्का में ट्रम्प के साथ हुई बातचीत में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर सहमति बनी: स्टीव

सुरक्षा गारंटी पर सहमति बनी। हालांकि पुतिन ने साफ किया है कि यूक्रेन को नाटो की सदस्यता देने पर रूस कभी राजी नहीं होगा। पुतिन ने इसे रेड लाइन कहा है। विटकाफ के मुताबिक प्रस्तावित डील के तहत अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन को नाटो के आर्टिकल-5 जैसी सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराएंगे। बता दें कि आर्टिकल-5 के तहत किसी एक सदस्य देश पर हमला सभी पर हमला माना जाता है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पष्ट कहा है कि अगर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की चाहें तो रूस के साथ युद्ध तुरंत समाप्त हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 2014 में रूसी संघ में शामिल हुए यूक्रेन के क्रीमिया को वापस लेने या यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की संभावना से भी इंकार किया। राष्ट्रपति ट्रम्प की ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ज़ेलेंस्की व्हाइट हाउस में उनके साथ बैठक करने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का शिखर सम्मेलन में यूक्रेन मामले पर बातचीत हुई है। यूक्रेन में शांति की जिम्मेदारी ज़ेलेंस्की पर डालते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की चाहें तो युद्ध को तुरंत समाप्त कर सकते हैं या फिर लड़ाई जारी रख सकते हैं। याद कीजिए कि इसकी शुरुआत कैसे हुई थी। ट्रंप ने क्रीमिया को वापस लेने की संभावना से भी इंकार किया। क्रीमिया 2014 में एक जनमत संग्रह के बाद रूसी संघ में शामिल हुआ था लेकिन पश्चिमी देश इसे स्वीकार नहीं करते। क्रीमिया के बारे में ट्रंप ने कहा कि 12 साल पहले पूर्व राष्ट्रपति ओबामा द्वारा दिया गया क्रीमिया वापस नहीं लिया जा सकता है। ट्रंप ने यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की संभावना से भी इनकार किया जिसकी मांग यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की वर्षों से कर रहे हैं। इससे पहले ज़ेलेंस्की वार्ता में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी पहुंचे। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि यूक्रेन यूरोपीय सहयोगियों के समर्थन से अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा गारंटी हासिल कर सकता है। उन्होंने एक्स पर लिखा मैं पहले ही वाशिंगटन पहुंच चुका हूं। कल मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलूंगा और यूरोपीय नेताओं के साथ भी बातचीत करूंगा। मैं इस निमंत्रण के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प का आभारी हूं। जेलेंस्की ओवल ऑफिस में ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे जिसके बाद ट्रम्प और प्रमुख यूरोपीय नेताओं के बीच एक व्यापक बैठक होगी।



लेबनान। इजरायल-लेबनान युद्ध विराम: एक व्यक्ति मारे गए हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की तस्वीर लेकर जश्न मनाते हुए।

## भारतीय मूल की कृशांगी ब्रिटेन की सबसे युवा सॉलिसिटर बनीं

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की लॉ ग्रेजुएट कृशांगी मेश्राम इंग्लैंड और वेल्स की सबसे कम उम्र की सालिसिटर बन गई हैं। वह 21 साल की हैं। कृशांगी पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ी और फिलहाल यूएई में रह रहीं हैं। उन्होंने 15 साल की उम्र में मिल्टन कीन्स ओपन यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई शुरू की। 18 साल में फर्स्ट क्लास आनर्स की डिग्री हासिल कर ली। कृशांगी ने कहा-मैं ओपन यूनिवर्सिटी की बहुत आभारी हूं कि उसने मुझे 15 साल की उम्र में एलएलबी की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया। अपनी पढ़ाई के दौरान ही मैंने न सिर्फ अपने कानूनी करियर की नींव रखी, बल्कि कानून के प्रति एक गहरा और स्थाई जुनून भी मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### इक्वाडोर में हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत

**क्विटो।** उत्तर-पश्चिंचमी इक्वाडोर के सैंटो डोमिंगो डे लॉस त्सचिलास प्रांत में रविवार सुबह हुई गोलीबारी में सात लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रविवार तड़के प्रांत की राजधानी सैंटो डोमिंगो में एक बिलियर्ड हॉल में काले कपड़े पहने कई बंदूकधारी पहुंचे और वहां मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी के बाद स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी।

### मनोज कुमार महापात्रा मोल्दोवा में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी और रोमानिया में भारत के राजदूत डॉ. मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा का भी राजदूत बनाया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि रोमानिया में भारत के राजदूत मनोज कुमार महापात्रा को मोल्दोवा में भी देश का राजदूत नियुक्त किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि डा. महापात्रा बुखारेस्ट में ही रहेंगे और मोल्दोवा के राजदूत की भी भूमिकास निभाएंगे।

### अलेप्पो में आत्मघाती हमलावर की मौत

**दमिश्क।** सीरिया में अलेप्पो के अल-मयसर जिले में रविवार को एक व्यक्ति ने विस्फोटक बेल्ट में विस्फोट कर खुद को उड़ा दिया। आधिकारिक समाचार एजेंसी सना ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि विस्फोट शहर के पूर्व में एक बेकरी के पास हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी भी नागरिक के हताहत होने की सूचना नहीं है। विस्फोट में मारे गये व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है और अभी तक किसी भी समूह ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। इस साल सीरिया में बम विस्फोटों की घटनाओं में काफी बढ़ोत्तरी हुई है।

### इंडोनेशिया में भूकंप से 41 लोग घायल दो की हालत गंभीर

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में आये जोरदार भूकंप में 41 लोग घायल हो गये हैं जिनमें से दो की हालत गंभीर है। मध्य सुलावेसी की क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीपीबीडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी।रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता छह मापी गई है। एजेंसी ने बताया कि भूकंप रविवार सुबह आया और इसमें सुनामी की कोई चेतावनी नहीं जारी की गई। यह देश प्रशांत महासागरीय पैसिफ़िक रिग ऑफ़ फायर के अंतर्गत आता है जो उच्च भूकंपीय क्षेत्र है।

## नाइजीरिया में नाव पलटने से 40 से ज्यादा लोग लापता

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य सोकोटो में एक नाव के पलटने से 40 से अधिक लोग लापता हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। अधिकारियों के अनुसार, कम से कम 10 लोगों को बचा लिया गया है और लापता 40 लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है।

राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) ने दुर्घटना के बाद चल रहे बचाव कार्यों में सहायता के लिए अपनी प्रतिक्रिया टीम तैनात की है। एनईएमए के अनुसार, नाव 50 से अधिक यात्रियों को लेकर गोरोन्यो बाजार जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुई। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में एनईएमए की महानिदेशक ज़ुबैदा उमर ने कहा कि एजेंसी ने यह रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी है कि गोरोन्यो बाजार

- नाव 50 से अधिक यात्रियों को लेकर गोरोन्यो बाजार जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुई: एनईएमए

में 50 से अधिक यात्रियों को ले जा रही एक नाव पलट गई है। स्थानीय अधिकारियों का मानना है कि नाव में क्षमता से अधिक लोगों के होने के कारण यह दुर्घटना हुई जो सोकोटो के नदी में बार-बार होने वाला सुरक्षा मुद्दा है जहां नावों में अक्सर क्षमता से अधिक लोग सवार होते हैं। सोकोटो राज्य में यह पहली ऐसी घटना नहीं है। अगस्त 2024 में नदी पार करते समय नाव पलट जाने से 16 किसानों की मौत हो गई थी। एनईएमए स्थानीय प्राधिकारियों के सहयोग से अपने खोज एवं बचाव अभियान जारी रखा हुआ है।

## रूस-मंगोलिया सैन्य अभ्यास साइबेरिया में शुरू

**उलान-उडे।** रूस-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास सेलेंगा 2025 सोमवार को पूर्वी साइबेरियाई क्षेत्र बुरातिया के बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में एक कार्यक्रम के साथ शुरु हुआ। एक आधिकारिक बयान में कहा गया बुरतिया गणराज्य में पूर्वी सैन्य जिले के बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में संयुक्त रूसी-मंगोलियाई सैन्य अभ्यास सेलेंगा 2025 का शुभारंभ हुआ। रूस के सामरिक समूह के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल रविल तुकाएव और मंगोलियाई सामरिक समूह के कमांडर मेजर सुउर दावागाम्बो ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। बुरातिया के गवर्नर एलेक्सी त्सिडेनोव भी समारोह में शामिल हुए। रूसी लेफ्टिनेंट जनरल मिखाइल नोसुलेव ने कहा आज, रूसी-मंगोलियाई सैन्य अभ्यास, सेलेंगा 2025, बुरदुनी प्रशिक्षण मैदान में शुरू हो रहा है।

# गाजा में इजरायली हमले में 42 लोगों की मौत

## इजरायल ने विस्थापित लोगों के लिए बने तंबू पर बरसाई गोलियां

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना द्वारा किए गए हमलों में रविवार को 42 फलस्तीनी मारे गए। यह जानकारी गाजा के नागरिक सुरक्षा ने दी। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने शिन्हुआ से कहा कि गाजा शहर में बैपटिस्ट अस्पताल के पास इजरायली गोलाबारी में सात लोग मारे गए और शहर के दक्षिण-पूर्व में स्थित जितून में एक घर पर इजरायली गोलाबारी में एक व्यक्ति मारा गया। प्रवक्ता ने कहा कि खान यूनिस के पश्चिम में विस्थापित लोगों के लिए बने एक तंबू पर इजरायली हवाई हमले में चार लोग मारे गए। बसल के अनुसार, खान यूनिस के विभिन्न क्षेत्रों में इजरायली हवाई हमलों में 12 फलस्तीनी मारे गए जबकि मध्य गाजा पट्टी के डेर अल-बलाह शहर में दो अलग-अलग हवाई हमलों में



- **2023** में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक गाजा में **61944** लोग मारे गए हैं और कुल **155886** लोग घायल हुए
- पिछले **24** घंटे में गाजा के अस्पताल में भुखमरी और कुपोषण से सात मौतें हुई हैं, जिसमें दो बच्चे भी शामिल हैं

तीन लोग मारे गए। प्रवक्ता ने कहा कि मध्य और दक्षिणी गाजा पट्टी में सहायता का इंतज़ार कर 15 फलस्तीनी इज़रायली सेना की गोलीबारी में मारे गए। इन घटनाओं पर इज़रायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। रविवार को गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 18 मार्च को इजरायल द्वारा अपने सैन्य अभियान को फिर से शुरू करने के बाद से कम से कम 10,400 फलस्तीनी मारे गए हैं और 43,845 घायल हुए हैं जबकि अक्टूबर 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक गाजा में 61,944 लोग मारे गए है और कुल 155,886 लोग घायल हुए हैं। इस बीच, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा के अस्पतालों में भुखमरी और कुपोषण से सात मौतें हुई हैं जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 तक भुखमरी और कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या 258 हो गई है जिनमें 110 बच्चे शामिल हैं।

# पाक में बाढ़ से तबाही, अब तक 1000 से ज्यादा की मौत

## आधिकारिक आंकड़े केवल अस्पतालों में लाए गए शवों पर आधारित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। बाढ़ की वजह से 1000 से ज्यादा लोगों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है। प्रधानमंत्री के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) मामलों के सूचना समन्वयक इख्तियार वली खान ने हालात पर गंभीर चिंता जताई है।

उन्होंने दावा किया कि खैबर पख्तूनख्वा में हाल ही में आई अचानक आई बाढ़ में लगभग 1,000 लोगों की मौत होने की आशंका है। वली ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया है। बड़े पैमाने पर तबाही देखी है। उन्होंने कहा कि पूरे गांव बर्बाद हो गए हैं। बुनेर के चघरजी इलाके में भारी तबाही हुई है। बशोनी गांव पूरी तरह से नक्शे से गायब हो गया है। बाढ़ के पानी में बहकर आए कुछ पत्थर ट्रकों से भी बड़े थे। नदी किनारे बसे घर गायब हैं। पूरे के पूरे परिवार बह गए हैं। किसी की कोई खोज खबर नहीं है। उन्होंने खुलासा किया कि आधिकारिक आंकड़े केवल अस्पतालों में लाए गए शवों पर आधारित हैं। अब तक लगभग 600 से ज्यादा शव बरामद



मौतें मूसलाधार मानसूनी बारिश अचानक आई बाढ़ और संबंधित आपदाओं के कारण हुई: एनडीएमए

हुए हैं। हालांकि, कई और हताहतों की सूचना अभी तक नहीं मिली है। उन्होंने आंशका जताई कि अकेले दीर में ही मौतों की संख्या 1,000 से ज्यादा हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार एक हजार से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, 26 जून से अब तक पूरे पाकिस्तान में बारिश से संबंधित घटनाओं में 392 पुरुषों सहित कम से कम 657 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 929 अन्य घायल हुए हैं। कुल मृतकों में 171 बच्चे और 94 महिलाएं थीं। घायलों में 437 पुरुष, 256 बच्चे और 236 महिलाएं हैं। एनडीएमए ने बताया कि मौतें मूसलाधार मानसूनी बारिश, अचानक आई बाढ़ और संबंधित आपदाओं के कारण हुईं। उसने यह भी कहा कि वह सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के लिए प्रांतीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जहां 390 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 288 पुरुष, 59 बच्चे और 43 महिलाएं शामिल हैं। केपी में 245 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें 161 पुरुष, 45 बच्चे और 39 महिलाएं शामिल हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बाढ़ के कारण हुई दुखद मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया है। महासचिव ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता जताई।

# भारत चमकती मर्सिडीज, पाक डंपर ट्रक

## पाक मंत्री बोले: अगर ये दोनों टकराए, तो नुकसान किसका होगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर की तरह भारत को चमकती मर्सिडीज बताया है। दरअसल, 11 अगस्त को अमेरिका दौरे पर पहुंचे मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंपर ट्रक कहा था। उन्होंने कहा: अगर ट्रक कार से टकराएगा, तो नुकसान किसका होगा।

भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान मुनीर के नेतृत्व की सराहना करते हुए नकवी ने कहा कि आर्मी चीफ ने जंग के दौरान मई में पाकिस्तान का दौरा करने वाले सऊदी डेलिगेशन के सामने पाकिस्तान की ताकत का बखान करने के लिए इसी उदाहरण का इस्तेमाल किया था। साथ ही नकवी ने दावा किया कि संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 जेट को मार गिराया था। उन्होंने कहा कि उनके पास इसकी वीडियो फुटेज



भारत के छह जेट गिराने का दावा किया

भी है, लेकिन उन्होंने कोई सबूत पेश नहीं किया। नकवी ने यह भी कहा कि हमें पहले से पता था कि भारत क्या योजना बना रहा है और कौन से विमान इस्तेमाल करेगा। नकवी ने दावा किया कि भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौरान भारत का कोई भी मिसाइल पाकिस्तान के किसी बड़े सैन्य अड्डे पर नहीं गिरा। नकवी ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के एक तेल डिपो को तबाह कर दिया। हालांकि, पाकिस्तान ने अभी तक कोई वीडियो या ठोस सबूत सार्वजनिक नहीं किया है। भारतीय वायुसेना के एयर मार्शल एके भारती ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा था कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर चुनिंदा सैन्य ठिकानों पर सटीक और संतुलित हमले किए। भारत ने इन दावों को पहले ही खारिज कर चुका है। सिंगापुर में 31 मई को भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के दावों को पूरी तरह गलत बताया था। भारत ने मैक्सार टेक्नोलाजी की हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरों से बता चुका है कि पाकिस्तान के कई हवाई अड्डों पर हमले किए गए, जिसमें रनवे, हैंगर और इमारतों को भारी नुकसान हुआ।

## मिस्री ने नेपाल के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** नेपाल की दो दिन की यात्रा पर गये विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने वहां के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और विदेश मंत्री डॉ. आरज़ू राणा देउबा से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि मिस्री राय के निमंत्रण पर रविवार को काठमांडू पहुंचे थे। मिस्री ने नेपाल के शीर्ष नेतृत्व को दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति से अवगत कराया। विदेश सचिव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से केपी शर्मा ओली को पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथियों पर भारत आने का औपचारिक निमंत्रण सौंपा। दोनों विदेश सचिवों ने व्यापक चर्चा के दौरान विभिन्न द्विपक्षीय पहलों में हुई प्रगति की समीक्षा की और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की जिसमें संभावित परिणाम भी शामिल थे जो प्रधानमंत्री ओली की आगामी भारत यात्रा के एजेंडे का हिस्सा बन सकते हैं।

# रूस से तेल खरीदने वाले चीन पर टैरिफ क्यों नहीं लगा

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताई चौंकाने वाली वजह: चीन रूसी तेल को रिफाइन करके उसे यूरोपीय देशों को बेच रहा

**वाशिंगटन।** रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बीते दिनों भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया था, जिसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। वहीं चीन को छूट दी गई है।

अब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने इसकी वजह का खुलासा किया है। मार्को रूबियो ने बताया कि चीन, रूसी तेल को रिफाइन करके उसे यूरोपीय देशों को बेच रहा है। एक इंटरव्यू के दौरान मार्को रूबियो से पूछा गया कि ट्रम्प प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने के लिए चीन को टैरिफ से छूट क्यों दी है, जबकि भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया



**अगर हम चीन पर प्रतिबंध लगाते हैं, तो इससे वैश्विक तेल कीमतों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा**

है? इस पर रूबियो ने चौंकाने वाला जवाब दिया। रूबियो ने कहा कि अगर आप देखें तो चीन जो कच्चा तेल रूस से खरीद रहा है, वो उसे रिफाइन करके वापस यूरोपीय देशों को बेच रहा है। रूबियो ने कहा अगर हम चीन पर प्रतिबंध लगाते हैं तो इससे वैश्विक तेल कीमतों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा और तेल की कीमतें पूरी दुनिया में बढ़ सकती हैं। रूबियो ने कहा कि चीन पर संभावित प्रतिबंध को लेकर यूरोपीय देशों ने भी निराशा जाहिर की है। मार्को रूबियो ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिका हर दिन भारत और पाकिस्तान के बीच हालात पर नजर रख रहा है, क्योंकि दोनों देशों के बीच हुआ संघर्षविराम कभी भी टूट सकता है। उन्होंने कहा कि युद्धविराम तभी संभव होता है जब दोनों पक्ष रुकने पर सहमत हों, लेकिन उसे बनाए रखना बेहद मुश्किल होता है।

### रूस: उत्पादन संयंत्र में लगी आग, 20 की मौत, 134 घायल

**मॉस्को।** मध्य रूस में रियाज़ान ओब्लास्ट के शिलोव्स्की जिले में एक उत्पादन संयंत्र में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई जबकि 134 अन्य घायल हो गए हैं। क्षेत्रीय परिचालन मुख्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक बयान के मुताबिक मॉस्को समयानुसार सुबह 7:00 बजे (04:00 जीएमटी) तक आग में झुलसने के कारण 20 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी थी। घायलों में से 31 का रियाज़ान और मॉस्को के अस्पतालों में इलाज चल रहा है जबकि 103 अन्य का बाह्य रोग उपचार चल रहा है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108